

सूर्योदय प्रातः 6:19 | सूर्यास्त संध्या 5:46 | पखवाड़ा फाल्गुन कृ. षष्ठी, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 28° न्यूनतम 14°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, मंगलवार, 18 फरवरी 2025, वर्ष : 16, अंक : 09, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter



झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

## नियुक्तियों का बढ़ता कारवां...

नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत विभिन्न पदों पर कुल

## 289 अभ्यर्थियों का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

राजस्व निरीक्षक | विधि सहायक | सेनेटरी सुपरवाईजर | सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर

गार्डेन अधीक्षक | वेटरनरी ऑफिसर पदों पर नियुक्तियाँ

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री राधा कृष्ण किशोर**

माननीय मंत्री, वित्त विभाग, वाणिज्य-कर विभाग, योजना एवं विकास विभाग, संसदीय कार्य विभाग

**श्री संजय प्रसाद यादव**

माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, उद्योग विभाग

**श्री सुदिव्य कुमार**

माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग

## छात्रोपयोगी वेब पोर्टल्स का अनावरण

तथा रांची विज्ञान केंद्र, रांची के नव प्रवर्तन केंद्र का शुभारंभ समारोह एवं झारखण्ड अनुसंधान एवं नवाचार नीति-2025 हेतु राज्य स्तरीय कार्यशाला

दिनांक : 18 फरवरी 2025 | स्थान : प्रोजेक्ट भवन सभागार, धुर्वा, रांची

PR- 346635 (IPRD) 24-25

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार



## एक झलक

### भुरकुंडा के समाजसेवी शिव नरेश पांडेय का हुआ निधन

**रामगढ़ :** भुरकुंडा के समाजसेवी शिवनरेश पांडेय का निधन रविवार की रात तकरीबन 09:30 बजे हो गया। वे 94 वर्ष के थे और एक अरसे से बिमार चल रहे थे। उनके निधन से भुरकुंडा सहित आसपास के क्षेत्र में शोक का माहौल है। सोमवार की सुबह से हुरूंगढा स्थित उनके आवास पर शोक संतप्त लोगों का आना-जाना लगा रहा। दोपहर 12.00 बजे उनकी अंतिम यात्रा निकली गई। जिसमे बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। गिद्दी दामोदर नदी घाट पर उनका दाह संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र बबन पांडेय ने दी। वहीं ए'ला एग्लाइज विद्यालय में शोक सभा कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। बताते चले कि स्व. शिव नरेश पांडेय सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मी थे। साथ ही वे ए'ला एग्लाइज विद्यालय समिति सदस्य भी थे। वे लंबे समय तक जनसंघ से भी जुड़ रहे थे। सामाजिक कार्यों में भी उनकी उल्लेखनीय भागीदारी रही है। अंतिम यात्रा में प्रहलाद पांडेय, योगेंद्र पाठक, विनय सिंह चौहान, मुन्ना ओझा, गिरधारी गोप शंकर विश्वकर्मा, संतोष मिश्रा, रॉबिन मुखर्जी, महेंद्र सोनी, डब्लू पांडेय, अशोक कुमार, श्याम किशोर पांडेय, पवन कुमार, रविंद्र कुमार, धनंजय शुक्ला, आरपी खान, प्रेम कुमार साहू, भुवनेश्वर साहू, उदय सिंह, सुरेंद्र यादव, भोला खान, अजय साहू, संतोष कुमार, पुलेंद्र सिंह, दर्शन गंजू, नितेश ओझा, विद्या ओझा, पारीक कुमार, राजकिशोर पांडेय, सतीश मोहन मिश्रा, अनिल दुबे, मनोज राम, अनिल पासवान, प्रदीप मांझी सहित कई शामिल रहे।

### तीन दिवसीय गन्ना प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**बुढ़मू :** राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत गोल्वाल्कर एग्रोटेक प्रोइयुगर कंपनी द्वारा सामुदायिक भवन नवाटोली सिदरोल में सोमवार को तीन दिवसीय गन्ना प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। समापन कार्यक्रम में मुखिया अनूपा उरांव व अन्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनूपा उरांव ने कहा कि प्रशिक्षण लेने के बाद ग्रामीण उन्नत तकनीक से गन्ना की खेती करेंगे और इससे पारिवारिक आय में बढ़ोतरी होगी. प्रशिक्षण सम्पन्न होने के बाद कार्यालय सहायक निदेशक गन्ना विकास पदाधिकारी व मुखिया द्वारा प्रशिक्षण लेने वालों को प्रमाण पत्र, बैग और कटर दिया गया। मौके पर सीपी सिंह, प्रदीप कुमार सरकार, अनिता खलखो, कजरू महतो, राजू महतो सहित अन्य मौजूद थे।

### चलती बाइक से गिर कर वृद्ध महिला घायल, रिम्स रेफर

**बेड़ो :** थाना क्षेत्र के बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर करांजी पुल के समीप सोमवार की शाम लगभग पांच बजे चलती बाइक से एक 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे ग्रामीणों ने उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रबेड़ो पहुंचाया। जहां डा भावना ने लोहरदगा निवासी 60 वर्षीया महिला बिंदिया देवी पति प्रकाश ठाकुर का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। सड़क दुर्घटना के बाद घायल वृद्ध महिला के बेटे आशीष ठाकुर ने बताया कि वे अपनी मां के साथ बाइक से लोहरदगा अपनी बहन के ससुराल कर्रा के गोविंदपुर गांव जा रहे थे। इसी दौरान करांजी पुल के समीप मेरी मां चलती हुई बाइक से नीचे गिर गई जिससे उन्हें गम्भीर चोटे आयी है।

### अफीम की खेती करनेवाले दो व्यक्ति भेजे गये जेल

**बुंडू :** बुंडू थाना पुलिस ने अवैध अफीम की खेती करने के आरोप में हेठ कांची ग्राम निवासी लालबाबू सिंह मुंडा उर्फ ढोकेश्वर मुंडा पिता- स्वा० शम्भुनाथ मुंडा एवं लक्ष्मण सिंह मुंडा पिता- स्व. शशदर सिंह मुंडा उर्फ सशोधर पातर दोनों ग्राम हेठकांची थाना-बुंडू जिला- रांची को रविवार को गिरफ्तार कर आज न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। उल्लेखनीय है कि गत 4 फरवरी को वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर कांची एवं हेठ कांची में खेती की गई अफीम की फसल को अंचलाधिकारी हंस हेमरॉम के नेतृत्व में विशेष अभियान चला कर नष्ट की गयी थी।

## बिरसा कॉलेज खूंटी के मुंडारी विभाग में शिक्षक-छात्र-अभिभावक की वार्षिक बैठक

# विद्यार्थियों के विकास में अभिभावकों के सुझाव जरूरी : प्रो. जेके किड़ो

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** बिरसा कॉलेज खूंटी के मुंडारी विभाग में शिक्षक छात्र अभिभावक वार्षिक बैठक सोमवार को संपन्न हुई। इस अवसर पर बीए और एमए के विद्यार्थी और उनके अभिभावकों के साथ बिरसा कॉलेज खूंटी की प्राचार्या जीके किड़ोम तथा मुंडारी विभाग के शिक्षक उपस्थित थे। इस अवसर पर सर्वप्रथम बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं पारंपरिक तरीके से नृत्य संगीत के साथ अभिभावकों का स्वागत किया गया। अभिभावकों को विद्यार्थियों द्वारा चंदन के टीके लगाए गए। तत्पश्चात उन्हें सम्मानपूर्वक मल्टीपरपज हॉल में बैठाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अभिभावकों के स्वागत में विद्यार्थियों द्वारा गोवारी दुरंग एवं स्वागत गीत गाए गए।

अभिभावकों का स्वागत करते हुए विभाग की अध्यक्ष सहायक प्राध्यापिका सावित्री कुमारी ने कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों के शैक्षणिक गतिविधियों को जानने के लिए समय-समय पर कॉलेज आने की जरूरत है। कॉलेज की प्राभारी प्राचार्या जीके किड़ो ने अभिभावक मीटिंग की सराहना करते हुए कहा कि



विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों के सुझाव की भी जरूरत है। कॉलेज की गतिविधियों की जानकारी अभिभावकों को होनी चाहिए। इस कार्यक्रम को इसी कड़ी से जोड़कर देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी परंपरा भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन में अपना योगदान देने की जरूरत है। अभिभावकों को अपनी पीढ़ी को इसे हस्तांतरित करनी चाहिए। प्राचार्या ने अभिभावकों से कहा कि अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए खेती के साथ-साथ दूसरे कृषि से संबंधित व्यवसाय को भी अपनाने की जरूरत है। मुंडारी विभाग के सहायक प्राध्यापिका इंदिरा कोनगाड़ी ने नई शिक्षा नीति और पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सहायक प्रोफेसर काली मुंडू ने शिक्षा और रोजगार पर प्रकाश डाला। सहायक प्रोफेसर वासुदेव हास्सा और नागपुरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ कॉर्नेलियुस मिंज ने भी अपने विचार रखें। अभिभावकों में साहू हांसदा गाबोर मुंडू एवं एस. एस. स्कूल की भूतपूर्व प्रधानाध्यापिका रानी टूटी ने भी अपने विचार रखें। इस कार्यक्रम में नागपुरी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. अंजूलता कुमारी, सुनीता टोप्पो और मुण्डारी विभाग के सैकड़ो विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सिजरेन सुरीन ने किया।

## डहू विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी व क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** प्रखंड के डहू विधालय में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान व नवाचार कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी व क्यूज



प्रतियोगिता का आयोजन राज्यकिय मध्य विद्यालय डहू में किया गया प्रतियोगिता में ओरमाझी प्रखंड के आठ संकुल संसाधन केंद्र से प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान पर खुशी होरो व वीना कुमारी जो उच्च विद्यालय पिस्का दितीय स्थान पर बादल पहान व अनामिका कुमारी कुच्चू मध्य विद्यालय क्यूज प्रतियोगिता में प्रथम पर शिवानी कुमारी व पुतिन लकड़ा राजकिय मध्य विद्यालय पालु द्वितीय स्थान पर बेबी कुमारी व अनिशा प्रविन राजकिय मध्य विद्यालय पाहन टोली इससे पूर्व विज्ञान प्रदर्शनी व क्यूज प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डली का गठन किया गया जिसमें अविनाश कुमार मनीता धवन सुनिता सिंह सीमा रानी गुप्ता ने प्रतिभागियों का चयन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इसकी अध्यक्षता रीना यादव प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी व संचालन तनवीर हसन धन्यवाद ज्ञापन नौशाद अंसारी ने किया।

## खूंटी जिला कांग्रेस वर्किंग प्रेसिडेंट से रामगढ़ प्रशासन ने खाली कराया सर्किट हाउस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड में कांग्रेस अभी सत्ता में है और सत्ता का नशा पार्टी नेताओं पर चढ़ा हुआ है। इसका उदाहरण रामगढ़ सर्किट हाउस में देखने को मिला। कांग्रेसी नेताओं के द्वारा शराब के नशे में कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। नशे में धुत नेताओं ने गाली गलौज तक कर डाली। इसके बाद सर्किट हाउस में रुके हुए खूंटी जिला कांग्रेस के वर्किंग प्रेसिडेंट अरुण सांगा से सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने जबरन रूम खाली करवा दिया।

**17 दिनों से रूम नम्बर 8 में रुके हुए थे अरुण सांगा**

**जानकारी** के अनुसार यूथ कांग्रेस के खूंटी जिला वर्किंग प्रेसिडेंट 1 फरवरी को रामगढ़ पहुंचे थे यहां उन्होंने पहले दो दिनों के लिए सर्किट हाउस का कमरा बुक करवाया। इसके लिए बाकायदा एक



वरीय नेता से फोन भी करवाया था। लेकिन वे 17 दिनों तक रूम नंबर 8 में रुके रहे। इस दौरान उनसे मिलने कई लोग कमरे में पहुंचे। कुछ लोग तो रात 2:00 बजे तक भी सर्किट हाउस में घुसे थे। इस दौरान नशे में धुत नेताओं ने कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार भी किया।

**नेता की हरकत से परेशान अधिकारी डीसी से मिले**

**कांग्रेसी** नेताओं के इस हरकत से नजारत उप समाहर्ता भी परेशान हो गए। सोमवार को एनडीसी अन्य अधिकारियों के साथ डीसी से मिले और पूरे वाकए को सामने रखा। इसके बाद कई अधिकारी सर्किट हाउस पहुंचे और अरुण सांगा को रूम खाली करने को कहा।

**रांची जाने के दौरान अधिकारियों का आया फोन : अरुण सांगा**

**कांग्रेसी** नेता अरुण सांगा ने बताया कि सोमवार को वह अपने एक पार्टी कार्यकर्ता के साथ उन्हीं की गाड़ी में रांची कल्याण मंत्रालय के लिए निकले थे। कोठार ओवर ब्रिज के पास ही जब अधिकारियों का फोन आया, तो वह दोबारा सर्किट हाउस पहुंचे। वहां उनसे कमरा खाली करने का आग्रह किया गया। साथ ही उस व्यक्ति के बारे में भी पूछताछ की गई, जिसके द्वारा कर्मचारियों के साथ नशे की हालत में अभद्र व्यवहार किया गया था। उन्होंने बताया कि प्रदेश महासचिव धीरेंद्र सिंह के साथ सर्किट हाउस के कर्मचारियों ने गलत व्यवहार किया था जिसको लेकर तू-तू-मैं-मैं हुई थी।

## कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा ने शिलान्यास कार्यक्रम में लिया भाग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू :** कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा ने 17 फरवरी 2025 सोमवार को बुढ़मू प्रखंड के मक्का के बांध गढ़ा में एक शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने मुख्य पथ से नसरुद्दीन अंसारी के घर तक जाने वाली सड़क का शिलान्यास किया, जिसका निर्माण विधायक मद से किया जाएगा। इस अवसर पर, विधायक सुरेश कुमार बैठा ने कहा कि वे अधिक से अधिक विधायक मद का उपयोग विकास कार्यों में करेंगे और कांके विधानसभा का कायाकल्प होगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह सड़क निर्माण कार्य क्षेत्र के लोगों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा और उनकी सुविधा के लिए काम करेगा। कार्यक्रम में कांग्रेस के



वरिष्ठ नेता सदन कुमार साहू, मोहित खान, विधायक प्रतिनिधि बबलू उरांव, विधायक प्रतिनिधि खलारी मोनू रजक, मंडल अध्यक्ष तस्लीम अंसारी, राजेंद्र यादव, सरवर आलम, मिंटू सिंह,सजिबूल अंसारी, आफिज अंसारी और अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## माही गैराज बेड़ो से चोरी की दो बाइक व पार्ट्स बरामद, एक गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** शहरी क्षेत्रों से बड़े पैमाने पर अलग-अलग स्थानों से बाइक चोरी कर बाइक का स्पेयर पार्ट्स निकाल कर खरीद-बिक्री करने की सूचना पर लालपुर थाना पुलिस ने बेड़ो थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान के नेतृत्व में बेड़ो देवी मंडप के समीप से माही बाइक वर्कशॉप में छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान पुलिस ने चोरी की दो बाइक व स्पेयर पार्ट्स बरामद किया है। साथ ही वर्कशॉप के संचालक मांडर बंझिला निवासी इश्तियाक अंसारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को इस बात की सूचना गुप्त रूप से मिली जिसके बाद टीम का गठन कर छापेमारी की गयी। वहीं गैराज से दो चोरी की बाइक व स्पेयर पार्ट्स बरामद की गयी है। मिली जानकारी के अनुसार बाइक चोर गिरोह शहरी क्षेत्र से बाइक की चोरी कर ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी के बाइक को अलग-अलग स्पेयर पार्ट्स बनाकर बेच देते हैं। इधर बेड़ो पुलिस ने चोरी के दो बाइक के साथ चोरी हुई बाइक के स्पेयर पार्ट्स को भी बरामद किया है।

## अफीम की अवैध खेती के खिलाफ प्रशासन ने चलाया अभियान



**खूंटी :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निदेर्शानुसार सोमवार को खूंटी के जमडी, अड़की के बगडी समेत अन्य प्रखंड में जिला प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया। इस अभियान के दौरान ट्रैक्टर और अन्य संसाधनों की मदद से बड़ी मात्रा में अवैध फसल नष्ट की गई। इस कार्रवाई में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन द्वारा स्थानीय लोगों को अवैध अफीम की खेती से होने वाले कानूनी और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा उन्हें वैकल्पिक और लाभकारी खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध अफीम की खेती किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पारम्परिक खेती को कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग में बदलने की हो रही साजिश : हीरा गोप

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कामरेड हीरा गोप ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि झारखंड राज्य परिषद की बैठक में कृषि, किसान, सिंचाई, पर्यावरण, जल जंगल जमीन वन अधिकार कानून 2006 विस्थापन सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई और इसे लेकर मुखर होने का निर्णय लिया गया है। कहा कि केंद्र सरकार की नयू पॉलिसी फ्रेमवर्क आफ एग्रीकल्चर मार्केटिंग यह स्कीम पूर्व के तीन कृषि कानून की तरह है। यह पूरी तरह से किसान और कृषि के विरोध में है सारे प्रावधान तीन कृषि कानून की तरह ही है। केंद्र सरकार साजिश करके एग्रीकल्चर



मार्केटिंग में निजी कंपनियों को घुसाने की साजिश कर रही है! खेती को कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग में बदलने की साजिश की जा रही है। इस स्कीम के तहत कंपनी जो कहेगी वही फसल उगाना होगा। तीन कृषि कानून की तरह इसका भी विरोध किया जाएगा। अखिल भारतीय किसान महासभा की राज्य परिषद की बैठक में हजारीबाग के बड़कागांव कोल प्रोजेक्ट के विषय में भी चर्चा हुई है। कोल प्रोजेक्ट को लेकर एक बड़ा एक बड़ा आंदोलन अप्रैल महीने में हजारों की संख्या में हजारीबाग से बड़कागांव पैदल मार्च करने का निर्णय लिया है। पैदल मार्च के गोंदलपुरा पहुंचने पर बड़ी रैली की जाएगी। बड़कागांव में कोल प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी अडानी को दी गई है।

## चितरपुर महाविद्यालय की प्राचार्या व व्याख्याताओं ने नवनियुक्त विश्वविद्यालय प्रतिनिधि से की भेंट



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चितरपुर (रामगढ़) :** चितरपुर महाविद्यालय चितरपुर की प्राचार्या डॉ. संज्ञा एवं महाविद्यालय के व्याख्याताओं ने महाविद्यालय की नवनियुक्त विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के रूप में रामगढ़ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रत्ना पांडेय से भेंट कर उन्हें बधाई दी। डॉ. संज्ञा ने पौधा देकर सम्मानित किया। यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। डॉ. रत्ना पांडेय ने कहा कि मैं चितरपुर महाविद्यालय की विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के रूप में हर तरह से चितरपुर महाविद्यालय के साथ हूं। मौके पर चितरपुर महाविद्यालय के प्रो. ज्योति कुमारी, प्रो. रेवालाल पटेल, प्रो. ताराशंकर अग्रवाल, प्रो. उत्तम कुमार उपस्थित थे।

## राहे पुलिस की लापरवाही

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

- हाई कोर्ट के आदेश पर 02 वर्ष बाद घटना के मामले में प्राथमिक दर्ज की
- पीड़ित परिवार न्याय के लिए अब भी दर-दर खा रहा ठोकरें

**बूंडू :** बुंडू अनुमंडल अंतर्गत राहे थाना क्षेत्र के राहे गांव निवासी झालो देवी पति अशोक तेली का परिवार राहे थाना पुलिस की मनमानी और लापरवाही के कारण दर-दर न्याय के लिए ठोकरें खा रही है। झालो देवी के साथ 28 अक्टूबर 2022 को दोपहर 2:00 बजे लगभग दबंगई से घर में प्रवेश और जानलेवा हमला कर पूरे परिवार को घसीट कर घर से निकाल कर पूरे मकान को कब्जा करने के मामले को लेकर राहे थाना में मामले की प्राथमिकी दर्ज करने अभियुक्तों के विरुद्ध आवेदन दिया था, परंतु पुलिस ने प्राथमिक दर्ज नहीं की और न ही किसी तरह का कार्रवाई किया। न्याय के आस में निराश होकर पीड़ित परिवार के झालो देवी ने उच्च न्यायालय झारखंड रांची में क्रिमिनल रिट केस नंबर डब्लू पी क्रिमिनल वाद 441/2023 के तहत दायर किया।इसके आलोक में दिनांक 16 सितंबर 2023 को उच्च न्यायालय के आदेश पर 07 अभियुक्त कमलाकांत महतो, देवेंद्र महतो, रविंद्र महतो,पिता स्व हलधर महतो निखिलेश चटर्जी, मनोज चटर्जी,पिता बैद्यनाथ चटर्जी, शुदू बैठा पिता तिलका बैठा के विरुद्ध राहे थाना में 24 अगस्त 2024 को राहे थाना कांड संख्या 29 /2024 ई को प्राथमिक दर्ज कराया,परंतु अभी तक अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करने में उदासीन बनी हुई है, पीड़िता झालो देवी के परिवार का मकान अभियुक्त के कब्जे में है। उनके पारिवारिक सारे सामान भी अभियुक्त के कब्जे में ही है। इसके बाद पीड़ित झालो देवी ने फिर से उच्च न्यायालय झारखंड में कंटेंट केस नंबर 02 /2024 को दायर किया जिसकी आलोक में 9 जनवरी 2025 को जारी आदेश में पुलिस महानिदेशक को नाम दर्ज अभियुक्त के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश जारी किया है। उच्च न्यायालय झारखंड के आदेश के आलोक में वरीय पुलिस अधीक्षक रांची ने केस के अनुसंधानकर्ता पुलिस अवर निरीक्षक रामरेखा पासवान पर बरीया पुलिस अधीक्षक रांची ने विभागीय कार्रवाई के लिए आदेश जारी किया है।

## विद्यासागर स्कूल में फूड फेस्टिवल का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** विद्यासागर स्कूल में सोमवार को खाद्य सामग्री विषयों के प्रति रूचि बढ़ाने के उद्देश्य से फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। शिक्षिका निशा वर्मा की अगुवाई में आयोजित मेले में विद्यार्थियों ने शिक्षक व शिक्षिकाओं की सहायता से मड़ुआ का लड्डू व अरसा, छिलका रोटी, पत्ता रोटी, पकौड़ी, धुसका, कप केक, चिप्स चार्ट, कचरी, पास्ता, वेज मंचूरियन, मोमो, लिट्टी चोखा, चाय तथा क्रीम ब्रेड मलाई, स्वीट कॉर्न मसाला सहित कई पारंपरिक एवं नए प्रकार के व्यंजन बनाए। इस फूड फेस्टिवल में ग्राहक के रूप में अभिभावकों ने जमकर खरीदारी की एवं विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनंद उठाया। वहीं अभिभावकों ने फूड फेस्टिवल की सराहना की। मौके पर निदेशक ललन सिंह ने कहा कि इस



विद्यालय में फूड फेस्टिवल का आयोजन पहली बार हुआ है। उन्होंने कहा ऐसे आयोजनों से बच्चों में पाक कला के गुण का विकास होता है एवं बच्चे माता-पिता के भोजन बनाने एवं व्यापार करने की स्थिति को समझते हैं।

## दुलमी प्रखंड में प्रखंड स्तरीय समीक्षात्मक बैठक हुई सम्पन्न

# पारदर्शिता और तत्परता सुनिश्चित की जाये : सुधीर मंगलेश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुलमी (रामगढ़) :** दुलमी पंचायत सचिवालय, उसरा में प्रखंड स्तरीय समीक्षात्मक बैठक का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी, दुलमी ने की, जिसमें दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद सदस्य प्रीति दीवान, उप प्रमुख, सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे। बैठक में सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा विकास कार्यों में



आ रही विभिन्न समस्याओं एवं उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही पंचायती राज व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने एवं ग्रामीण विकास योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन पर बल दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उपस्थित सदस्यों को निर्देश दिया कि योजनाओं को समयबद्ध रूप से लागू किया जाए तथा सभी विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। बैठक में विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव एवं समस्याएं भी साझा कीं, जिनके समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि ₹सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे, यह हम सबों की सामूहिक जिम्मेदारी है। ग्रामीण विकास की दिशा में हर योजना को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और तत्परता सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनता को अधिकतम लाभ मिल सके। अंत में, प्रखंड विकास पदाधिकारी, दुलमी ने सभी प्रतिभागियों को उनके सक्रिय सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य में इसी तरह समन्वय बनाकर विकास कार्यों को गति देने का आह्वान किया।

### अधिक से अधिक लोगों को झामुमो से जोड़ें : सुदीप गुड़िया

**खूंटी :** तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि किसी भी संगठन को शक्ति उसके कार्यकर्ता से ही मिलती हैं। संगठन से जितने अधिक लोग जुड़ेंगे, वह संगठन उतना ही मजबूत होगा। आप का भी दायित्व है कि अधिक से अधिक लोगों को झामुमो से जोड़ें और इसे मजबूत बनायें। विधायक सोमवार को तोरपा प्रखंड की मरचा पंचायत के तुरीगाड़ा गांव में झामुमो के सदस्यता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सदस्यता अभियान के दौरान कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर विधायक ने कहा कि आप लोगों के आशीर्वाद से मैं विधायक बना हूं और अपकी हर समस्या के समाधान का प्रयास करूंगा।



सूर्योदय प्रातः 6:19 सूर्यास्त संध्या 5:46 | पखवाड़ा फाल्गुन कृ. षष्ठी, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 28° न्यूनतम 14°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, मंगलवार, 18 फरवरी 2025, वर्ष : 16, अंक : 09, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter

शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 75,996.86 | 57.65 (0.08%) |
| निफ्टी | 22,959.50 | 30.25 (0.13%) |

सर्राफा बाजार — प्रति 10 ग्राम

| | | |
|---|---|---|
| सोना | 24 carat | 85,260.00 |
| चांदी | | 1080.00 |

# मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार आज होंगे सेवानिवृत्त, आयोग ने दी विदाई

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार मंगलवार को सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। पद से सेवानिवृत्त होने से पूर्व चुनाव आयोग ने सोमवार को उन्हें विदाई दी। राजीव कुमार 01 सितम्बर 2020 को चुनाव आयुक्त बने थे और 15 मई, 2022 को देश के 25वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया था।

अपने विदाई भाषण में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाये रखने के लिए 1.5 करोड़ मतदान अधिकारियों को उनके



समर्पण के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत के लोकतांत्रिक संस्थानों पर प्रेरित और अपुष्ट हमलों के बावजूद लगभग एक अरब मतदाताओं का भरोसा अडिग है। उन्होंने मतदाताओं की विशेष रूप से महिला मतदाताओं की उनकी जीवंत भागीदारी के लिए सराहना की और कहा कि चुनावी प्रक्रिया अब अधिक समावेशिता की ओर बढ़ रही है।

चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के समावेशी, परिवर्तनकारी और उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे चुनावी प्रक्रियाओं को मजबूत मिली है और चुनाव प्रबंधन के क्षेत्र में भारत का कद वैश्विक स्तर पर और बढ़ा है।

उल्लेखनीय है कि आयोग में उनके कार्यकाल की विशेषता संरचनात्मक, तकनीकी, क्षमता विकास, संचार, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और प्रशासन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में मौन लेकिन गहन सुधारों की रही। राजीव कुमार के कार्यकाल में कई चुनावी सुधार किये गये। इनमें 17 के अधिक आयु ● शेष पृष्ठ 11 पर

## नये मुख्य चुनाव आयुक्त को लेकर प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक

**देश** के नये मुख्य चुनाव आयुक्त के नाम पर विचार के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक हुई। नॉर्थ ब्लॉक में हुई इस बैठक में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल हुए। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का कार्यकाल कल समाप्त हो रहा है। पुरानी व्यवस्था के तहत तीन सदस्यी चुनाव आयोग में सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त को मुख्य चुनाव आयुक्त बनाया जाता रहा है। हालांकि, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े कानून के तहत अब समिति के माध्यम से नये मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तों और कार्यालय की शर्तें) अधिनियम, 2023 के तहत नये मुख्य चुनाव आयुक्त वर्तमान में आयोग में शामिल चुनाव आयुक्त भी हो सकते हैं या फिर कोई नया नाम तय किया जा सकता है।



## एक झलक

### मुख्यमंत्री 289 युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मंगलवार को झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से 289 पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। यह कार्यक्रम प्रोजेक्ट भवन में आयोजित किया जायेगा। नगर सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के तहत मुख्यमंत्री जिन पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटेंगे, उन पदों में गार्डेन अधीक्षक, वेटनरी ऑफिसर, सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर, सेनेटरी सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक और विधि सहायक का पद शामिल है। राज्य सरकार ने राज्य के विभिन्न विभागों में खाली पदों को भरने के लिए प्रक्रिया तेज कर दी है। इसके तहत कुल 289 पदों पर नियुक्ति की जायेगी।

### झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक आज

**रांची :** झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक मंगलवार को शाम 04 बजे से होगी। मंत्रिपरिषद् की बैठक धुर्वा स्थित झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) के मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी है।

### उपराष्ट्रपति आज जयपुर का करेंगे दौरा

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 18 फरवरी को जयपुर, राजस्थान के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने सोमवार को बताया कि अपनी यात्रा के दौरान उपराष्ट्रपति जयपुर में राजस्थान व्यापार एवं उद्योग महासंघ (फोर्टी) के 'राष्ट्र निर्माण : उद्यमियों की भूमिका' विषय पर आयोजित सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षता करेंगे।

### पांच देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति मुर्मू को अपने परिचय पत्र सौंपे

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में कम्बोडिया, मालदीव, सोमालिया, क्यूबा और नेपाल के राजदूतों व उच्चायुक्तों से परिचय पत्र स्वीकार किये। राष्ट्रपति भवन के अनुसार राष्ट्रपति मुर्मू को जिन लोगों ने अपने परिचय-पत्र प्रस्तुत किये, उनमें कम्बोडिया की राजदूत राथ मेनी, मालदीव की उच्चायुक्त ऐशाथ अजीमा, सोमालिया के राजदूत डॉ. अब्दुल्लाही मोहम्मद ओडोवा, क्यूबा के राजदूत जुआन कार्लोस मार्सन एगुइलेरा और नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा शामिल हैं।

## अंदर के पन्नों पर


2 बिरसा कॉलेज खूंटी के मुंडारी विभाग में शिक्षक...

4 बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत सैनिटरी...

7 पलामू उपायुक्त ने डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर भीड़...

8 सदर अस्पताल के कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करें...

9 जिला गव्य विकास कार्यालय ने किया दुधारू पशु मेला...


## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की हुई 33वीं बैठक

# आजीवन सजा काट रहे 37 कैदियों की होगी रिहाई

■ झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद द्वारा आयोजित पिछली बैठकों में आजीवन सजा काट रहे कैदियों की रिहाई से सम्बन्धित अस्वीकृत किये गये मामलों सहित कुल 103 मामलों की हुई समीक्षा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आयोजित झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 37 कैदियों को रिहा किये जाने पर सहमति बनी। बैठक में रिहाई से सम्बन्धित नये मामलों के साथ-साथ वैसे कैदियों के मामलों पर भी पुनर्विचार किया गया, जिन्हें झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की पिछली बैठकों में अस्वीकृत किया गया था। बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, कारा महानिरीक्षक झारखंड सुदर्शन प्रसाद मंडल, अपर विधि परामर्शी विधि विभाग नीरज कुमार, प्रोवेशन पदाधिकारी चंद्रमौली, एआईजी तुषार रंजन गुप्ता, जेलर मो. नसीम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की अनुशंसा के आलोक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 103 कैदियों को कारामुक्त किये जाने के प्रस्ताव पर



अधिकारियों के साथ बिन्दुवार गहन विचार-विमर्श किया। राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद द्वारा रिहाई हेतु अनुशंसित एक-एक कैदी की फाइल पर गम्भीरता से विचार किया गया। मुख्यमंत्री ने कैदियों के अपराध की प्रवृत्ति तथा न्यायालयों, सम्बन्धित जिलों के पुलिस अधीक्षकों, ● शेष पृष्ठ 11 पर

## रिहा हुए कैदियों को सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ें : मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री** हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि रिहा हुए कैदियों का सामाजिक, आर्थिक एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि का सत्यापन जरूर करें। मुख्यमंत्री ने कारा महानिरीक्षक झारखंड को निर्देश दिये कि रिहा हुए कैदियों का ट्रैक रिकॉर्ड अवश्य रखें। जिलों के पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों द्वारा रिहा हुए कैदियों का ट्रैक रिकॉर्ड रखने के साथ-साथ सभी गतिविधियों की निरन्तर मॉनिटरिंग की जाये। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि रिहा हुए कैदियों को सरकार ● शेष पृष्ठ 11 पर

# अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सिल्कटेक-2025 के दौरान छह समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय वस्त्र एवं विदेश राज्यमंत्री पाबित्रा मार्गेरीटा ने सोमवार को भारत मंडपम में मेगा टेक्सटाइल इवेंट-भारत टेक्स 2025 के तहत केन्द्रीय रेशम बोर्ड के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन-सिल्कटेक 2025 का उद्घाटन किया। केन्द्रीय रेशम बोर्ड द्वारा रेशम क्षेत्र में उभरतीं प्रौद्योगिकियों पर आयोजित सिल्कटेक-2025 में पाबित्रा मार्गेरीटा ने रेशम उत्पाद मूल्य श्रृंखला में शून्यअपशिष्ट प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल पर जोर दिया। इस मौके पर केंद्रीय रेशम बोर्ड के अनुसंधान एवं विकास संस्थान और गैर सरकारी संगठनों के बीच छह समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गये।

वस्त्र राज्यमंत्री ने रेशम क्षेत्र में उभरती प्रौद्योगिकियों पर दो स्मारिका सह सार पुस्तिका का विमोचन किया। इस मौके पर वस्त्र सचिव नीलम शमी राव भी उपस्थित थीं।

इस मौके पर पाबित्रा मार्गेरीटा ने पूर्वोत्तर राज्यों के विशिष्ट मुगा और एरी रेशम का उल्लेख किया। रेशम उत्पाद मूल्य श्रृंखला में शून्य अपशिष्ट प्रौद्योगिकी को रेखांकित करते हुए उन्होंने गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान और सहयोग द्वारा वस्त्रों का उत्पादन और निर्यात तीन गुना बढ़ाने का आह्वान किया है।

उन्होंने भारत को आत्मनिर्भर बनाने में रेशम उत्पाद श्रृंखला में वैश्विक बाजार के रुझान और सतत नवाचारों पर जोर देते हुए रेशम की गुणवत्ता बढ़ाने में उन्नत प्रौद्योगिकियों पर बल दिया। ● शेष पृष्ठ 11 पर



### अदालत में पेश नहीं हुए अरविन्द केजरीवाल

**चंडीगढ़ :** दिल्ली में विधनासभा चुनाव के दौरान हरियाणा पर यमुना के पानी में जहर मिलाने का आरोप लगा कर विवाद में उलझे दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी संयोजक अरविन्द केजरीवाल सोमवार को सोनीपत की अदालत में पेश नहीं हुए। केजरीवाल की जगह उनके वकील भुवेश मलिक कोर्ट पहुंचे थे। सोनीपत में सिंचाई विभाग के एक्सईएन अभियंता आशीष कौशिक ने कोर्ट में याचिका लगायी है। इसमें कहा गया है कि 28 जनवरी को यमुना नदी से सटे कई गांवों के लोग सिंचाई विभाग के कार्यालय में पहुंचे। उन्होंने कहा कि यमुना नदी में जहर क्यों डाला।

## पश्चिम बंगाल विधानसभा में हंगामा

# शुभेन्दु अधिकारी समेत भाजपा के चार विधायक पूरे सत्र के लिए निलम्बित

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा में सोमवार को जम कर हंगामा हुआ। भाजपा विधायकों ने शिक्षा संस्थानों में सरस्वती पूजा रोकने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से बयान देने की मांग की। विरोध के दौरान विधानसभा अध्यक्ष के सामने कागज फेंकने का आरोप लगने पर विपक्ष के नेता शुभेन्दु अधिकारी समेत भाजपा के 04 विधायकों को 30 दिनों के लिए निलम्बित कर दिया गया। इससे साफ है कि निलम्बित विधायक पूरे सत्र में भाग नहीं ले पायेंगे। सोमवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही ● शेष पृष्ठ 11 पर



■ विपक्षी विधायकों ने लगाया सरकार पर सरस्वती पूजा रोकने का आरोप

# 'इंडियाज गॉट लैटेंट' से जुड़े कॉमेडियन्स को साइबर पुलिस ने अलग-अलग तारीखों पर किया तलब

**मुंबई :** 'इंडियाज गॉट लैटेंट' मामले की जांच कर रही महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने सोमवार को इस शो से जुड़े कॉमेडियन्स और यू-ट्यूबर्स को अलग-अलग तारीखों पर पूछताछ के लिए तलब किया है। साइबर पुलिस ने यू-ट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया को 24 फरवरी को, कॉमेडियन समय रैना को 18 फरवरी को साइबर सेल के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। इसी तरह अपूर्व मुखीजा, आशीष चंचलानी, तुषार पुजारी और सौरभ बोथरा को ● शेष पृष्ठ 11 पर

## राष्ट्रीय महिला आयोग ने दी नयी तारीख

**राष्ट्रीय** महिला आयोग ने सोमवार को रणवीर इलाहाबादिया समेत 'इंडियाज गॉट लैटेंट' के यूट्यूबर्स के लिए सुनवाई की नयी तारीख तय की है। इलाहाबादिया, अपूर्व मुखीजा, आशीष चंचलानी, तुषार पुजारी और सौरभ बोथरा को 06 मार्च को बुलाया गया है, जबकि समय रैना, जसप्रीत सिंह और बलराज घई को 11 मार्च को तलब किया गया है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने यूट्यूब कार्यक्रम 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में की गयी अपमानजनक टिप्पणियों को लेकर रणवीर इलाहाबादिया, समय रैना, अपूर्वा मुखीजा और अन्य को सोमवार को पेश होने के लिए समन जारी किया था। आयोग ने सभी को 17 फरवरी को दोपहर 12 बजे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने ● शेष पृष्ठ 11 पर

### हरजिंदर सिंह ने एसजीपीसी प्रधान पद से दिया इस्तीफा

**चंडीगढ़ :** सिखों की सर्वोच्च संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। शिरोमणि अकाली दल तथा एसजीपीसी के बीच चल रही खींचतान के बाद आज अचानक हुए घटनाक्रम से सभी आश्चर्यचकित हैं। सोमवार को शिरोमणि अकाली दल अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर बादल की बेटी का शादी समारोह होने के कारण अकाली दल व एसजीपीसी के ज्यादातर नेता वहां व्यस्त थे। वहीं, अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह इस समय विदेश में हैं।

# मैरी कॉम, अवनि लेखरा और सुहास यथिराज ने 'परीक्षा पे चर्चा' के 7वें एपिसोड में लिया भाग

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में सोमवार को सातवें एपिसोड में प्रतिष्ठित खिलाड़ी एमसी मैरी कॉम, अवनी लेखरा और सुहास यतिराज शामिल हुए। उन्होंने एक स्वर में इस बात पर जोर दिया कि कड़ी मेहनत ही सफलता की कुंजी है और शॉर्टकट से कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन के माध्यम से लक्ष्य निर्धारण, लचीलापन और तनाव प्रबंधन के बारे में बात की। उन्होंने अपने जीवन से व्यक्तिगत किस्से भी साझा किए और बताया कि उन्होंने अपने जीवन में खेलों से क्या सीखा है।

मैरी कॉम ने बताया कि कैसे उन्होंने इस लोकप्रिय धारणा को चुनौती दी कि मुक्केबाजी महिलाओं का खेल नहीं है। उन्होंने न केवल अपने लिए, बल्कि पूरे देश की महिलाओं के लिए ● शेष पृष्ठ 11 पर




# सैम पित्रोदा के चीन के समर्थन में दिये गये बयान पर भाजपा का पलटवार

एजेंसी


**नयी दिल्ली :** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा के चीन के समर्थन में दिये गये बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सोमवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने सैम पित्रोदा के बयान को गलवान घाटी में बलिदान हुए जवानों का अपमान बताया।

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सैम पित्रोदा के बयान में बोल जरूर सैम पित्रोदा के अपने हैं, लेकिन संगीत जॉर्ज सोरोस का है। सैम पित्रोदा राहुल गांधी के गुरु हैं। राहुल गांधी ने पीपुल्स लिबरेशन पार्टी ऑफ चाइना के साथ एक गुप्त संधि पर भी हस्ताक्षर किये हैं। राजीव गांधी ने चीन से फंड लिया था। जवाहर लाल नेहरू ने अक्साई चिन और यूएनएससी में भारत की सीट चीन को दे दी। कांग्रेस और चीन की दोस्ती काफी पुरानी है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी फाउंडेशन को मिले कर्ज के दबाव में यह बोल रहे हैं। क्या यह गलवान के शहीदों का अपमान है या नहीं ?

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर शक्तिशाली हो रहा है। ऐसे में अनेक शक्तियां इसे रोकने की साजिश रच रही हैं। ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा का बयान चीन के सम्बन्ध का इजहार कर रहा है। यह भारत की आस्मिता पर गहरा आघात है। उन्होंने कहा है कि चीन के साथ कोई विवाद नहीं है। यह कोई आइसोलेटेड विचार नहीं है। राहुल गांधी ने भी इसी तरह के कई बयान दिये हैं।

सुधांशु ने आरोप लगाया कि भारत में चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए गठबंधन किया जा रहा है। गौरव गगोई का सम्बन्ध इससे भी पता चलता है। विदेशी शक्ति के लिए कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान है। साथ ही, ये भारत में लड़ाने का काम करते हैं। राहुल गांधी के बयान भारत की सम्प्रभुता को प्रभावित करने के लिए है।


उल्लेखनीय है कि इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा ने कहा था, 'मैं चीन से खतरे को नहीं समझ पा रहा हूं। मुझे लगता है कि इस मुद्दे को अक्सर बढ़ा-चढ़ा कर पेश किया जाता है, क्योंकि अमेरिका में दुश्मन को परिभाषित करने की प्रवृत्ति है। मेरा मानना है कि अब समय आ गया है कि सभी देश आपस में सहयोग करें, न कि टकराव करें। हमारा दृष्टिकोण शुरू से ही टकराव वाला रहा है और इस रवैये से दुश्मन पैदा होते हैं, जो बदले में देश के भीतर समर्थन हासिल करते हैं। हमें इस मानसिकता को बदलने की जरूरत है और यह मानना ● शेष पृष्ठ 11 पर



■ सुधांशु त्रिवेदी बोले : यह गलवान घाटी में बलिदान हुए जवानों का है अपमान

## कांग्रेस ने चीन पर सैम पित्रोदा के बयान से किया किनारा

**कांग्रेस** ने चीन को लेकर इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा के बयान से किनारा कर लिया हैं। पार्टी महासचिव (संचार) एवं राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश ने सोमवार को यहां कहा कि सैम पित्रोदा का बयान कांग्रेस का बयान नहीं है। जयराम रमेश ने एक बयान में कहा कि सैम पित्रोदा द्वारा चीन पर व्यक्त किये गये कथित विचार निश्चित रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विचार नहीं हैं। जयराम रमेश ने कहा, 'चीन हमारी विदेश नीति, बाह्य सुरक्षा और आर्थिक क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। कांग्रेस ने चीन के प्रति मोदी सरकार के दृष्टिकोण पर बार-बार सवाल उठाये हैं, जिसमें 19 जून 2020 को प्रधानमंत्री द्वारा सार्वजनिक रूप से चीन की दी गयी क्लीनचिट भी शामिल है। चीन पर हमारा सबसे हालिया बयान 28 ● शेष पृष्ठ 11 पर



## एक झलक

### समाजसेवी जितेंद्र यादव को पितृ शोक

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड के गैड़ा पंचायत निवासी जितेंद्र यादव के पिता ज्ञानी यादव का रविवार की रात्रि दस बजे देहांत हो गया, मृतक ज्ञानी यादव 62 वर्ष के थे। इस घटना की सूचना पाकर विष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब, गैड़ा मुखिया आशा देवी, पंचायत समिति सदस्य महताब हुसैन ने उनके परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। मृतक की पत्नी एवं उनके परिजन ज्ञानी यादव की मृत्यु से बहुत आहत थे। इस घटना से पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुधीर सिंह, उपमुखिया सुनील कुमार, धर्मवीर यादव, महेंद्र यादव, हैदर अंसारी, बिंदु देवी, बासुदेव पंडित समेत कई समाज सेवियों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया।

### प्रादेशिक वन विभाग ने पोस्ते की खेती को किया नष्ट

**चौपारण :** चौपारण प्रखंड में अवैध रूप से पोस्ता-अफीम की किए गए खेती पर वन विभाग एवं पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में सोमवार को भी प्रादेशिक वन विभाग प्रभारी वनपाल पंकज कुमार द्वारा प्रखंड के चमरगड़ा और बलवा नदी जंगल प्रक्षेत्र में लगभग दो एकड़ वन भूमि पर लगे अवैध पोस्ता-अफीम की खेती को विनिष्ट किया गया। इस संबंध में बताया गया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई, गहनता से जांच कर खेती करने वालों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट एवं भारतीय वन अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आगे भी अफीम खेती के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी। मौके पर अभियान में प्रभारी वनपाल पंकज कुमार, वनरक्षी अजीत कुमार गंझु, कृष्णा प्रसाद, गृहरक्षक उमेश कुमार, अशोक कुमार सहित सभी प्रादेशिक वन कर्मी एवं दैनिक कर्मी शामिल थे।

### विष्णुगढ़ के गोविंदपुर में यज्ञ को लेकर ग्रामीणों की हुई बैठक

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के गोविंदपुर गाव में शिवमंदिर परिसर में ग्रामीणों ने रविवार की एक बैठक की। बैठक में शिवमंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर महायज्ञ को सफल बनाने की चर्चा हुई। जिसमे बताया गया कि आगामी 02 अप्रैल को ध्वजारोहण,14 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ यज्ञ प्रारम्भ होगी जो 22 अप्रैल को पूणाहुति के साथ सम्पन्न होगी। 02 अप्रैल से गांव में मांस मदिरा पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। बैठक में यज्ञ समिति के अध्यक्ष सोमर महतो, उपाध्यक्ष अंतु पंडित, सचिव तिलक साव, उपसचिव महेश महतो, कोषाध्यक्ष विजय साव, सोबरन महतो, हरेंद्र महतो, संगठन मंत्री तुलसी महतो, जितेंद्र भास्कर, सरयू साव के अलावा उमेश सिंह, तिलेश्वर साव, शंकर सिंह, सन्तोष सिंह, भुवनेश्वर सिंह, अमृत साव, मुकेश महतो, प्रयाग महतो, नीलकंठ महतो, परमेश्वर सिंह, भीम रविदास, मोहन रजक, मूरत महतो आदि उपस्थित थे।

### महाकुम्भ से लौट रहे स्कार्पियो व बस दुर्घटनाग्रस्त, 11 घायल

**चौपारण :** प्रखंड का दनुआ घाटी मौत के सौदागर के नाम से जाना जाता रहा है और अब एनएचएआई के लापरवाही के कारण पिपरा और महूदी में फोर लेन को वन वे कर दिया है। जिससे आये दिन दुर्घटना और जाम मानो दिनचर्या में शामिल हो चुका है। इसी क्रम मे अहले सुबह पिपरा वनवे होने से पहले ठोकर पर एक बस ने पीछे से स्कॉर्पियो को जोरदार टक्कर मार देने से सवार लोग घायल हो गये।

### भाई की अंतिम इच्छा को पूरी की बहन ममता ने, विश्वविद्यालय को दिया दान में 26 पुस्तकें

**हजारीबाग :** विद्यार्थी की अंतिम इच्छा को उसकी बहन ने पुरी की है। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र अंतर्गत सत्र 2021-23 के छात्र मनोरंजन की आकस्मिक मृत्यु हो गई। उसने मृत्यु के पहले यह इच्छा जाहिर की थी कि उसके बहुमूल्य पुस्तकों को एम. एड को दान किया जाए। उनकी बहन और पूरे परिवार ने उनकी इच्छा पूरी करते हुए 26 संग्रहित पुस्तक को विश्वविद्यालय को दान दे दिया। शिक्षा शास्त्र विभाग के पुस्तकालय मे आयोजित एक सादे समारोह में दिवंगत छात्र की बहन ममता प्रमाणिक ने सभी पुस्तकों को विभाग को दान दिया। बहन एवं परिवार के सभी सदस्यो के प्रति आभार ज्ञापन के रूप में शिक्षा शास्त्र विभाग एवं पूर्ववर्ती छात्र संघ ने संयुक्त रूप से ममता प्रमाणिक को सराहना पत्र प्रदान किया। परिवार के इस पहल के लिए विश्वविद्यालय शिक्षा शास्त्र विभाग के निदेशक डॉ के के गुप्ता, विभागाध्यक्ष तथा समस्त शिक्षक विश्वविद्यालय पूर्ववर्ती छात्र संघ के अध्यक्ष डॉ मो मंसूर आलम फाकरी, उपाध्यक्ष सह एम एड शिक्षिका डॉ अमिता कुमारी, सचिव डॉ सन्नी कुमार मेहता एवं समस्त पूर्ववर्ती छात्र संघ ने इसकी सराहना की। विभागीय शिक्षकों ने मनोरंजन को एक शालीन और प्रतिभाशाली छात्र के रूप में याद किया। कहा की छात्र की अंतिम इच्छा से भी उन्होंने समाज को प्रेरणा देता है।

---

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन वितरण समारोह का आयोजन

# मासिक धर्म से जुड़ीं भ्रांतियों को मिटाना आवश्यक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** मासिक धर्म स्वच्छता के लिए सही ज्ञान और संसाधन उपलब्ध कराना एवं बालिकाओं के बीच मासिक धर्म के प्रति स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के विषय में जागरूकता लाना बेहद आवश्यक है। इसी उद्देश्य को लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार जिला समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान में सोमवार को समाहरणालय सभागार में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत सैनिटरी नैपकिन वेंडिग मशीन वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के बालिकाओं के बीच सैनिटरी नैपकिन वेंडिग मशीन का वितरण उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, डीआरडीए निदेशक मां देव प्रिया, डीपीओ पंकज तिवारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिंहा, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक निवेदिता राय ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत आप सभी बच्चियों के लिए सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन दिया जा रहा है। जिसमें पहले से ही सभी मशीनों में 100 सेनेटरी नैपकिन डाला हुआ है। आप सभी इस मशीन का सदुपयोग अच्छे से व शत प्रतिशत इसका इस्तेमाल करेंगे। अब आप सभी बच्चियां साफ सुथरा सेनेटरी पैड का इस्तेमाल कर सकेंगे। किशोरियों के बीच मासिक धर्म के बारे में जागरूकता लाना जरूरी है। लड़कियों और महिलाओं को स्वच्छ संसाधन उपलब्ध कराना तथा मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को मिटाना आवश्यक है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिंहा ने कहा कि बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत किशोरियों के बीच मासिक धर्म स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा व्यवहार परिवर्तन के उद्देश्य से उपायुक्त के निर्देशानुसार 11 सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन का वितरण किया गया है। जिसमें पहले से ही सभी मशीनों में 100 सेनेटरी नैपकिन डाला हुआ है। सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन 10 कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों एवं एक अन्य बालिका आवासीय विद्यालय कटकमदाग में अधिष्ठापित किया गया है। वितरण किये गये सभी सेनेटरी नैपकिन मशीनों में 100 सेनेटरी नैपकिन रखने की क्षमता है। कार्यक्रम में आवासीय विद्यालय के एक बच्ची ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों, कर्मियों, बालिकाओं व सभी वार्डन को 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' के संबंध में शपथ दिलाई।

## करमजीत सिंह बक्शी की अंतिम अरदास में संजय सेठ व विधायक प्रदीप प्रसाद हुए शामिल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग शहर के गुरु गोविंद सिंह रोड स्थित गुरुद्वारा सभागार में शहीद करमजीत सिंह बक्शी की अंतिम अरदास का आयोजन किया गया, जिसमें रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और सदर विधायक प्रदीप प्रसाद प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सिख समुदाय के लोग और शहीद के परिजन के साथ कई लोग उपस्थित थे। शहीद करमजीत सिंह बक्शी की वीरता और उनके बलिदान को सम्मानित करने के लिए यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शहीद के परिवार से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने कहा की शहीद करमजीत सिंह बक्शी का बलिदान न केवल हमारे राज्य बल्कि हमारे देश के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनकी वीरता का कोई मोल नहीं हो सकता, और उनका शौर्य हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। मैं इस दुख की घड़ी में शहीद के परिवार के साथ हूं और उनकी मदद के लिए हमेशा तत्पर हूं। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने सिख समुदाय के आग्रह पर एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा की शहीद करमजीत सिंह बक्शी के योगदान को याद रखने और उनका सम्मान करने के लिए हमने एक बड़ा कदम उठाया है। शहीद के निवास स्थान, जो कि जुलु पार्क हॉली क्रॉस रोड पर स्थित है, उसको अब 'शाहिद करमजीत सिंह मार्ग' के नाम से जाना जाएगा। यह बदलाव जल्द ही एक से दो दिनों के अंदर किया जाएगा और बोर्ड वहां लगाया जाएगा। साथ ही, विधायक ने यह भी घोषणा किया कि हजारीबाग के प्रमुख स्थल, पैगोडा चौक का नाम अब शाहिद करमजीत सिंह चौक' रखा जाएगा। इस नामकरण के लिए उन्होंने संबंधित मंत्री और सचिव से वार्ता की है।

## कटकमसांडी पंचायत भवन में डाक चौपाल का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कटकमसांडी :** भारतीय डाकसेवा व जनसेवा के स्लोगन को चरितार्थ करने व सरकारी और नागरिक केंद्रित सेवाओं को सीधे ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने के उद्देश्य को पूरा करने को लेकर सोमवार को कटकमसांडी पंचायत भवन में डाक चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि डाक अधिदर्शक राजीव कश्यप व विशिष्ट अतिथि मुखिया कुमारी श्रीति पांडेय उपस्थित थे। इस मौके पर राजीव कश्यप ने बताया कि डाक चौपाल डाक विभाग की एक ऐतिहासिक पहल है। इसका उद्देश्य आवश्यक सरकारी और नागरिक केंद्रित सेवाओं को सीधे ग्रामीण क्षेत्रों में लाना है, जिससे लोगों का पहुंच और सुविधा में सुधार हो सके। उन्होने उपस्थित लोगो को बताया कि डाक चौपाल ग्रामीणों और सरकारी योजनाओं के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम करेंगी, जिससे दूरी और पहुंच जैसी बाधाएं कम होंगी। बताया कि डाकघर में डाकघर बचत खाता, आवर्ती जमा खाता, टाइम डिपॉजिट खाता, सुकन्या समृद्धि खाता, महिला सशक्तिकरण खाता में सुरक्षित निवेश कर सकते है। बताया कि निवेशकों को डाक जीवन बीमा कम प्रीमियम पर अधिक बोनस देता है। साथ ही जीरो से पांच वर्ष के बच्चों का आधार नामांकन व आधार मोबाइल अपडेशन की सुविधा सभी ग्रामीण डाकघर में उपलब्ध है। सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से दिये जाने वाली सहायता जैसे वृद्धापेंशन, विधवा पेंशन, पीएम किसान, गैस सब्सिडी, स्कॉलरशिप, आवास योजना आदि का लाभ डाकघर बचत खाता पर उपलब्ध है। डाकघर में 320 रुपये में पांच लाख, 549 रुपये में 10 लाख, 749 रुपये में 15 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा भी उपलब्ध है। दुर्घटना में मृत्यु व स्थायी विकलांगता पर पूरा भुगतान किया जाता है। साथ ही, इलाज व बाल शिक्षा लाभ की सुविधा भी उपलब्ध है। इस बीमा का लाभ 18 से 65 वर्ष के इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के खाता धारक उठा सकते हैं। यह भी बताया गया कि हैल्थ इंश्योरेंस, वाहन बीमा की सुविधा भी उपलब्ध है। मुखिया श्रीति पांडेय ने कहा कि डाक विभाग द्वारा पंचायत स्तर पर डाक चौपाल लगाकर डाकघर के माध्यम से चल रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करना अत्यंत ही सराहनीय कार्य है।

## डॉ. रंजना सरण ने आईवीएफ में 50 सफल मामलों की उपलब्धि साझा की



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग आरोग्यम अस्पताल की वरिष्ठ स्त्री रोग एवं प्रजनन विशेषज्ञ डॉ. रंजना सरण ने इंडियन फर्टिलिटी सोसाइटी (भारतीय प्रजनन सोसाइटी) झारखंड चैप्टर द्वारा आयोजित निरंतर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम में भाग लिया और एक महत्वपूर्ण सत्र की सहभागी बनी। इस आयोजन में उन्होंने आरोग्यम अस्पताल की उपलब्धियों, नवीनतम तकनीकों और प्रजनन उपचार के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों पर अपने विचार साझा किये। हजारीबाग आरोग्यम अस्पताल जिले का पहला ऐसा अस्पताल है, जिसने आईवीएफ (इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन) के माध्यम से 50 सफल मामलों का रिकॉर्ड कायम किया है। यह उपलब्धि उन दंपतियों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आई है, जो संतान सुख की चाह में वर्षों से संघर्ष कर रहे थे,अस्पताल में उच्च स्तरीय आधुनिक प्रयोगशाला, विश्वस्तरीय तकनीक और अनुभवी डॉक्टरों की टीम के सहयोग से आईवीएफ प्रक्रिया को सफलता पूर्वक पूरा किया गया। 50 दंपतियों को सफल गर्भधारण कराकर माता-पिता बनने का सुखद अनुभव प्रदान करना अस्पताल के लिए एक गौरवशाली क्षण है। आईवीएफ एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसमें महिला के अंडाणु और पुरुष के शुक्राणु को प्रयोगशाला में निषेचित (फर्टिलाइज) किया जाता है और फिर विकसित भ्रूण को गर्भाशय में प्रत्यारोपित किया जाता है। यह उन दंपतियों के लिए एक कारगर तकनीक साबित हुई है, जो प्राकृतिक रूप से गर्भधारण करने में असमर्थ थे। हजारीबाग आरोग्यम अस्पताल में यह सुविधा उपलब्ध कराए जाने से हजारीबाग सहित आसपास के कई क्षेत्रों के सैकड़ों दंपतियों को इलाज के लिए बड़े महानगरों में जाने की आवश्यकता नहीं रही। अब वे अपने ही जिले में उच्च स्तरीय प्रजनन उपचार प्राप्त कर सकते हैं।महत्वपूर्ण आयोजन में डॉ. रंजना सरण ने अपने अनुभवों को साझा किया और आईवीएफ उपचार से जुड़ी नवीनतम तकनीकों और सफलता दर में वृद्धि को लेकर विस्तृत चर्चा की। हर्ष अजमेरा ने कहा की इंडियन फर्टिलिटी सोसाइटी के इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में हजारीबाग आरोग्यम अस्पताल की भागीदारी हम सभी के लिए गर्व की बात है। आईवीएफ तकनीक में 50 सफल मामलों के साथ, हमने झारखंड में संतान सुख की नई उम्मीद जगायी है।

## राधा-कृष्ण राम दरबार का त्रिदिवसीय वार्षिक उत्सव सह यज्ञ का किया गया विराट आयोजन



**पदमा :** पदमा स्थित शिव मंदिर प्रांगण में श्री श्री 1008 शिव, हनुमान रामदरवार, राधा-कृष्ण मंदिर में त्रिदिवसीय वार्षिक उत्सव सह यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें 501 महिलाओं ने श्रद्धा एवं उत्साह के साथ भाग लिया। कलश यात्रा की शुरूआत मंदिर परिसर से हुई, जो पदमा चौक से होते हुए केवटा नदी तक पहुंची। वहां, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से कलश में शुद्ध जल भरकर पुनः मंदिर परिसर लाया गया। इस दौरान यज्ञाचार्य मनोज पांडेय एवं आचार्य धनंजय पांडेय ने गौरी-गणेश पूजन एवं पंचांग पूजन कराकर भक्तों का मंडप प्रवेश संपन्न कराया। तत्पश्चात, सभी वेदियों का विधिवत आवाहन एवं पूजन किया गया। इस यज्ञ में यज्ञाचार्य के रूप में आचार्य मनोज पांडेयएवं उनके सहयोगी आचार्य धनंजय पांडेय, अरस्तु पांडेय, घनश्याम पांडेय, शिवम पांडेय की उपस्थिति रही। इसके साथ यज्ञ यजमान के रूप में पदमा के सह मुखिया संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार मेहता, सुभाष राणा, करू मेहता, सुनील सिंहा शिवकुमार साहू, जगनारायण मेहता, इत्यादि शामिल हुए, कलश यात्रा में उपस्थित लोगों में पदमा पंचायत के उप मुखिया अजय कुमार मेहता, जीप सदस्य बसंत नारायण मेहता, विधायक प्रतिनिधि नारायण यादव, अवध यादव, विजय यादव, कालीचरण मेहता, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष बाबूलाल मेहता, प्रकाश ओझा, बच्चन राम, पदमा प्रखंड उप प्रमुख सत्येंद्र राणा, सरैया शांति देवी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि पदमा जितेन्द्र मेहता, वार्ड पार्षद धर्मेंद्र पांडेय, अवध मेहता, उषा देवी जल सहिया, पिंडारकोन मुखिया सुनीता देवी, रोमी मुखिया चंचला देवी एवं यज्ञ समिति अध्यक्ष अनिता शर्मा, उपाध्यक्ष सीमा कुमारी, कोषाध्यक्ष अर्पणा सिंहा, सचिव

## बलकमक्का में चलाया गया जंगल बचाव जागरूकता अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड के अंतर्गत खरकी पंचायत के बलकमक्का में रविवार को जंगल बचाव जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वृक्षों का पूजन, भूमि पूजन की गई। तत्पश्चात अभियान की शुरूआत खरकी पंचायत के लगभग सभी टोले से होते हुए पिपरियाटांड़, नागीटांड, ठाकुरवादी बलकमक्का, हथबजवा, पारटांड़, अंबाटांड पहुंच कर लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही पुनः बलकमक्का पहुंच कर सभी गांव के महिलाओं सहित पंचायत के सामाजिक लोगों के सहमति से लाल रंग के कपड़े से वृक्षों का रक्षाबंधन किया गया। अभियान के दौरान महिलाएं पूरे पंचायत के हर एक टोला में भ्रमण कर संबोधित कर लोगों को आह्वान किया कि अब जंगल से बिल्कुल लकड़ी लाना और पेड़ पौधों को काटना सख्त मना है। गांव की कई महिलाएं के द्वारा इस पर विरोध किया जा रहा था। पर जंगल बचाओ अभियान को सफल बनाने में महिलाओं ने विशेष रूप से योगदान दिया। इस अभियान के दौरान लोगों को हिदायत दी गई की जंगल जाकर पेड़ों को काटना नहीं है, जंगल में आग लगाना नहीं है जंगल में अगर विशेष या बहुत जरूरी हो तभी आप पेड़ों को काट सकते हैं और वह भी बिना इजाजत के पेड़ काटना सख्त मना है। जंगल में अगर पत्तों में आग लगाना है तो एक जगह जमा करके ही आग लगाकर उसे बुझा कर आना होगा, ऐसे कई नियम बनाए गए हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पंचायत के सभी समाजसेवी सहित जनप्रतिनिधिगण की उपस्थिति अपेक्षित की गई थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका पंचायत के पंचायत समिति विनोद सोरेन इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए। उन्होंने अपने संबोधन में जंगल बचाओ संबंधित कई बाते की। साथ ही लोगों से जंगल बचाव के लिए अपील की। मौके पर समाजसेवी कारू महतो,निरंजन महतो, रामप्रसाद महतो, राजकिशोर पटेल सहित कई महिलाओं ने जंगल से संबंधित महत्वपूर्ण बातों को रखे। इस अभियान में मुख्य रूप से कारू महतो, घनश्याम महतो, बासुदेव महतो, नुनुचंद महतो, निरंजन महतो, रेवतलाल महतो, रामप्रसाद महतो, धनेश्वर महतो, मुद्रिका देवी, सरिता देवी, मनवा देवी, सीता देवी, सुनीता देवी, संगीता देवी,

## ग्रेट इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस ने एक दशक उत्सव मनाया



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ के बैंक ऑफ इंडिया स्थित ग्रेट इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस द्वारा एक दशक उत्सव एवं पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह का आयोजन संस्थान के दस वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के निदेशक प्रदीप कुमार महतो एवं विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज के शिक्षक संजय कुमार कुशवाहा विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्ववर्ती सभी छात्र रहे एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के निदेशक सुनील कुमार, शिक्षक राजेश कुमार, चन्द्रदेव कुमार, अजय कुमार, प्रेमचंद कुमार, सुरेश कुमार महतो,अखिलेश महतो का महत्वपूर्ण योगदान रहा अतिथि स्वरूप कालेश्वर महतो, गोल्डन वे पब्लिक स्कूल के निदेशक दिलीप कुमार उपस्थित हुए। संस्थान के निदेशक सुनील कुमार ने अपने अभिभाषण में कहा कि यह अल्यूमीनि मिलन बहुत खास है, क्योंकि यह कार्यक्रम में ऐसे छात्र से मिलने का मौका मिल रहा जो सालों से नहीं मिले है। इस मिलन से जी आई आई एस अल्यूमीनि एक ऐसा समूह बन सकता जो समाज और देश के लिए एक अच्छा काम कर सकते है, जिससे देश को आगे बढ़ाने में नयी दिशा मिल सकता है। इसलिए अल्यूमीनि मिट बहुत ही खास है। अपने मन की बात में हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी तारीफ करते हुए कहा कि यह अनोखा पल होता है जिसमें लोग यादगार पल को तरोताजा करता है। मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि इस साल से जी आई आई एस इंटर साइंस कॉलेज का प्रारंभ हो रहा।

## सरकारी कर्मचारियों की मांगों को लेकर झारोटेफ ने चलाया हस्ताक्षर अभियान




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंप्लॉई फेडरेशन (झारोटेफ)के तत्वाधान में राज्य के सरकारी कर्मचारियों के हितार्थ ज्वलंत मांगों को लेकर प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत सिंह एवं राज्य कमिटी के आवाहन पर समस्त राज्य में हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत हो चुकी है। इसी क्रम में झारोटेफ हजारीबाग के अध्यक्ष रंजीत वर्मा के नेतृत्व में विभिन्न कार्यालयों एवं विद्यालयों में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया हैं। यह अभियान का उद्देश्य कर्मचारियों के न्यायोचित मांगों पर सरकार को अवगत कराने हेतु सामूहिक ज्ञापन सौपना हैं। इनके ज्वलंत माँगो को वर्तमान में चार्टर्ड ऑफ डिमांड प्रदेश के बैठक में तय की गई हैं। जिसमें तत्काल शिक्षकों को एमएसीपी, सरकारी कर्मचारियों को शिशु शिक्षण भत्ता और सेवानिवृति उम्र 62 वर्ष करने का मांग हैं। हस्ताक्षर अभियान प्रखंड के विभिन्न कार्यालयों से लेकर जिला कार्यालय तक एवं जिले के विभिन्न विद्यालयों में चलाया जा रहा हैं। हजारीबाग समाहरणालय में घूम घूम कर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जहाँ कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया हैं। कार्यक्रम को गति देने में सचिव किशोरी महतो, जिला मीडिया प्रभारी मधुसूदन कुमार सिंह, प्रखंड सचिव हरेंद्र कुमार, पवन कुमार, चंद्रिका कुमार व अन्य शामिल हैं।

## वन विभाग का अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर पानी टैंकर भी हुआ जब्त

**चौपारण :** चौपारण प्रादेशिक वन विभाग ने चौपारण जंगल में अवैध अतिक्रमणकारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। बता दें वन विभाग ने जंगल में बनाये जा रहे अवैध मकान को ध्वस्त कर दिया तो वहीं मौके पर से निर्माण कार्य में इस्तेमाल किये जा रहे पानी टैंकर को जप्त कर लिया। प्रभारी वनपाल पंकज कुमार ने इस संबंध मेवबताया कि विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि अंबेदकर नगर के कुछ लोग जंगल में अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं और वहां पक्के मकान का निर्माण का कार्य जारी है। इसी सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर यह कार्रवाई की। साथ ही प्रभारी वनपाल पंकज कुमार ने बताया कि जप्त किए गए पानी टैंकर की सूचना वरीय पदाधिकारियों को दे दी गयी है।

## फर्जी रजिस्ट्रेशन कर समांतरण स्कूल प्रबंधन बना कर की लाखों की निकासी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** दिल्ली पब्लिक स्कूल के पक्ष में न्यायालय का आदेश आने के बावजूद विद्यालय के सचिव को तंग करने पर जमीन मालिक उतारू है। इतना ही नहीं फर्जी रजिस्ट्रेशन कर समांतरण स्कूल प्रबंधन बना कर विद्यालय के कोष से लाखों रुपया का निकासी कर लिया गया है। उक्त बाते दिल्ली पब्लिक स्कूल के संचालक सह स्कूल के सचिव सुनील कुमार यादव ने पत्रकार सम्मेलन कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2012 में विद्यालय अस्तित्व में आया उसी समय स्कूल भवन के मालिक ओम प्रकाश जायसवाल एवं मुकुल जायसवाल से 2044 तक पंजीकृत लीज पर मकान लिया था। भवन इस शर्त पर है कि पांच वर्ष के बाद 10 प्रतिशत भाड़ा वृद्धि होगी। विद्यालय को 2015 में 10 बी का सी बी एस सी से मान्यता मिल। उसके बाद 2018 में प्लस टू की मान्यता मिली। श्री यादव ने बताया कि इसी बीच मकान मालिक विद्यालय को हड़पने के नियत से मनमाना तरीके से भाड़ा बढ़ाकर 2.50 लाख कर दिया जिस पर वे मन गये। इतना ही नहीं मकान मालिक ने अपने दोनों बेटों को प्रबंधन समिति में शामिल कराया। इस पर भी सुनील कुमार ने सहमति भरकर सदस्य बनाया। उन्होंने बताया कि हद तो तब हो गई जब मकान मालिक और पुत्र सहित घर के अन्य सदस्यों ने फर्जी तरीके से निबंधन करा कर विद्यालय प्रबंधन समिति बनाया और विद्यालय के मुख्य द्वार पर जीडी गोयनका के नाम का बोर्ड लगाया। इस पर सुनिल सहित अन्य सदस्यों ने आपत्ति करते हुए एस डी ओ कोर्ट में मामला दर्ज कराया जहां कोर्ट ने बोर्ड हटाने का आदेश जारी किया। जब मामला न्यायालय में चल रहा था इसी बीच फर्जी तरीके से विद्यालय के कोष से फर्जी हस्ताक्षर बना के एच डी एफ सी बैंक के खाते से 28 लाख का निकासी किया। श्री यादव ने कहा कि पूरे मामले को ले कर झारखंड उच्च न्यायालय रांची, हजारीबाग मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय एवं बड़ा बाजार ओपी में मारपीट, धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है । सभी मामले विचाराधीन है। सुनील कुमार ने कहा कि स्कूल भवन मालिक और उनके परिजनों का दबंगई इस कदर बढ़ गया है उसकी जान खतरे में है। एसडीओ न्यायालय के आदेश का अवहेलना कर विद्यालय में तोड़फोड़ कर स्कूल के बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में परेशानी हो रही है।

# मिशन हॉस्पिटल में आयोजित दो दिवसीय नि:शुल्क 'जननी स्वास्थ्य मेला' का प्रथम दिवस हुआ सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग मिशन रोड रविन्द्र पथ अवस्थित श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में आयोजित महिलाओं के विशेष निशुल्क 'जननी स्वास्थ्य मेला' का प्रथम दिवस दिन सोमवार को संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रदीप प्रसाद सहित कई गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत शिविर का शुभारंभ किया। इससे पूर्व मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रदीप प्रसाद को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत व अभिनंदन कर अतिथि वंदन किया। शिविर में महिलाओं को निशुल्क चिकित्सा परामर्श, मुफ्त दवा, बी.पी जांच, अल्ट्रासाउंड, कैंसर स्क्रीनिंग, नेत्र जांच, एक समय का भोजन, दंत जांच एवं शुगर व हीमोग्लोबिन का जांच एवं इलाज मुफ्त किया गया। जिसमें 873 महिलाएं सहित कई पुरूषों ने प्रथम दिवस का शिविर का लाभ उठाया। मुफ्त उपचार करवाकर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ प्राप्त किया। शिविर में चिकित्सक डॉ जे के आर्य, डॉ एएन सिंह, डॉ पूजा बैरवा, डॉ फोरम कटारा, डॉ रणजीत, डॉ रिंकू यादव, डॉ मिताली सोरेन, डॉ प्रिंस कुमार एवं डॉ मधु झा सहित कई स्वास्थ्य कर्मियों ने अपना सरहानीय योगदान दिया।मौके पर मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने शिविर उपस्थित महिलाओं को संबोधित कर कहा कि महिलाओं के लिए विशेष निशुल्क शिविर का आयोजन मिशन होस्पिटल का काफी अनूठी एवं सकारात्मक पहल है। किसी भी परिवार का महिला रीढ़ होती है। घर का व्यस्तम कार्यों को लेकर चाह कर भी इलाज करवाने में असमर्थ होना पडता है। जिससे आर्थिक खर्च एवं कार्य की व्यस्ता के कारण गंभीर बिमारियों का शिकार हो जाती है। उन्होंने मिशन होस्पिटल की सरहाना करते हुए कहा कि महिला विशेष निशुल्क शिविर का आयोजन कर महिलाओं के उत्तम स्वास्थ्य के लिए काफी सराहनीय कार्य किया गया है। उन्होंने मिशन होस्पिटल परिवार को बहुत- बहुत धन्यवाद एवं आभार जताया। मौके पर मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को घर की व्यस्ततम कार्य को लेकर कई बार ऐसा देखा जाता है कि नियमित समय पर स्वास्थ्य की देखभाल नहीं करने से गंभीर एवं जटिल बिमारी पकड़ लेता है। जिससे महिलाओं को आर्थिक खर्च एवं कई परेशानियों को सामना करना पडता है। मौके पर मुख्य रूप से संत कोलम्बस छोटानागपुर आदिवासी ट्रस्ट के सचिव डॉ अमित अमर सोरेन, कोषाध्यक्ष निपम खलखो, सीएनआई चर्च फादर दीपक अनिल जोजो, सीएनआई चर्च सदस्य एमानुएल खलखो, डेंटल कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव, स्टेटिक्स डॉ रंजीत कुमार, डॉ रिंकी यादव, संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के प्रशासक पूजा उपाध्याय, कार्यलय एचआर मेघा सिंह, पीआरओ प्रिया केशरी, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## एक झलक

### राजद ने बुधु भगत और कर्पूरी ठाकुर को दी श्रद्धांजलि

**रांची** : राष्ट्रीय जनता दल झारखंड प्रदेश कार्यालय रांची में सोमवार को स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर बुधु भगत की जयंती तथा स्वतंत्रता सेनानी और समाजवादी नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर की पुण्यतिथी मनायी गयी। इस अवसर पर पार्टी नेता और कार्यकताओं ने दोनों विभूतियों की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर सभी नेताओं ने इन दोनों लोगों के संघर्षों तथा कार्यों को याद करते हुए उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव, महासचिव आबिद अली, युवा राजद प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार, श्रमिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुधीर गोप, वरिष्ठ नेता राजकिशोर सिंह यादव, क्षितिज मिश्रा, चंदन कुमार समेत पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

### एचईसी की जमीन पर बढ़ता अतिक्रमण, प्रशासन बेखबर

**रांची** : रांची के हैवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचईसी) की जमीन पर अतिक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन प्रबंधन बेबस नजर आ रहा है। धुर्वा इलाके में लोग खाली जमीन पर लोहे की गुमटी, प्लास्टिक के तिरपाल और बांस की बाड़ लगा कर कब्जा कर रहे हैं। अवैध निर्माण का यह खेल रात के अंधेरे में तेजी से हो रहा है। पिछले डेढ़ साल में जगन्नाथ मैदान, एचईसी अस्पताल के आसपास, सेक्टर-2 मार्केट, सेक्टर-3, पंचमुखी मंदिर, धुर्वा बस स्टैंड, जेपी मार्केट, डैम साइड और एचईसी के आवासीय परिसर की खाली जमीन पर अवैध निर्माण में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। हालांकि एचइसी आवासीय क्षेत्र में अवैध निर्माण की शिकायतें प्रबंधन के पास लगातार मिलती रहती हैं, लेकिन मैन पावर की कमी और निगम खराब आर्थिक स्थिति के चलते प्रबंधन कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहा है।

### झारखंड में कैंसर देखभाल को मजबूत बनाने पर सरकार व टाटा ट्रस्ट्स के बीच चर्चा

**रांची** : झारखंड सरकार और टाटा ट्रस्ट्स के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें राज्य में कैंसर देखभाल को मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की गई। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और टाटा ट्रस्ट्स के सीईओ सिद्धार्थ शर्मा के बीच यह बैठक मुंबई में हुई। बैठक में कैंसर उपचार के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर जोर दिया गया। सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की सतत विकास प्रक्रिया को बनाए रखने के लिए सीजीएचएस दरों में 10% की वृद्धि आवश्यक हो सकती है। उन्होंने कैंसर के प्रभावी उपचार के लिए शुरुआती जांच और स्क्रीनिंग के महत्व पर भी जोर दिया। सिद्धार्थ शर्मा ने सुझाव दिया कि झारखंड के सभी 24 जिलों में कैंसर जांच और स्क्रीनिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे देश में कैंसर रोग एक बड़ी समस्या है और झारखंड में राज्य सरकार और प्राइवेट कंपनियों के साथ मिलकर कैंसर उपचार में टाटा ट्रस्ट अपना सहयोग देना चाहता है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि उनके सुझावों से वो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को अवगत करायेंगे।

# रिम्स में निजी एम्बुलेंस के खिलाफ कार्रवाई, 240 एम्बुलेंस जब्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में मौजूद प्राइवेट एंबुलेंस के खिलाफ कार्रवाई की है। प्रशासन ने रिम्स कैंपस में खड़ी 240 एंबुलेंस को जब्त कर लिया गया है। जब्त एंबुलेंस को बरियातू थाना में रखा गया है। एंबुलेंस संचालकों और चालकों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि वह हड़ताल पर चले जाएंगे। जानकारी के मुताबिक, कार्रवाई के दौरान एंबुलेंस चालक और पुलिसकर्मियों के बीच हल्की झड़प भी हुई। जिसके बाद एंबुलेंस को जब्त करने की कार्रवाई की गई है। प्रशासन का कहना है कि एंबुलेंस की वजह से रिम्स परिसर में जाम का संकट बनता रहता है। उल्लेखनीय है कि रिम्स में दिनभर मरीजों का आना जाना लगा रहता है। सरकारी एंबुलेंस की कमी की वजह से इन प्राइवेट एंबुलेंस की जरुरत मरीजों को पड़ती है। रिम्स में एंबुलेंस को खड़ा करने की कोई व्यवस्था नहीं होने की वजह से चालक जहां जगह मिलती है, वहां एंबुलेंस को खड़ा करते हैं। इन सबके बीच बड़ी समस्या यह है कि अगर एंबुलेंस चालकों ने हड़ताल कर दी तो मरीजों की दिक्कत बढ़ेगी। क्योंकि रिम्स के पास उतनी संख्या में एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हैं, जो मरीजों की मांग को पूरी कर सके।




# महाकुम्भ विशेष विमान सेवा रद्द

## रांची से प्रयागराज के लिए सीधी उड़ान नहीं चलेगी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची से प्रयागराज के लिए महाकुंभ विशेष विमान सेवा रद्द कर दी गई है। यह विमान सेवा 17 फरवरी से 28 फरवरी तक चलनी थी, लेकिन एयरक्राफ्ट नहीं मिलने के कारण यह सेवा रद्द कर दी गई है।

**कई यात्रियों ने बुकिंग कर रखी थी**

**इस** विमान सेवा के लिए कई यात्रियों ने बुकिंग कर रखी थी। यात्रियों को इस विमान सेवा के रद्द होने से परेशानी हो सकती है। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट अथॉरिटी के निदेशक आआर मौर्या ने इसकी पुष्टि की है।




**180 सीटर इंडिगो विमान से चलनी थी**

**महाकुम्भ** विशेष विमान सेवा 180 सीटर इंडिगो विमान से चलनी थी। यह विमान सेवा रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से प्रयागराज के लिए चलनी थी।

# श्री श्याम ध्वजा निशान पदयात्रा 02 मार्च को, तैयारियां जोरों पर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति के तत्वाधान में 2 मार्च 2025 दिन- रविवार को रांची नगर में राजस्थान के खाटू श्रीश्याम जी के परंपरा के अनुसार ही श्री श्याम ध्वजा निशान पदयात्रा का आयोजन होने जा रहा है। जिसकी तैयारियां जोरों पर है। श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति के संयोजक गोपाल मुरारका एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि 2 मार्च को श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा रांची के नेवरी विकास विद्यालय के समीप श्री दुर्गा मंदिर से सुबह 8 बजे बाबा श्री श्याम का ध्वजा पदयात्रा शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गो बूटी मोड़ बरियातू रोड, सर्कुलर रोड, कचहरी रोड, मेन रोड, अप्पर बाजार भ्रमण करते हुए श्री खाटू श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में ध्वजा समर्पण के साथ समाप्त होगी। इस यात्रा की दूरी श्री खाटू धाम की परंपरा अनुसार 17 किलोमीटर रिंगस से खाटू धाम की है। यूं तो इस पावन माह में कई ध्वजा पदयात्राएं होती है पर इस यात्रा का विशेष महत्व है।



मान्यता है कि जो भी भक्त श्री श्याम प्रभु की निशान को अपनी मन की बात कहता है और उसे सच्चे विश्वास से श्री श्याम प्रभु को अर्पित करता है तो बाबा उन भक्तों की सारी मुरादे पूरी करते हैं इसी परंपरा के अनुसार रांची में विगत 3 वर्षों से श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति द्वारा यह आयोजन हो रहा है।

# झारखंड में झामुमो बनायेगा 50 लाख नये सदस्य

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के तत्वावधान में सोमवार को रांची महानगर अंतर्गत रामलखन सिंह यादव कॉलेज के पास कोकर में शिविर लगाकर सदस्यता अभियान चलाया गया। झामुमो केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर जिला संयोजक प्रमुख मुश्ताक आलम की अध्यक्षता में चलाए गए सदस्यता अभियान में जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, अश्विनी शर्मा, सोनू मुंडा, झब्बूलाल महतो समेत कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। सदस्यता अभियान को सफल बनाने में संजय ठाकुर के साथ विक्की समेत अन्य सदस्यों का अहम योगदान रहा। सदस्यता अभियान कार्यक्रम के दौरान कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिसमें मुख्य रूप से युवा एवं महिलाएं शामिल हैं। वहीं पार्टी से जुड़ने वाले सभी नए सदस्यों को जिला संयोजक प्रमुख, संयोजक मंडली के सदस्यों ने सदस्यता रसीद देकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। मौके पर झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुश्ताक आलम ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। उन्हों ने कहा कि जिस तरह झारखंड की जनता ने भरपूर समर्थन देकर हमारी पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को पुनः मुख्यमंत्री बनाया है। पार्टी से विशेष रूप से महिलाएं सरकार की योजनाओं से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने 50 लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है और रांची जिला को 5 लाख का लक्ष्य दिया गया है, जिसमें से अबतक लगभग 3 लाख नए सदस्य बन चुके हैं।



# पूजा सिंघल से जुड़े मामले में सुनवाई 21 फरवरी को

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : आईएएस पूजा सिंघल से जुडे. मामले में ईडी की ओर से रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में दाखिल याचिका पर अब 21 फरवरी को सुनवाई होगी। इस मामले में ईडी ने कोर्ट से यह आग्रह किया है कि पूजा सिंघल को कोई विभाग नहीं दिया जाए। वहीं सोमवार को अदालत में ईडी और पूजा सिंघल की ओर से बहस पूरी कर ली गई। इसके बाद कोर्ट ने अग्रिम सुनवाई के लिए 21 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। ईडी ने अदालत में याचिका दाखिल कर कहा है कि यदि पूजा सिंघल को राज्य सरकार किसी विभाग की जिम्मेदारी देती है तो वे अपने पद का दुरुपयोग कर केस को प्रभावित कर सकती हैं।



उल्लेखनीय है कि मनरेगा घोटाला की अभियुक्त आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने 11 मई 2022 में गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसी ने पांच मई 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी, जिसमें ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी। ईडी की छापेमारी के दौरान पूजा सिंघल के सीए सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये कैश बरामद हुई थी। पूजा सिंघल को सात दिसंबर को बीएनएस कानून के तहत जेल से रिहा किया गया है। हालांकि वह अब भी मनी लॉन्ड्रिंग केस में अभियुक्त हैं, जबकि कानूनी प्रावधानों के अनुसार जेल से बाहर रहने के दौरान उनका सस्पेंशन खत्म किया जा चुका है।

# पीड़ित-पीड़िता मुआवजा के लिए डालसा में दें आवेदन: प्रवीण कुमार श्रीवास्तव

- एमएसीटी एक्ट - 1988, दहेज प्रथा कानून -1961 प बाल विवाह अधिनियम - 2006 की कविता कुमारी खाती ने दी जानकारी
- 08 मार्च को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की दी गयी जानकारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : माननीय झालसा के निर्देश पर माननीय न्यायायुक्त के मार्गदर्शन में अनगड़ा प्रखंड के गुड़ीडीह पंचायत भवन में डालसा के द्वारा जस्टिस-ऑन-व्हील मोबाईल वैन टूर कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी चीफ श्री प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, पीएलवी बेबी सिन्हा, मीना श्रीवास्तव, मालती देवी, यशोदा देवी, संगीता देवी, विधि के छात्र-छात्राएं एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने बच्चों से संबंधित कानूनों जैसे जे.जे एक्ट, पोक्सो एक्ट इत्यादि की जानकारी दी। नशा उन्मूलन पर फोकस किये और कहा कि नशा न करें, नशा से धन और स्वस्थ दोनों पर बुरा असर पड़ता है। उन्होंने बाल विवाह के रोकथाम के विषय पर बताया एवं बाल विवाह अधिनियम-2006 कानून की जानकारी लोगों को दी। श्री श्रीवास्तव ने मोटर वाहन दुर्घटना में प्राप्त होनेवाले मुआवजा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीड़ित या पीड़िता मुआवजा के लिए डालसा कार्यालय में आवेदन दे सकते है। पीड़िता अगर महिला हो तो केस लड़ने के लिए डालसा की ओर से निःशुल्क अधिवक्ता भी दिया जाता है। दहेज प्रथा कानून-1961 के बारे में विस्तार से बताये और कहा कि दहेज लेना और देना कानूनन अपराध है, इसमें सजा भी होती है। एमएसीटी एक्ट-1988 के बारे में जानकारी दी गयी। डालसा के पीएलवी बेबी देवी ने 08 मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत व आगामी 22 फरवरी को होनेवाले विशेष लोक अदालत की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वादकारी उक्त तिथि को आकर वादों का निस्तारण करा सकते है। पीएलवी मालती कुमारी ने वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन की जानकारी दी। पीएलवी बेबी सिन्हा ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं श्रम कार्ड की जानकारी दी और पेंशन से संबंधित लाभ लेने की बातें कहीं।




# रांची विश्वविद्यालय को एनएएसीए में बी++ ग्रेड प्वाइंट 2.81 मिलने पर एनएसयूआई ने खड़े किये सवाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : राज्य उपाध्यक्ष अमन अहमद ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजित कुमार सिन्हा पठन-पाठन, अध्यापन एवं प्रशासनिक व्यवस्था में कम और राजनीति करने में आगे हैं। इसका प्रमाण रांची विश्वविद्यालय को नैक टीम से B++ मिलना है। यह राज्य के छात्र छात्राओं के लिए काफी शर्मनाक है कि राज्य के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय को B++ मिला है जबकि इसके बाद में गठित विश्वविद्यालयों जैसे विनोबा भावे विश्वविद्यालय, कोल्हान एवं अन्य विश्वविद्यालय को भी नैक टीम ने B++ दिया है। गौरतलब हो कि रांची विश्वविद्यालय राजधानी के बीचों बीच हार्ट ऑफ द सिटी में स्थित है। राज्य सरकार इसके संवर्धन एवं विकास में सबसे अधिक राशि खर्च करती है। राज्य के अन्य विश्वविद्यालय की तुलना में रांची विश्वविद्यालय में आधारभूत सुविधा अत्यधिक है बावजूद इसे B++ मिलना दुर्भाग्य है। कुलपति डॉ सिन्हा अपने कार्यकाल में पूरी तरह फेल हैं। जहां तक शिक्षकों की कमी का प्रश्न है तो यह केवल रांची विश्वविद्यालय की बात नहीं है। राज्यभर के सभी विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है। बावजूद अन्य विश्वविद्यालय B++ लाते हैं और कुलपति महोदय शिक्षकों का रोना रोकर अपनी विफलता को छुपाने के कार्य कर रहे हैं। उन्हें बताना चाहिए रांची विश्वविद्यालय में शिक्षकों की कमी पिछले तीन दशकों से है लेकिन विश्वविद्यालय की ऐसी दुर्गति पहले कभी नहीं हुई जितना इनके कार्यकाल में हुआ है। दरअसल, यह कुलपति को रांची विश्वविद्यालय के संवर्धन और विकास से कोई लेना देना नहीं है। यही कारण है कि नैक टीम के दौरे पर रांची विश्वविद्यालय खरी नहीं उतर सकी और B++ पाकर सन्तुष्ट दिखी। यदि कुलपति विश्वविद्यालय हित का सोचते तो उनकी हर संभव कोशिश होती कि विश्वविद्यालय को A++ मिले। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन वर्तमान कुलपति के कार्यकाल से संतुष्ट नहीं है और उनके कार्यकाल की संपूर्ण जांच की मांग करती है।

# गोवा के छात्रों ने देखीं रांची विवि की गतिविधियां



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : अकादमिक एवं कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत गोवा युनिवर्सिटी से छात्रों शिक्षकों की टीम 17-19 फरवरी तक रांची विश्वविद्यालय पहुंची। गोवा से छात्रों के साथ समन्वयक डॉ. वाल्टसर मेनेजेस भी आये हैं, जो दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर हैं। सोमवार को गोवा युनिवर्सिटी से आये छात्रों और शिक्षकों की टीम का बेसिक साइंस परिसर में झारखंड की परंपरा के अनुसार गीत संगीत और नृत्य से भव्य स्वागत किया गया, जिसके बाद रांची युनिवर्सिटी के आइक्यूएसी कांफ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम में रांची युनिवर्सिटी के कुलपति, प्रो.अजीत कुमार सिन्हा ने उन्हें यहां आने के लिये आभार जताया और कहा कि वह झारखंड की संस्कृति और रांची युनिवर्सिटी के शैक्षणिक माहौल को करीब से देखें। कार्यक्रम में स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम तथा आइकेएस की कोर्डिनेटर डॉ. स्मृति सिंह ने कहा कि हमारा झारखंड कला संस्कृति के मामले में धनी राज्य है। रांची युनिवर्सिटी झारखंड का सबसे पुराना युनिवर्सिटी है जिसकी प्रतिष्ठित अकादमिक संस्कृति है।

# बाबा श्याम को 71 निशान अर्पित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : श्री श्याम मित्र मंडल का 101 सदस्य दल 16 फरवरी को खाटू पहुंचने के बाद रात्रि विश्राम श्री श्याम मित्र मंडल के विश्राम भवन में करके आज 17 फरवरी को पुनः सभी श्याम भक्तों ने रिंग्स स्थित परशुराम निशान भवन में निशान पूजन किया। मंडल के उपाध्यक्ष श्री श्रवण ढानढनिया मंजू ढानढनिया ने अखंड ज्योति प्रज्वलित कर बाबा श्याम को पेड़ा फल मेवा अर्पित कर अपनी मनोकामना अर्जी लगाई। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में 101 सदस्य दल ने प्रातः सभी विश्राम भवन से तैयार होकर बसों द्वारा रिंग्स स्थित परशुराम निशान भवन पहुंचा। रिंग्स में निशान पूजन के प्रभारी श्रवण ढानढनिया श्याम सुंदर शर्मा अनिल नारनौली श्रवण अग्रवाल बालकृष्ण अग्रवाल राजीव केडिया वेद भूषण जैन पप्पू अमित झुनझुनवाला निखिल नारनौली अमित सरावगी ने पूजन कार्य एवं निशान ध्वज बंधवाने भेंट बांधना आदि कार्यों में सहयोग कर निशान कीर्तन प्रारंभ करवाया। अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने श्रवण ढानढनिया मंजू ढानढनिया से प्रथम ज्योत दिलवाकर निशान पूजन कार्य प्रारंभ किया। भजनों का कार्यक्रम निरंतर सभी श्याम प्रेमी कर रहे थे। गणेश जी की वंदना के साथ भजनों का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। चढ़वा दे बाबा श्याम निशान म्हारो चढ़वा दे डोरी खींच के राखी जे यो है बाबा को निशान के भजनों का गायन कर भक्तगण भाव विभोर हो रहे थे।



# बिरसा मुंडा फन पार्क में एक दिवसीय योग ध्यान शिविर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सोमवार को जेल मोड़ स्थित बिरसा मुंडा फन पार्क में बिरसा मुंडा फन पार्क, स्कूल ऑफ योगा डिपार्टमेंट रांची यूनिवेसिटी एवं रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में आज एकदिवसीय योगा ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई विद्यार्थियों ने इस शिविर में भाग लिया। विद्यार्थियों ने योग क्रिया कपाल भारती,अनुलोम विलोम, भ्रामरी, गोमुखासन, ताड़ासन व ध्यान के बारे में विस्तार पूर्वक आसान किया और समझा। आधुनिक समय में हम लोग अपने खान पान, संतुलित रखकर व व्यायाम योग कर के अनेक बीमारियों से बच सकते है। विद्यार्थियों ने योग के माध्यम से स्वास्थ्य शरीर एवं तनाव रहित रहने का संकल्प भी लिया। योग के नियमित अभ्यास से हम अपने जीवन को स्वास्थ्य और रोगमुक्त रख सकते हैं। आज के इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय रांची के डी एस डब्लू श्री सुदेश कुमार साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## अबुआ अधिकार मंच की विचार गोष्ठी सम्पन्न, हजारों युवाओं ने लिया हिस्सा

# आन्दोलन और बलिदान से मिला है झारखंड, युवा इसे संवारने में आगे आयें : अनुज सिन्हा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : वरिष्ठ पत्रकार और लेखक अनुज कुमार सिन्हा ने कहा कि लंबे संघर्ष, आंदोलन और शहादत से झारखंड अलग राज्य का गठन हुआ है। युवाओं को इसे संवारने और हर झारखंडी के हक-अधिकार को सुरक्षित और सुनिश्चित करने के लिए आगे आना होगा। युवा अपनी क्षमता और ऊर्जा का बेहतर उपयोग अपने भविष्य को संवारने के साथ-साथ झारखंड के सतत विकास में लगाएं, यही झारखंड के शहीदों के प्रति सच्चा विश्वास और सम्मान होगा। वे रांची के मैथन हॉल में अबुआ अधिकार मंच द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी 'शहीदों का सपना और युवाओं की भागीदारी' में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने झारखंड आंदोलन, धरती पुत्रों के संघर्ष और शहादत पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को अलग राज्य गठन के उद्देश्य को समझना चाहिए और विचारों की क्रांति का अलख जगाने के लिए आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं की सामाजिक संगठनों में बढ़ती भागीदारी एक अच्छा संकेत है और इसे और मजबूत करने की आवश्यकता है।




**शहीदों के सपने को आत्मसात कर नेतृत्व करें युवा : प्रो. विनय भरत**

**कार्यक्रम** में प्रो. विनय भरत ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड शहीदों के बलिदान की देन है और इसे संवारने की जिम्मेदारी अब नई पीढ़ी पर है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नेतृत्वकारी भूमिका में आगे आएं और झारखंड के समग्र विकास के लिए सक्रिय योगदान दें। उन्होंने झारखंड में रोजगार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सामाजिक समरसता को मजबूत करने की दिशा में युवाओं की भागीदारी को जरूरी बताया।

**राज्य के ज्वलंत मुद्दों को सुलझाने के लिए आगे आयें युवा : सरजीत मिर्धा**

**झारखंड** आंदोलन के प्रमुख सेनानी सरजीत मिर्धा ने झारखंड आंदोलन के दौरान अपने संघर्ष के अनुभव साझा किए और युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे राज्य के ज्वलंत मुद्दों को सुलझाने के लिए सकारात्मक पहल करें। उन्होंने कहा कि झारखंड के जल, जंगल, जमीन की रक्षा के साथ-साथ युवाओं को राज्य में शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसरों के लिए आवाज बुलंद करनी होगी।

**युवा अपने हिस्से का योगदान देने के लिए तत्पर हों : डॉ. रामानुजम**

**इस** अवसर पर डॉ. रामानुजम ने भी अपने विचार रखते हुए युवाओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जब युवा झारखंड के शहीदों के संघर्ष को जानेंगे और पढ़ेंगे, तो वे स्वतः अपने राज्य के विकास और समस्याओं के समाधान में योगदान देने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए युवाओं को अपनी भूमिका तय करनी होगी।

**राजनीतिक दलों ने लड़ने भिड़ने वालों का केवल इस्तेमाल किया : घनश्याम मुंडा**

**सभी** राजनीतिक दलों के लड़ने भिड़ने वालो का केवल इस्तेमाल किया है। उन्हें ना राज्य से मतलब ना राज्यवासियों से। युवाओं को आगे आना होगा तो चुनावी भावना से ऊपर उठकर अपने अधिकार की लड़ाई लड़े। इस विचार गोष्ठी में हजारों की संख्या में युवा उपस्थित रहे और झारखंड के उज्ज्वल भविष्य के लिए संकल्प लिया।

### रांची में 12 व 13 अप्रैल को होगी अखिल भारतीय संयुक्त ब्राह्मण संघर्ष समिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक

**रांची** : अखिल भारतीय संयुक्त ब्राह्मण संघर्ष समिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 12 अप्रैल व 13 अप्रैल 2025 को मारवाड़ी धर्मशाला रांची झारखंड में सुनिश्चित है। 13 अप्रैल को झारखंड प्रांत का गठन किया जायेगा। उक्त बैठक के निमित्त समाज के लोगों से 11 अप्रैल को पहुंच कर 12 व 13 की बैठक में सम्मिलित होने और जनहित राष्ट्रीय हित ब्राह्मण हित में अपना विचार देने का आह्वान किया गया है। पांचो मैंगो को हिन्दुस्तान में लागू करने के लिए अगली रणनीति पर विचार कर निर्णय लिया जायेगा। 11 अप्रैल से 13 अप्रैल 2025 तक चाय-पानी, भोजन व विश्राम की व्यवस्था संगठन के संरक्षक मंडल के सम्मानित सदस्य डॉक्टर अर्जुन पांडेय झारखंड द्वारा की जायेगी। बताया गया है किअखिल भारतीय संयुक्त ब्राह्मण संघर्ष समिति का देश भर के ब्राह्मण संस्थाओं का संघ समूह है। अब चूंकि 12 व 13 अप्रैल को रांची में संयुक्त बैठक होने जा रही है, तो झारखंड के ब्राह्मणों से आह्वान किया गया है कि वे झारखंड की अधिकतम ब्राह्मण संस्थाओं को एकत्रित और एकजुट करके लायें।

## सम्पादकीय.....

# सर्वसम्मति बनानी ही होगी

**यूजीसी** कानूनों के मसौदे के विरोध में छह राज्य सरकारें एक साथ खड़ी हैं। राज्यों और केन्द्र के बीच इस मुद्दे पर मतभेदों और संवेदनशीलता की वजह विवादास्पद वीसी चयन प्रक्रिया और राज्यपालों की सक्रियता बतायी गयी है। इन सभी का एक साथ सामने आना कई सवाल खड़े करता है। यद्यपि, इन छह राज्यों ; यथा कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना में विपक्षी दलों का शासन है। ऐसे संकेत भी मिल रहे हैं कि अन्य कई राज्य भी भले इनके साथ एक मंच पर नहीं आये हों, लेकिन वे इस मसौदे से असहमति रखते हैं। यदि केवल इन छह राज्यों के विरोध की बात की जाये और यह मान लिया जाये कि इसके पीछे राजनीति की भी प्रत्यक्ष या परोक्ष भूमिका होगी, तो भी यूनिवर्सिटियों के संचालन, वाइस चांसलरों (वीसी) की चयन प्रक्रिया और असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति के लिए पात्रता जैसे मसलों पर केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच राजनैतिक विभाजन गम्भीर विषय है। केन्द्र और राज्यों में अलग-अलग दलों की सरकारों के बाद भी यदि पहले इस तरह का विभाजन नहीं दिखता था और अब दिख रहा है, तो बहुत स्पष्ट है कि किसी न किसी स्तर पर ऐसी गड़बड़ी आयी है या आ रही है, जो पहले नहीं थी। इन राज्यों की शिकायतों और सुझावों का जहां तक सवाल है, तो ऐसे मामलों पर चलताऊ ढंग से कोई निष्कर्ष निकाल लेना सही नहीं होगा। लेकिन, यदि राज्य सरकारों को वीसी के चयन में अपनी भूमिका पूरी तरह खत्म किये जाने पर एतराज है, तो उनकी आपत्ति को सहजता से खारिज नहीं किया जा सकता। शिक्षा आज भी समवर्ती सूची में है। ऐसे में इस बात का ख्याल रखना आवश्यक है कि राज्यों की भूमिका के लिए पर्याप्त गुंजाइश बनी रहे। केन्द्र और राज्य सरकारों के सम्बन्धों में यदि हाल के वर्षों में तनाव बढ़ा है, तो उसकी एक वजह ; खासकर विपक्ष शासित राज्यों में राज्यपालों की अति-सक्रियता भी है। इससे इन राज्य सरकारों के बीच ऐसा संदेह बना है कि केन्द्र सरकार राज्यपालों के जरिये उनके अधिकार क्षेत्र में दखलंदाजी करना चाहती है। बहुत सम्भव है कि यूजीसी नियमों के संदर्भ पर मतभेदों के ऐसा रूप लेने के पीछे भी इन संदेहों का हाथ हो। बहरहाल, अब कारण चाहे जो भी हो, केन्द्र और राज्यों के बीच इस तरह के संदेहों के लिए जगह नहीं होनी चाहिए, क्योंकि इसका कोई औचित्य नहीं बनता। इससे संविधान के संघीय ढांचे को भी देर-सबेर नुकसान पहुंचने का ही अंदेशा रहता है। ऐसे में अच्छा तो यही रहेगा कि इन मतभेदों को यथाशीघ्र दूर करने की दिशा में कदम बढ़ाये जायें। इसके लिए उपयुक्त मंच की आवश्यकता होगी। इस मंच पर अत्यन्त सामंजस्यपूर्ण तरीके से इसे सुलझाने का ईमानदार प्रयास किया जाना चाहिए। तात्पर्य यह कि यूजीसी कानूनों के मसौदे पर सर्वसम्मति बनायी ही जानी चाहिए।

# विवाह के झूठे वादों से दुष्कर्म के बढ़ते मामले

विशेष — प्रियंका सौरभ

**हाल** के वर्षों में बलात्कार के ऐसे मामलों की संख्या में वृद्धि हुई है, जिनमें अभियुक्त पर बलात्कार का आरोप लगाया जाता है। इन मामलों में, एक पुरुष, जिसने एक महिला से शादी करने का वादा किया है, उसके साथ यौन क्रियाकलाप और शारीरिक अंतरंगता में शामिल होता है, लेकिन बाद में अपने वादे से मुकर जाता है। अक्सर यह भूल कर कि उनके बीच सहमति से सम्बन्ध थे, महिला जो इससे गलत महसूस करती है, पुरुष पर बलात्कार का आरोप लगाती है। अतुल गौतम बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (2025) में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले के परिणाम हाल ही में एक ऐसे व्यक्ति को जमानत दे दी गयी, जिस पर विवाह की शपथ के बदले में अपने सहवास करनेवाले साथी के साथ बलात्कार करने का आरोप था।

**राष्ट्रीय** अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की नई रिपोर्ट में कहा गया है कि हर साल झूठी शादी की शपथ की आड़ में कई हजार बलात्कार के मामले दर्ज किए जाते है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा अतुल गौतम मामले में 2025 में दिए गए फैसले से यह सवाल उठता है कि न्यायिक व्याख्याएँ महिलाओं की स्वायत्तता और कानूनी सुरक्षा को कैसे प्रभावित करती हैं। बलात्कार और सेक्स के लिए सहमति देना स्पष्ट रूप से अलग-अलग हैं। इन स्थितियों में, न्यायालय को सावधानीपूर्वक विचार करना चाहिए कि क्या शिकायतकर्ता की पीड़िता से शादी करने की वास्तविक इच्छा थी या उसके कोई छिपे हुए उद्देश्य थे और उसने केवल अपनी वासना को शांत करने के लिए इस आशय का झूठा वादा किया था, क्योंकि बाद वाले को धोखा या छल माना जाता है। इसके अतिरिक्त, झूठा वादा न निभाने और उसे तोड़ देने में अंतर है। अभियुक्त द्वारा अभियोक्ता को यौन गतिविधि में शामिल होने के लिए लुभाने के इरादे के बिना किया गया वादा बलात्कार के रूप में मान्य नहीं होगा। अभियोक्ता अभियुक्त द्वारा बनाए गए झूठे प्रभाव के बजाय उसके प्रति अपने प्यार और जुनून के आधार पर अभियुक्त के साथ यौन सम्बंधों के लिए सहमति दे सकती है। वैकल्पिक रूप से, अप्रत्याशित या अनियंत्रित परिस्थितियों के कारण ऐसा करने का इरादा होने के बावजूद अभियुक्त उससे शादी करने में असमर्थ हो सकता है। इन स्थितियों को अलग तरीके से संभालने की आवश्यकता है। बलात्कार का मामला तभी स्पष्ट होता है जब शिकायतकर्ता का कोई दुर्भावनापूर्ण इरादा या गुप्त उद्देश्य हो। अतुल गौतम बनाम इलाहाबाद उच्च न्यायालय का फैसला सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करता है। यह फैसला अपर्णा भट बनाम के विपरीत है। 2021 के मध्य प्रदेश राज्य के फैसले में आरोपी और पीड़ित को द्वितीयक आघात से बचने के लिए जमानत पर रहते हुए संवाद करने से मना किया गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि निष्पक्ष सुनवाई की गारंटी के लिए, जमानत की आवश्यकताओं को आरोपी और उत्तरजीवी के बीच संचार के लिए बाध्य नहीं करना चाहिए। यह विचार कि विवाह बलात्कार के लिए एक उपाय है न कि अपराध के लिए सजा, ऐसी जमानत आवश्यकताओं द्वारा पुष्ट होता है, जो सामाजिक समझौते को कानून के शासन से आगे रखता है। रामा शंकर बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (2022) में जमानत देते समय इसी तरह के शब्दों का इस्तेमाल किया गया था, जिसने प्रतिवादी के खिलाफ अभियोजन पक्ष के मामले को कमजोर कर दिया। उत्तरजीवी को जमानत प्राप्त करने के लिए आरोपी द्वारा विवाह के लिए मजबूर किया जा सकता है, जिसके परिणामस्वरूप कानूनी व्यवस्था के भीतर निरंतर दुर्व्यवहार हो सकता है। अभिषेक बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (2024) ने न्याय की गारंटी देने के बजाय, अभियुक्त को विवाह के वादे के बदले में जमानत देकर एक दबावपूर्ण गतिशीलता बनाई। जो उत्तरजीवी को उचित पुनर्वास सहायता प्राप्त करने के बजाय अभियुक्त पर निर्भर रहने के लिए मजबूर करता है। किशोरों के निजता के अधिकार (2024) में न्यायालय द्वारा उत्तरजीवियों और बच्चों को आवास, शिक्षा और परामर्श प्रदान करने के राज्य के दायित्व पर प्रकाश डाला गया था। जमानत का उद्देश्य सामाजिक कर्तव्यों को लागू करना नहीं है, बल्कि मामला लंबित रहने तक अस्थायी स्वतंत्रता की गारंटी देना है। महिलाओं की स्वायत्तता और 'सम्मान' विचारधारा की निरंतरता इन न्यायिक निर्णयों से प्रभावित होती है, जो लैंगिक रूढ़ियों को भी मजबूत करती है। ऐसे निर्णय बलात्कार को अपराध से कम और पवित्रता के नुकसान को अधिक बनाते हैं, जो पितृसत्तात्मक धारणा को मजबूत करते हैं कि एक महिला की गरिमा विवाह से जुड़ी होती है। न्यायालयों ने पिछले कई निर्णयों में एक पीड़ित के पुनर्वास को विवाह के बराबर माना है, बलात्कार को शारीरिक स्वायत्तता के उल्लंघन के रूप में स्वीकार करने में विफल रहे। न्यायालय महिलाओं की स्वायत्तता को कमजोर करते हुए अपराधियों के साथ विवाह करने के लिए पीड़ितों पर दबाव डालकर कानूनी संरक्षण के तहत दुर्व्यवहार और नियंत्रण को बढ़ावा देते हैं। विवाह को एक उपाय मानने वाली अदालतें पीड़ित की सहमति की कमी को नजरअंदाज करती हैं, जिसका अर्थ है कि जबरदस्ती को कानूनी रूप से उचित ठहराया जा सकता है। महिलाओं को लगातार आघात और सुरक्षा जोखिमों के बावजूद अक्सर अपने दुर्व्यवहार करने वालों के साथ 'समझौता विवाह' में रहने के लिए मजबूर किया जाता है। अनुच्छेद 21 का उल्लंघन करते हुए, जो महिलाओं की स्वायत्तता और गरिमा की रक्षा करता है, ऐसे निर्णय महिलाओं को उनकी इच्छा के विरुद्ध सम्बंधों में मजबूर करके उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करते हैं। सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार, जबरन विवाह अनुच्छेद 21 का उल्लंघन करते हैं, जिससे पीड़ितों को न्याय के बजाय अधिक शोषण का सामना करना पड़ता है। ये निर्णय इस धारणा को बनाए रखते हैं कि विवाह यौन हिंसा को हल कर सकता है, इन घटनाओं को गंभीर अपराधों के बजाय नागरिक विवादों में बदल देता है।

# वंश बढ़ाने के नाम पर दो पत्नियां

गौरतलब — अमित बैजनाथ गर्ग

**दो** पत्नियां रखने में पुरुषों के सामने सामाजिक बंधन भी आड़े नहीं आते, क्योंकि इन परम्पराओं को सामाजिक रूप से ही स्वीकार किया जा रहा है। असल में इस तरह की परम्पराएं आधी आबादी पर अत्याचार करती हैं और उन्हें न चाहते हुए भी सामाजिक और शारीरिक शोषण के लिए मजबूर होना पड़ता है। इस पर हम सभी को मिल कर विचार करना है।

**आपने** देश-दुनिया में परंपराओं और चलन के नाम पर बहुत कुछ देखा और सुना होगा, लेकिन राजस्थान के दो जिलों बाड़मेर और जैसलमेर के कुछ गांवों में वंश बढ़ाने के नाम पर दो पत्नियां रखने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। पाकिस्तान से लगते इन दोनों सीमावर्ती जिलों के गांव इन परंपराओं को ईश्वर और खुदा की मर्जी मानकर जायज ठहराने की कोशिश भी करते हैं। ये परंपराएं इन गांवों में सालों से निभाई जा रही हैं। माना जाता है कि जब गांव में एक शादी करने वाले पुरुष की पत्नी गर्भवती नहीं होती है या फिर सिर्फ बेटी का जन्म ही होता है, तो दूसरी शादी की जा सकती है। दावा है कि हर शख्स की दूसरी पत्नी सिर्फ बेटे को ही जन्म देगी। वंश बढ़ाने के लिए यहां पुरुष दूसरी शादी करते हैं। सामाजिक मान्यता के चलते कोई भी महिला इसका विरोध नहीं कर पाती है। सबसे पहले बात करते हैं जैसलमेर जिले की। यहां स्थित रामदेयो की बस्ती में रहने वाले पुरुष दो बीवियां रखते हैं। स्थानीय लोग इसे एक सामान्य और स्वीकृत सामाजिक परंपरा मानते हैं। रामदेयो की बस्ती में कई पीढ़ियों से दो शादी करने की परंपरा चली आ रही है। यहां के लोग अपने रीति-रिवाजों को गर्व से निभाते हैं। गांव में पुरुषों को दो शादियों की इजाजत है। गांव के लोग मानते हैं कि किसी भी मर्द की पहली पत्नी कभी भी गर्भधारण नहीं कर पाती। अगर वह गर्भधारण करने में सफल भी हो जाती है, तो भी उसकी बेटी होती है। इसकी वजह से गांव में बेटियों की संख्या बढ़ जाती है। यही वजह है कि यहां के मर्द दो शादी करते हैं, ताकि उनके घर में बेटे का जन्म हो। इसके अलावा तर्क है कि क्षेत्र में समय-समय पर पुरुषों की संख्या कम रही है, जिससे समाज में संतुलन बनाए रखने के लिए दो शादियों की व्यवस्था की गई है। पुरुषों में जहां ये परंपरा आम है, वहीं महिलाएं भी इसे पूरी तरह से स्वीकार करती हैं। महिलाएं अपने पति के साथ-साथ उसकी दूसरी पत्नी को भी परिवार का हिस्सा मानती हैं और विरोध नहीं करतीं। कई बार तो पहली पत्नी ही अपने पति के लिए दूसरी पत्नी का चुनाव करती है। अब बात करते हैं बाड़मेर जिले की। यहां के देरासर गांव में भी अनोखी परंपरा प्रचलित है। इसमें पत्नी के गर्भवती होने पर पति दूसरी शादी कर लेते हैं। यह परंपरा भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के समीप स्थित इस गांव में सैकड़ों वर्षों से चली आ रही है। ग्रामीण मानते हैं कि अगर पत्नी गर्भवती हो और पति दूसरी शादी न करे, तो नवजात शिशु की सेहत पर बुरा असर पड़ता है।

## आज का इतिहास

- जहांगीर ने सन 1614 को मेवाड़ पर कब्जा किया।
- फ्रांसीसी खोजी ला सेले ने 1695 में टेक्सास में बस्ती बसायी।
- चार्ल्स गोल्डेन के नेतृत्व में ब्रिटिश फौजें 1884 में सुडान पहुंची।
- श्यामजी कृष्णवर्मा ने 1905 में इंडिया होमरूल सोसायटी की स्थापना लंदन में की।
- 1911 में विमान से पहली बार डाक पहुंचाने का काम भारत में हुआ।
- 1915 में प्रथम विश्वयुद्ध में जर्मनी ने इंग्लैंड की नाकेबन्दी की।
- नाजी सेना ने 1943 में व्हाइट रोज आन्दोलन के सदस्यों को गिरफ़्तार किया।
- द्वितीय विश्वयुद्ध में 1945 में इवा जिमा के लिए लड़ाई शुरू हुई।
- मुंबई में 1946 में रॉयल इंडियन नेवी (नौसेना) का विद्रोह हुआ।
- पहले चर्च आफ साइंटोलॉजी की स्थापना 1954 में लॉस एंजिलिस में की गयी।
- गांबिया को 1965 में ब्रिटेन के शासन से स्वतंत्रता मिली।
- भारत ने 1971 में अरवी सैटेलाइट स्टेशन के जरिये ब्रिटेन के साथ पहला उपग्रह सम्पर्क कायम किया।
- अमेरिका ने 1979 में भारत को 1664 करोड़ रुपये का चेक दिया जो कि दुनिया में सबसे बड़ी रकम का चेक माना जाता है।
- सहारा रेगिस्तान में 1979 में पहली और अब तक के रिकार्ड में अंतिम बार हिमपात की घटना हुई।
- अफगान सरकार ने 1989 में आपात स्थिति की घोषणा की।
- आयरिश रिपब्लिकन आर्मी ने 1991 में विक्टोरिया स्टेशन पर हुए विस्फोट की ज़िम्मेदारी ली, जिसमें अनेक लोग हताहत हुए।
- सी. सुब्रह्मणयम 1998 में भारत रत्न से सम्मानित।
- बांग्लादेश और भारत के बीच 1999 में बस सेवा पर समझौता।
- एफबीआई एजेंट रॉबर्ट हैनसेन को सोवियत संघ के लिए जासूसी करने के आरोप में 2001 में गिरफ्तार किया गया और दोषी ठहराये जाने के बाद उसे उम्रकैद की सजा सुनाई गयी।
- दिल्ली से लाहौर जा रही समझौता एक्सप्रेस में 18 फरवरी,2001 में एक भीषण बम धमाका हुआ, जिसमें करीब 68 लोगों की मौत हो गयी।

## ● किसने क्या कहा



किसान हित को सदैव सर्वोपरि रखें अधिकारी

**शिवराज सिंह**
**केन्द्रीय कृषि मंत्री**

वन्य जीव पर्यटन का वैश्विक केन्द्र बन कर उभर रहा है मध्य प्रदेश

**मोहन यादव**
**मुख्यमंत्री (मध्य प्रदेश)**



## अंकजाल - 7823

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*



**अंकजाल 7822 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रभु भक्ति में बीते समय

**यह** भौतिक जगत प्रकृति के गुणों के चमत्कार के अन्तर्गत कार्य कर रहा है। मनुष्य को चाहिए कि वह अपनी चेतना कृष्ण कार्य में लगाए। कृष्णकार्य भक्तियोग के नाम से विख्यात हैं। इसमें न केवल कृष्ण अपितु उनके विभिन्न पूर्णांश भी सम्मिलित हैं- यथा राम तथा नारायण। कृष्ण के असंख्य अंश हैं, जो उनके किसी भी रूप या पूर्णांश की सेवा में प्रवृत्त होता है, उसे दिव्य पद पर स्थित समझना चाहिए। कृष्ण के सारे रूप पूर्णतया दिव्य और सच्चिदानन्द स्वरूप हैं। ईश्वर के ऐसे रूप सर्वशक्तिमान तथा सर्वज्ञ होते हैं और उनमें समस्त दिव्यगुण पाये जाते हैं। अतः यदि कोई कृष्ण या उनके पूणाशों की सेवा में दृढ़संकल्प के साथ प्रवृत्त हो तो (यद्यपि प्रकृति के गुण जीत पाना कठिन है) वह उन्हें सरलता से जीत सकता है। कृष्ण की शरण ग्रहण करने पर प्रकृति के गुणों का प्रभाव लांघा जा सकता है। कृष्णभावनामृत या कृष्ण-भक्ति में होने का अर्थ है, कृष्ण के साथ समानता प्राप्त करना। भगवान कहते हैं कि उनकी प्रकृति सच्चिदानन्द स्वरूप है और सारे जीव परम के अंश हैं। जीव अपनी आध्यात्मिक स्थिति में स्वर्ण के समान या कृष्ण के समान गुण वाला होता है। किन्तु व्यष्टित्व का अन्तर बना रहता है अन्यथा भक्तियोग का प्रश्न ही नहीं उठता। भक्तियोग का अर्थ है कि भगवान और भक्त के बीच प्रेम का आदान-प्रदान चलता रहता है। अतएव भगवान में और भक्त में दो व्यक्तियों का व्यष्टित्व वर्तमान रहता है, अन्यथा भक्तियोग का कोई अर्थ नहीं है।

## सुविचार

सत्य से प्यार करें और गलती को क्षमा कर दें
**वाल्टेयर**

सीखने से मस्तिष्क कभी थकता नहीं
**अज्ञात**

# स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने और न लगाने पर दुनिया भर में बहस

**डॉ. आरबी चौधरी**

**स्कूलों** में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध एक वैश्विक बहस का विषय बन गया है। जबकि कुछ देशों ने स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है, अन्य देशों ने इसके उपयोग को कानूनी दायरे में लाने का फैसला किया है। यूनेस्को की ग्लोबल एजुकेशन मॉनिटरिंग (जेम) टीम के अनुसार, कम से कम 79 शिक्षा प्रणालियों ने स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है, जो बच्चों के शिक्षा और गोपनीयता पर इसके प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त करते हैं। फ्रांस में वर्ष 2018 में स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया था जो छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और शैक्षिक प्रदर्शन पर इसके प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त करता था। इसी तरह, कुछ ऑस्ट्रेलियाई और ब्रिटिश स्कूलों ने भी स्कूल घंटों के दौरान स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है, जो विचलित होने और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त करते हैं। अन्य देशों ने भी स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाए हैं। चीन के झेंगझओए शहर में, माता-पिता को अपने बच्चों को प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में स्मार्टफोन का उपयोग करने के लिए लिखित सहमति देनी होती है। इसके अलावा, कुछ देशों ने गोपनीयता की चिंताओं के कारण शैक्षिक सेटिंग्स से विशिष्ट अनुप्रयोगों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। डेनमार्क और फ्रांस ने दोनों ने गूगल वर्कस्पेस पर प्रतिबंध लगा दिया है, जबकि जर्मनी के कुछ राज्यों ने माइक्रोसॉफ्ट उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

इसके विपरीत, कुछ देशों ने स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग को विनियमित करने का फैसला किया है, इसके बजाय प्रतिबंध लगाने के। यह दृष्टिकोण शैक्षिक सेटिंग्स में स्मार्टफोन के संभावित लाभों को स्वीकार करता है, जैसे कि ऑनलाइन संसाधनों तक पहुंच और छात्रों और शिक्षकों के बीच संचार को सुविधाजनक बनाने की क्षमता। भारत में, उदाहरण के लिए, सरकार ने स्कूलों में स्मार्टफोन के जिम्मेदार उपयोग के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जो शिक्षकों को इन उपकरणों को शिक्षा और सुरक्षा को बढ़ावा देने वाले तरीके से अपने शिक्षण प्रथाओं में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

सिंगापुर ने भी स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग को विनियमित करने के लिए कई पहल शुरू की हैं, जिनमें मोबाइल डिवाइस प्रबंधन सॉफ्टवेयर का उपयोग शामिल है ताकि स्मार्टफोन के उपयोग पर निगरानी और नियंत्रण किया जा सके। इसी तरह, कुछ कनाडाई स्कूलों ने स्कूल घंटों के दौरान स्मार्टफोन के उपयोग को विनियमित करने के लिए नीतियां लागू की हैं, जिनमें निर्दिष्ट 'टेक-फ्री' क्षेत्रों का उपयोग शामिल है।

स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने या इसके उपयोग को विनियमित करने का निर्णय शैक्षिक समुदाय की विशिष्ट आवश्यकताओं और चिंताओं सहित विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। इसके बजाय एक समग्र प्रतिबंध लगाने के बजाय, स्कूलों और सरकारों को एक संतुलन खोजने का प्रयास करना चाहिए जो छात्रों को स्मार्टफोन के लाभों का लाभ उठाने की अनुमति देता है जबकि जोखिमों को कम करता है। स्पष्ट नीतियों को लागू करके, छात्रों और शिक्षकों को शिक्षित करके, और स्मार्टफोन के उपयोग पर निगरानी करके, स्कूल स्मार्टफोन के उपयोग को विनियमित करने में मदद कर सकते हैं जो शिक्षा, सुरक्षा और जिम्मेदार व्यवहार को बढ़ावा देता है।

## राशिफल

**मेष** — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जायेगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवा कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। सावधान रहें।

**तुला** — निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**वृष** — शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी।

**मिथुन** — शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**धनु** — चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**कर्क** — रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पायेगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पायेंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**मकर** — थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा।

**सिंह** — समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**कुंभ** — कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडम्बरपूर्ण और व्ययकारी होगा। सतर्क रहें।

**कन्या** — आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें, तो अच्छा ही होगा।

**मीन** — प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य सम्पन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे।

# ज्ञान के पुल बनातीं दो महाशक्तियां

गौरतलब — सुनिधि मिश्रा

**छात्र** और संकाय विनिमय को बढ़ावा देने के लिए, अंतरराष्ट्रीय संकाय की नियुक्ति में सुगमता, छात्र विनिमय कार्यक्रमों को प्रोत्साहन, और संयुक्त डिग्री कार्यक्रमों की सुविधा प्रदान की जायेगी। गुणवत्ता नियंत्रण के लिए नियमित मूल्यांकन, अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन, और पारदर्शी मूल्यांकन प्रणाली का प्रावधान किया गया है। इस पहल से शैक्षिक क्षेत्र में व्यापक लाभ की उम्मीद है। उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा, वैश्विक शैक्षिक मानकों का समावेश होगा, और अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

**वैश्विक** शैक्षिक परिदृश्य में एक नया अध्याय लिखा जा रहा है, जहां दो महाशक्तियां-भारत और अमेरिका-ज्ञान के क्षेत्र में अभूतपूर्व सहयोग का विस्तार कर रही हैं। यह साझेदारी केवल दो देशों के बीच का समझौता नहीं, बल्कि वैश्विक शैक्षिक क्रांति का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। भारत, जिसे प्राचीन काल से 'विश्व गुरु' के रूप में जाना जाता है, और अमेरिका, जो आधुनिक शिक्षा का वैश्विक केंद्र है, अपनी विशिष्ट शक्तियों को एक साथ ला रहे हैं। इस सहयोग की नींव में दोनों देशों की समृद्ध शैक्षिक परंपराएं और नवीन दृष्टिकोण शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा ने भारत-अमेरिका संबंधों में एक नया अध्याय जोड़ा है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का यह प्रयास भविष्य की दिशा तय करने वाला साबित होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर कहा कि ₹भारत और अमेरिका के बीच शैक्षिक सहयोग केवल दो देशों के बीच का सहयोग नहीं है, बल्कि यह वैश्विक ज्ञान और नवाचार का एक नया मॉडल है।₹ वर्तमान में 3 लाख से अधिक भारतीय छात्र अमेरिका में अध्ययनरत हैं, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था में प्रतिवर्ष 8 बिलियन डॉलर का योगदान करते हैं। इस तथ्य को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह आंकड़ा भारतीय प्रतिभा की गुणवत्ता और अमेरिकी शैक्षिक संस्थानों में भारतीय छात्रों की स्वीकार्यता को दशार्ता है।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विदेशी विश्वविद्यालयों के लिए भारत में एक अनुकूल वातावरण तैयार करने की पहल भारतीय उच्च शिक्षा में एक नए युग की शुरूआत का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस महत्वपूर्ण पहल पर विशेष ध्यान देते हुए कहा कि यह भारतीय शिक्षा व्यवस्था में एक क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगी। नई शिक्षा नीति के तहत, विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में कैंपस स्थापित करने की अनुमति दी गई है, जिसके लिए एक सरलीकृत नियामक ढांचा और एकल खिड़की मंजूरी प्रणाली की व्यवस्था की गई है।

इस नीति के तहत विदेशी विश्वविद्यालयों को प्रवेश और फीस निर्धारण में पर्याप्त स्वायत्तता दी गई है, साथ ही अकादमिक और प्रशासनिक स्वतंत्रता का भी आश्वासन दिया गया है। पाठ्यक्रम और अनुसंधान के क्षेत्र में, विश्वविद्यालयों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के पाठ्यक्रमों को अपनाने की स्वतंत्रता होगी, साथ ही वे भारतीय परिवेश के अनुरूप इन पाठ्यक्रमों में आवश्यक समायोजन भी कर सकेंगे। संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं और नवीन शिक्षण पद्धतियों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा। बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिसमें आधुनिक शैक्षिक सुविधाओं, डिजिटल और भौतिक संसाधनों का एकीकरण, अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना, और छात्र सुविधाओं का विकास शामिल है। वित्तीय पहलुओं पर भी गंभीरता से विचार किया गया है, जिसमें निवेश के लिए अनुकूल नीतियां, कर लाभ और प्रोत्साहन, वित्तीय स्वायत्तता, और लाभ के पुनर्निवेश की अनुमति जैसे प्रावधान शामिल हैं।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423**, **प्रबंध सम्पादक**: नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)**: विष्णु शंकर उपाध्याय*। दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### बनवारी साहू महाविद्यालय के इग्नू सेवा केन्द्र में इग्नू नामांकन जारी




**लातेहार** : जिले के बानपुर स्थित बनवारी साहू महाविद्यालय में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) सेवा केंद्र में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। इच्छुक विद्यार्थी 28 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। इग्नू सेवा केंद्र के कोऑर्डिनेटर प्रो. शत्रुघ्न मेहता ने बताया कि इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने का यह सुनहरा अवसर है। उन्होंने बताया कि इग्नू की पढ़ाई पूरी तरह से मुक्त शिक्षा प्रणाली पर आधारित है, जिससे छात्र अपनी सुविधानुसार अध्ययन कर सकते हैं। यह विशेष रूप से उन छात्रों के लिए फायदेमंद है जो किसी कारणवश नियमित शिक्षा ग्रहण करने में असमर्थ हैं।उन्होंने आगे कहा कि इग्नू के कोर्स रोजगारपरक और करियर उन्नति के लिए बेहद उपयोगी हैं। विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न विषयों में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान की जाती है। नामांकन प्रक्रिया ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उपलब्ध है। इस अवसर पर श्री मेहता ने छात्रों से अधिक से अधिक संख्या में नामांकन लेने की अपील की है।

### जिला पंचायती राज स्थापना समिति की बैठक सम्पन्न

**लातेहार** : जिला पंचायती राज स्थापना समिति की बैठक उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिले में पदस्थापित पंचायत सचिवों के स्थानांतरण से संबंधित आवेदनों पर विचार किया गया। विशेष रूप से चिकित्सा आधार पर प्राप्त आवेदनों को संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इन आवेदनों की जांच के लिए मेडिकल टीम का गठन किया जाएगा, जिसके बाद सिविल सर्जन की अनुमति से ही स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी होगी। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, प्रभारी पदाधिकारी (जिला स्थापना शाखा) मेरी मड़की, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### शनिचरवा महली के घर पहुंचे पीएलवी सदस्य

**गुमला** : जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ने मामले का संज्ञान लेते हुए माननीय सचिव डालसा को घटना की जानकारी कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिस क्रम में माननीय सचिव रामकुमार लाल गुप्ता के निर्देश पर पीएलबीयों ने घटनास्थल का दौरा किया और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनकी स्थिति की जानकारी लिया। गुमला शहरी क्षेत्र के वार्ड संख्या 16 करम टोली बस्ती शनिचरावा महली के घर पीएलवी राजेश सिंह एवं प्रेम कुमार शाह पहुंचे तथा उनके परिजनों से मिलकर उनके घर की स्थिति जाना मृतक तेतरु महली की पत्नी का निधन पहले हो चुका है परिवार में मृतक के पिता शनिचरवा महली तथा माता पैरों देवी हैं।

### रमेश प्रसाद यादव बीएड कॉलेज में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**कोडरमा** : रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में दिनांक 17 .02 .2025 दिन सोमवार को महाविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास समिति एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वाशन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वधान में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय Capacity development of trainees to write the Seminar paper/article था। यह आयोजन महाविद्यालय के बहुउद्देशीय सभागार में आयोजित की गयी। इस कार्यक्रम में सत्र: 2024-26 के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। इस मौके पर रिसोर्स पर्सन के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार मौजूद रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य व सहायक प्राध्यापकों द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।

---

### पलामू उपायुक्त ने डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर भीड़ नियंत्रण के इंतजाम व अन्य आवश्यक सुविधाओं का लिया जायजा

# रेल यात्रियों की सुरक्षा-सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता : डीसी

## रेलवे स्टेशन पर जिला प्रशासन की ओर से मजिस्ट्रेट, मेडिकल टीम व एम्बुलेंस की होगी तैनाती

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ मेले के दौरान रेल परिवहन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं अन्य रेल यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने धनबाद रेल मंडल के डालटनगज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्लेटफॉर्म की लंबाई-चौड़ाई, भीड़ नियंत्रण के इंतजाम, यातायात व्यवस्था, पार्किंग सुविधा आदि का बारिकी से जायजा लिया। उन्होंने महाकुंभ मेले के लिए प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं एवं अपने गंतव्य तक यात्रा करने वाले अन्य यात्रियों को सुगम और सुरक्षित यात्रा का अनुभव मिले, इसके लिए सभी आवश्यक उपाय लागू किए जाने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी रेल यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सवोच्च प्राथमिकता है। उपायुक्त ने स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 के पूरे क्षेत्र में भ्रमण किया। यहां से स्टेशन के अन्य प्लेटफॉर्म एवं स्टेशन क्षेत्र में उपलब्ध व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने भीड़ नियंत्रण के इंतजामों, सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर बैठने की सुविधा, पेयजल, स्टेशन के बाहरी भाग में पार्किंग सुविधा आदि अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपायुक्त ने बताया कि डालटनगंज रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन 10 से 15 हजार रेल यात्रियों का आवगमन होता है। विशेषकर शाम से मध्य रात्रि के बाद तक परिचालित एक्सप्रेस और अन्य ट्रेनों में बड़ी संख्या में यात्री सफर करते हैं। उन्होंने रेलवे स्टेशन पर भीड़ की संभावना के मद्देनजर रेलवे प्रशासन को सहयोग हेतु जिला प्रशासन की ओर से मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति एवं मेडिकल टीम एवं एंबुलेंस तैनात करने का निदेश दिया, ताकि रेल यात्रियों को सुविधा मुहैया हो सके। साथ ही मेदिनीनगर नगर निगम की ओर अन्य आवश्क कदम उठाने का निदेश दिया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा सहित रेलवे की ओर से स्टेशन अधीक्षक उमेश कुमार, यातायात इंस्पेक्टर अनिल तिवारी, वाणिज्य अधीक्षक राजीव रंजन, वाणिजय यातायात निरीक्षक विकास कुमार, स्वास्थ्य निरीक्षक क्षितिज कुमार प्रधान, सहायक मंडल अभियंता मनोहर कुमार आदि उपस्थित रहे।




---

## वीर बुधु भगत की धूमधाम से मनायी गयी जयंती



**लातेहार** : सदर प्रखंड के ग्राम खैरा जागीर के धूमकुड़िया में जिला पड़हा लातेहार के तत्वावधान में आदिवासी समाज के महान क्रांतिकारी बाबा वीर बुधु भगत की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग, अगुवा एवं ग्रामीण एकत्रित हुए।कार्यक्रम की शुरुआत बाबा बीर बुधु भगत के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई। उपस्थित जनसमूह ने उनके आदर्शों को आत्मसात करने और जल, जंगल एवं जमीन की रक्षा करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने बाबा बीर बुधु भगत के संघर्षमयी जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह कर आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा की थी।बैठक की अध्यक्षता पड़हा बेल चूरामन उरांव ने की। उन्होंने सभी ग्रामवासियों को बधाई देते हुए बाबा बीर बुधु भगत के दिखाए सतमार्ग पर चलने की अपील की।

---

## पूर्व शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने सैकड़ों लोगों को दिलायी झामुमो की सदस्यता

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने अपने लातेहार स्थित आवासीय परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन कर सैकड़ों लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से अंकित पाण्डेय, विशाल कुमार, तौहीद आलम, मंजर हुसैन, अशोक यादव, शुभम गुप्ता, उपेंद्र प्रजापति, शमशेर आलम, जयकिशोर उपाध्याय, अंकित उपाध्याय, नीरज रजक और सद्दाख शामिल रहे।इस अवसर पर बैद्यनाथ राम ने कहा कि झामुमो झारखंड की अस्मिता और अधिकार की रक्षा के लिए सदैव संघर्षरत रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता का झामुमो पर लगातार विश्वास बढ़ रहा है और पार्टी राज्य में और अधिक मजबूती के साथ उभर रही है। उन्होंने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि सभी को झारखंड के विकास और आदिवासी-संविधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए मिलकर काम करना होगा। नए सदस्यों ने पार्टी नेतृत्व में विश्वास जताते हुए झामुमो की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



---

### प्रथम विधानसभा स्पीकर इंदर सिंह नामधारी ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित, बोले

## स्वास्थ्य ही असली धन, वेद प्रकाश येलो बेल्ट से सम्मानित



**ओम प्रकाश**

**मेदिनीनगर** : रेडमा पांकी रोड स्थित द कराटे एकेडमी में बेल्ट ग्रेडिंग समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के प्रथम विधानसभा स्पीकर इंदर सिंह नामधारी उपस्थित हुए। द कराटे एकेडमी के खिलाड़ियों ने मुख्य अतिथि के रूप में इंदर सिंह नामधारी के समक्ष कराटे का डेमोंसट्रेशन दिखाया। खिलाड़ियों के हुनर को देखते हुए मौके पर इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि दवा कोई वर्जिस से बेहतर नहीं ये नुस्का है काम खर्च वाला नसी, अगर आपका शरीर ठीक है तो समझिए आप सबसे बड़े धनी हैं। मैंने देखा इस एकेडमी की छोटी छोटी बच्चियां बिना डरे भाला पर खड़ी हो गई। पलामू के सभी बच्चियों को कराटे की ट्रेनिंग लेनी चाहिए ताकी उन्हे कोई छेड़ने की कोशिश करें तो उन्हें करारा जवाब दे सके। मैं द कराटे एके-डमी के कार्यो से बहुत प्रसन्न हुआ हूं सभी को सीखना चाहिए पढ़ाई अपनी जगह है और मार्शल आर्ट की कला अपनी जगह। मौके पर द कराटे एकेडमी के निर्देशक सुमित बर्मन ने कहा की विगत 12 वर्षों से पलामू जिला में मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग दे रहा हूं। हर वर्ष यहां के खिलाड़ी खेलों इंडिया, एस.जी.एफ.आई में जाकर भारत के लिए पदक जीत रहे है । इस एकेडमी कई खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी जीत कर पलामू जिला को गौरवान्वित किया है। द कराटे एकेडमी में इस वर्ष बेल्ट पदोन्नति प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के नाम और बेल्ट ,येलो बेल्ट वेद प्रकाश, शिवांश वात्सल्य, ऑरेंज बेल्ट ज्योति कुमारी, सुशांत कुमार, तमन्ना शरण श्रीकांत कुमार सिंह, सत्यम कुमार ठाकुर, ग्रीन बेल्ट भार्गव दुबे, श्री आयुष्मान, स्नेहा कुमारी अनामिका मेहता, अन्वी पांडे, रोशन कुमार, ब्लू बेल्टः रिशु राज डांगी, आदित्य अविनाश सूर्या, सॉरी अविनाश सूर्या, पर्पल बेल्टः डी कार्तिकेय, अफजल आलम, अर्पित राज, प्रियांशु कुमार, शौर्य शुक्ला, रोहित कुमार, डी विष्णु हसन, ब्राउन थर्ड सम्यक स्नितिक, राहुल कुमार, समीर कुमार, उमंग दुबे, अंशिका प्रिया , ब्राउन सेकेंड सौभाग्य सिद्धार्थ, ब्राउन फर्स्ट काजल कुमारी।कार्यक्रम का संचालन द्रोणाचार्य तीरंदाजी अकादमी के प्रशिक्षक अमरेश कुमार कर रहे दे।

---

## नेतरहाट में 10 वर्षीय मासूम की निर्मम हत्या, इलाके में दहशत व आक्रोश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले के नेतरहाट में एक 10 वर्षीय मासूम की दर्दनाक हत्या से पूरे क्षेत्र में दहशत और गुस्से का माहौल है। मृतक क्षितिज शर्मा, जो स्थानीय निवासी प्रभात शर्मा का पुत्र था, रविवार रात से लापता था। परिवार ने उसे रातभर खोजा, लेकिन सुबह उसका शव स्वास्थ्य केंद्र के पास झाड़ियों में क्षत-विक्षत हालत में मिला।



**घर से गायब हुआ बच्चा, सुबह मिला शव**

रात 08 बजे खाना खाने के बाद क्षितिज अपने कमरे की ओर गया था, लेकिन कुछ देर बाद जब उसकी मां ने देखा तो वह वहां नहीं था। पूरी रात उसकी तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अंततः पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद खोजबीन शुरू हुई।सोमवार सुबह पुलिस ने झाड़ियों में क्षितिज का शव बरामद किया। हत्यारों ने उसकी दोनों आंखें फोड़ दी थीं और उंगलियां भी तोड़ दी गई थीं, जिससे हत्या की नृशंसता साफ झलकती है। शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया, और पूरे गांव में सनसनी फैल गई।

**इलाके में आक्रोश, जांच में जुटी पुलिस**

इस घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि नेतरहाट जैसे शांत इलाके में ऐसी घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है और जल्द ही दोषियों को पकड़ने का आश्वासन दिया है।

---

## झारखंड में रक्तदान जागरूकता को मिलेगा नया आयाम, राज्य स्तरीय फेडरेशन का गठन

### कार्यकारिणी समिति में लातेहार के विकास कांत शामिल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन, झारखंड (वीबीडीए) और जमशेदपुर ब्लड सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय रक्तदान कार्यकताओं के सम्मेलन का समापन राज्य फेडरेशन के गठन के साथ हुआ।सम्मेलन के अंतिम दिन फेडरेशन ऑफ वॉलंटरी ब्लड डोनर्स ऑर्गेनाइजेशन, झारखंड का गठन किया गया। इसमें लोहरदगा के सजल कुमार को अध्यक्ष, जमशेदपुर के अनूप श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष, पूर्वी सिंहभूम के कमल घोष को महासचिव और धनबाद के गोपाल भट्टाचार्य को संयुक्त सचिव बनाया गया। इसके अलावा,हजारीबाग के एम. हक भारती को कोषाध्यक्ष और रामगढ़ के विवेकानंद वर्मा को सह-कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।कार्यकारिणी समिति में लातेहार के विकासकांत पाठक और गढ़वा के विवेक तिवारी को शामिल किया गया। वहीं, झारखंड में रक्तदान आंदोलन के प्रणेता सुनील मुखर्जी को फेडरेशन का मार्गदर्शक नियुक्त किया गया। सम्मेलन में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन, झारखंड के प्रशिक्षण समन्वयक प्रदीप घोषाल ने संगठन की गतिविधियों और आगामी योजनाओं पर प्रकाश डाला। डॉ. कामथ ने ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट को ध्यान में रखते हुए रक्तदान से जुड़े नियमों की जानकारी दी।

---

## बनसानी पंचायत के प्राथमिक विद्यालय रोहो में बिगत 08 फरवरी से बंद है मध्याह्न भोजन

**भवनाथपुर** : शिक्षा विभाग की ढुलमुल रवैया और विद्यालय प्रबंध समिति के लापरवाही के कारण प्रखंड अंतर्गत बनसानी पंचायत के प्राथमिक विद्यालय रोहो में बिगत 8 फरवरी 2025 से मध्याह्न भोजन बंद है। इससे विद्यालय में अध्यनरत सभी छात्र छात्राएं 10 दिनों से मध्यान भोजन से वंचित है। स्कूल में बच्चों को मध्यान भोजन नहीं मिलने से स्थानीय शिक्षा विभाग एवं स्कूल प्रबंधन के खिलाफ लोगों में आक्रोश व्याप्त है। स्कूली छात्र सुचिता कुमारी, मधु कुमारी, नेहा कुमारी, अंजली कुमारी, सहदेव कुमार, अनुराग कुमार, अनमोल कुमार, प्रिंस कुमार नें कहा कि विद्यालय में मध्यान भोजन पिछले दस दिनों बंद है। स्कूल में मध्याह्न भोजन नहीं मिलने से सभी छात्र छात्राओं को खाना खाने के लिए घर जाना पड़ रहा है, इससे बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। कहा कि पूर्व के प्रधानाध्यापक द्वारा हम लोगो को कभी भी अंडा नहीं दिया गया है। जबकि उक्त विद्यालय में कुल सैकड़ों बच्चें नामांकित है।

---

## गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज में कमिंस इंडिया लिमिटेड ने प्लेसमेंट ड्राइव का किया आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज ने 17 फरवरी 2025 को कमिंस इंडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव की सफलतापूर्वक मेजबानी की, जिसमें विभिन्न पॉलिटेक्निक संस्थानों के छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण रोजगार अवसर प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड के 16 विभिन्न पॉलिटेक्निक कॉलेजों से 510 छात्रों ने पंजीकरण कराया, जिसमें भारी प्रतिक्रिया देखी गयी। प्लेसमेंट ड्राइव की शुरूआत कॉलेज के सेमिनार हॉल में प्री-प्लेसमेंट टॉक के साथ हुई, जहां कमिंस इंडिया लिमिटेड की मानव संसाधन टीम ने छात्रों को कंपनी, इसकी कार्य संस्कृति और कैरियर की संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कंपनी के प्रतिनिधि ने संभावित भर्ती के लिए उम्मीदवारों का मूल्यांकन करने के लिए तकनीकी और मानव संसाधन साक्षात्कार आयोजित किए। चयन प्रक्रिया के परिणाम 19 फरवरी 2025 तक छात्रों को ईमेल के माध्यम से सूचित किए जाएंगे। प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन कमिंस इंडिया लिमिटेड की टीए टीम के प्रमुख प्रतिनिधि श्री अदनान मोहम्मद द्वारा किया गया। कमिंस इंडिया लिमिटेड तीन प्राथमिक व्यावसायिक इकाइयों- इंजन, पावर सिस्टम और वितरण -में काम करता है, जो ऑटोमोटिव क्षेत्र के लिए डीजल और प्राकृतिक गैस इंजन, साथ ही जनरेटर और पावर सिस्टम का निर्माण करता है। 1962 में स्थापित, कंपनी लगभग 30 बिलियन डॉलर के वार्षिक राजस्व के साथ अपने क्षेत्र में लगातार अग्रणी रही है।




---

## विधायक डॉ. शशि भूषण मेहता पहुंचे पांकी आगजनी की घटना के बारे में ली जानकारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू** : पांकी मे राजीव फैंसी मॉल मे अगजनी की घटना के बाद क्षेत्रीय विधायक डॉ शशीभूषण मेहता पहुंचे पांकी। इस दौरान परिजनो से घटना के बारे मे जानकारी ली। जानकारी लेने के बाद विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने हर संभव मदद का दिलाया भरोसा। साथ ही घटना किस कारण घटी है इसे लेकर प्रशासन को जांच करने का दिए है निर्देश। विधायक डॉक्टर मेहता ने बताया कि मैं 2023 में फायर ब्रिगेड स्टेशन का विधानसभा मांग किया था। लेकिन विपक्ष में रहने के कारण सरकार नहीं सुनी। उन्होंने बताया मैं पुनः सरकार से फायर ब्रिगेड स्टेशन का मांग करूंगा। अगर सरकार नहीं सुनी तो मैं विधानसभा में धरना पर बैठूंगा। इसी के साथ बिधायक डॉ मेहता ने पांकी के लचर बिजली बेवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए बिजली विभाग के जीएम को 1 मार्च को शिविर लगाने का निर्देश दिया है ताकि पांकी के व्यवसाय सहित प्रखंड के सभी उपभोक्ता अपना बिजली से संबंधित समाधान पा सकते हैं।

---

### पेयजल व स्वच्छता कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

## लक्ष्य के अनुरूप सुनिश्चित करें कार्य

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने जिले के एस्पायरिंग, राइजिंग और मॉडल श्रेणियों में गांवों की रेटिंग की समीक्षा की। उन्होंने कार्यपालक अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि ओडीएफ प्लस के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की बेहतर योजना तैयार कर लक्ष्य के अनुरूप कार्य सुनिश्चित किया जाए। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण-2 के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। ग्राम स्तर पर स्वच्छता, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ग्राम कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, 5 स्टार श्रेणी में गांवों को ओडीएफ प्लस घोषित करने के लिए शत-प्रतिशत लक्ष्य निर्धारण पर बल दिया गया।बैठक में व्यक्तिगत घरेलू शौचालय, सामुदायिक स्वच्छता परिसर, गोबर गैस प्लांट, भस्मक यंत्र, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई, पृथक्करण शेड, कचरा उठाव/संग्रह वाहन, सोख्ता गड्ढा और वर्मी कम्पोस्ट पीट जैसी संरचनाओं के निर्माण की प्रगति पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने 15वें वित्त आयोग, पंचायती राज एवं मनरेगा के तहत ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन को प्रभावी रूप से लागू करने का निर्देश दिया।



---

## बेरोजगार मोर्चा ने महान क्रांतिकारी वीर बुधु भगत की 233 जयंती मनायी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में महान क्रांतिकारी वीर बुधु भगत की 233 में जयंती मनाए गए कार्यक्रम के अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की संचालन संजय कुमार ने किया सर्वप्रथम वीर बुधु भगत की तस्वीर पर फूल माला चढ़कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि झारखंड में लरका विद्रोह के अगुआ महान योद्धा भगत का जन्म 17 फरवरी 1792 को लोहरदगा में हुआ था अंग्रेजी शासन में जमींदारों और साहूकारो के अत्याचार अन्याय और कर वसूली के खिलाफ उन्होंने विद्रोह का बिगुल फूंका था समेकित रूप से इसे कॉल विद्रोह का हिस्सा माना जाता है जिसे अंग्रेजों के खिलाफ पहला सफल आंदोलन कहते हैं बुधु भगत के आंदोलन से घबराकर अंग्रेजों ने उन्हें पकड़ने के लिए 1000 का इनाम रखा था।



---

### द्वितीय गुमला साहित्य महोत्सव का भव्य समापन

# साहित्य, पर्यावरण, सिनेमा और समाज पर गहन विमर्श

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद एवं झारखंड कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वाधान में गुमला प्रशासन द्वारा आयोजिततीन दिवसीय द्वितीय गुमला साहित्य महोत्सव 2025 का भव्य समापन हुआ। यह महोत्सव झारखंड की साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक समृद्धि को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। साहित्य, पर्यावरण संरक्षण, सिनेमा, आदिवासी समाज, शिक्षा एवं युवा अभिव्यक्ति जैसे विविध विषयों पर संवाद के इस मंच पर देशभर के प्रख्यात साहित्यकारों, पर्यावरणविदों, गीतकारों, फिल्मकारों एवं समाज सुधारकों ने भाग लिया।



**पहला सत्र : झारखंड पर्यावरण संरक्षण और वाइल्डलाइफ पर चर्चा**


**महोत्सव** के प्रथम सत्र में पर्यावरण संरक्षण एवं वाइल्डलाइफ पर गहन चर्चा हुई। इस सत्र में प्रख्यात पक्षी विज्ञानी, लेखक एवं संरक्षणवादी बिक्रम ग्रेवाल और प्रसिद्ध लेखक चंद्रहास चौधरी ने भाग लिया। बिक्रम ग्रेवाल ने बर्ड वॉचिंग को बढ़ावा देने पर बल दिया और इसे प्राकृतिक सौंदर्य को देखने और समझने का अनमोल तरीका बताया। उन्होंने बताया कि यह निःशुल्क गतिविधि है और इसे सभी को अपनाना चाहिए। उन्होंने नागालैंड में पक्षी संरक्षण की दिशा में किए गए प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे वहाँ अक्टूबर के माह में प्रत्येक दिन 10,000 पक्षियों का शिकार किया जाता था, लेकिन जागरूकता अभियान के माध्यम से इसे घटाकर 50-60 तक लाया गया। उन्होंने दुर्लभ पक्षियों के बारे में भी जानकारी दी और इस बात पर जोर दिया कि हर जीव का अस्तित्व किसी न किसी रूप में हमारे पर्यावरण को संतुलित करने में सहायक होता है।

**दूसरा सत्र : वरुण ग्रोवर के साथ संवाद**

**दूसरे** सत्र में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता गीतकार, लेखक और स्टैंडअप कॉमेडियन वरुण ग्रोवर ने अपनी साहित्यिक और सिनेमाई यात्रा साझा की। यदुवंश प्रणय ने उनसे विभिन्न सवाल किए और उनके जीवन एवं करियर के अनछुए पहलुओं को उजागर किया। वरुण ग्रोवर ने बताया कि कैसे पढ़ने की आदत ने उनके जीवन को एक नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि श्हर क्षेत्र में किताबों को लेकर उत्सव होना चाहिए, क्योंकि पढ़ने की आदत हमारे व्यक्तित्व को निखारती है।

---

## लहराहा टोला में जलमीनार और चापाकल की मरम्मत, ग्रामीणों को मिली पेयजल की सुविधा



**भवनाथपुर** : प्रखंड के अरसली उतरी पंचायत स्थित आदिम जनजाति बाहुल्य लहराहा टोला में जलमीनार और चपाकल की खराब स्थिति के कारण ग्रामीणों को पिछले कई महीनों से तालाब का पानी पीना पड़ रहा था। इस गंभीर समस्या को लेकर विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर के बाद पीएचडी विभाग हरकत में आया। विभाग के जेई ने प्रखंड कर्मियों के साथ लहराहा टोला का दौरा किया और खराब पड़े चपाकल की मरम्मत की ।इसके साथ ही जलमीनार को भी दुरुस्त किया गया। अब ग्रामीणों को साफ और सुरक्षित पेयजल की सुविधा मिल रही है। ग्रामीणों ने इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि अब उन्हें तालाब का गंदा पानी पीने से राहत मिली है। पीएचडी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आगे भी ऐसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

## एक झलक

### तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत

**गोड्डा** : गोड्डा नगर थाना क्षेत्र के बिजली ऑफिस के सामने तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आकर बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई. घटना रविवार देर रात की है. युवक बाइक पर सवार होकर बाजार की ओर जा रहा था, तभी कारगिल चौक की तरफ से तेजी से आ रहा हाइवा बाइक को रौंदते हुए निकल गया। हाइवा से दबकर युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को सदर अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना ग्रस्त बाइक का नंबर जेएच 17 ई 3896 है। मृत युवक की पहचान नहीं हो सकी है। हिट एंड रन के इस मामले में हाइवा की भी पहचान नहीं हो पाई है। ज्ञात हो कि शाम ढलते सड़कों पर बेलगाम होकर बड़े मालवाहक ट्रक व हाइवा बेलगाम होकर दौड़ने लगते हैं। अवैध खनन में लिप्त सैकड़ों की संख्या में इन वाहनों पर गिट्टी, बालू, लकड़ी, मवेशी आदि लदे होते हैं। चालकों में जल्द से जल्द बॉर्डर पार करने की होड़ लगी रहती है। इधर, वाहनों से वसूली करने वाली टीम भी सक्रिय रहती है। इन वाहनों को जनप्रतिनिधियों का भी समर्थन मिला हुआ है।

### तेज रफ्तार का बरपा कहर, 20 फीट गहरी खाई में गिरा हाईवा

**पाकुड़** : राज्य के पाकुड़ जिले के हिरणपुर-कोटालपोखर मेन रोड पर तेज रफ्तार का कहर देखा गया। इस कारण एक दस चक्का हाईवा से चालक नियंत्रण खो बैठा और महारो बाड़ा पुल के पास एक पेड़ से टकराकर हाईवा 20 फीट गहरी खाई में जा गिरा। इस भीषण हादसे में दुर्घटनाग्रस्त वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, फिर भी राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। स्थानीय लोगों के मुताबिक एक तो वाहन ओवरलोड था, उस पर उसकी रफ्तार काफी तेज थी। इस कारण यह हासदा हुआ। घटना की सूचना पुलिस को देने के साथ स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू कर दिया। आगे पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### स्वास्थ्य मंत्री ने सीएचसी प्रभारी डॉ. मोहन पासवान को किया सम्मानित

**गोड्डा** : झारखंड राज्य स्वास्थ्य सेवा संघ, रांची की ओर से आयोजित स्थापना समारोह में पथरगामा सीएचसी के चिकित्सा प्रभारी डॉ। मोहन पासवान को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने उन्हें सम्मानित किया और उनकी सेवाओं को सराहा। डॉ। मोहन पासवान को इससे पहले भी स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतर सेवा के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किया गया था। उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए भी नामित किया गया है। डॉ। मोहन पासवान एक सक्षम सर्जन भी हैं।

### 28 वाहन चालकों से वसूला 28,650 का जुर्माना

**पाकुड़** : जिला सड़क सुरक्षा प्रवर्तन जांच दल के सदस्यों ने डीसी व एसपी के निर्देश पर नगर थाना के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान के क्रम में दो पहिया एवं अन्य वाहनों की जांच की गयी। जिसमें मुख्य रुप से ऐसे वाहन चालक जो बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना इंश्योरेंस एवं अन्य जरुरी कागजात नहीं रख रहे थे उनसे दंड की वसूली की गयी। जांच अभियान के दौरान मौजूद रितेश कुमार ने बताया कि अलग-अलग धाराओं में कुल 28 वाहन चालकों से 28,650 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

## बाइक चोर गिरोह के 03 शातिर गिरफ्तार



संवाददाता

**सरायकेला** : सरायकेला-खरसावां पुलिस ने कपाली थाना क्षेत्र में एक बड़े मोटरसाइकिल चोरी गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की गई सात मोटरसाइकिलें बरामद की है। पुलिस के अनुसार 13 फरवरी 2025 को मोहम्मद अनीसुर रहमान ने अपनी स्कूटी (जेएच05एडब्ल्यू-0607) घर के पास खड़ी की थी जो रात में चोरी हो गई। 14 फरवरी को कपाली ओपी में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चांडिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया तथा मानवीय साक्ष्य के आधार पर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान फैयाज आलम उर्फ गलकट्टा (32 वर्ष) निवासी डेमडुबी अंसारनगर, कपाली, मो। महफुज (30 वर्ष) निवासी मिल्लतनगर, कपाली तथा मो। ईशरार हुसैन (32 वर्ष) निवासी ताजनगर, कपाली के रुप में की गई है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे कपाली ओपी, आजादनगर, मानगो और अन्य इलाकों में मोटरसाइकिल चोरी करते थे। चोरी की गाड़ियां रफीक आलम (कपाली निवासी) के माध्यम से पश्चिम बंगाल में बेची जाती थी। गिरफ्तार अभियुक्त मो। महफुज पूर्व में भी गालुडीह थाना कांड संख्या-46/2024 में संलिप्त था। सरायकेला-खरसावां पुलिस ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि किसी भी वाहन को खरीदने से पहले उसके दस्तावेजों का सत्यापन करें और चोरी की गाड़ियां खरीदने से बचें। छापामारी दल में चांडिल एसडीपीओ अरविंद कुमार सिन्हा, चांडिल पुलिस निरीक्षक अजय कुमार, कपाली ओपी प्रभारी सोनू कुमार, एसआई सुमित तिर्की, अनुसंधानकर्ता अब्दुल रज्जीक खान तथा कपाली ओपी के सशस्त्र बल शामिल थे।

### अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई, 700 किलो जावा महुआ नष्ट

**सरायकेला** : सरायकेला जिले के उत्पाद अधीक्षक के निदेर्शानुसार अवर निरीक्षक उत्पाद, आदित्यपुर अंचल की टीम ने आरआईटी थाना क्षेत्र के भुआ जंगल और पार्वतीपुर नदी किनारे स्थित अवैध शराब अड्डों पर छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान 700 किलो जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट किया गया तथा 50 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। वहीं दो संचालकों को चिन्हित किया गया, जिनके खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जायेंगे। इस तरह की छापेमारी आगे भी जारी रहेगी।

## छापेमारी कर 10 मीट्रिक टन कोयला जब्त

**लातेहार** : जिले में अवैध कोयला उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ जिला प्रशासन की सख्ती जारी है। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर जिला खनन टास्क फोर्स ने सोमवार दोपहर बालूमाथ थाना क्षेत्र के हरैयाखांड में छापेमारी कर 10 मीट्रिक टन अवैध कोयला जब्त किया। खनन टास्क फोर्स की छापेमारी गुप्त सूचना के आधार पर जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी के नेतृत्व में यह छापेमारी की गई। टीम में बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र सिंह, खनन निरीक्षक पद्मलोचन ओहदार, एएसआई विकास और पुलिस बल शामिल थे। जब्त कोयले को मकाइयांटांड़ पुलिस पिकेट में सुरक्षित रखा गया है। अवैध खनन में शामिल 12 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिसमें संदीप यादव, मनोज यादव, सुरेंद्र उरांव, बलराम उरांव, अनिल उरांव, छोटू अंसारी, रंथू उरांव, मंगल उरांव, राजू यादव, अजय यादव, मनोज यादव और कार्तिक उरांव (सभी हरैयाखांड निवासी) शामिल हैं। इसके अलावा, एक दर्जन से अधिक अज्ञात व्यक्तियों एवं रैयती भूमि मालिकों पर भी मामला दर्ज किया गया है।

### रामगोविंद ग्रुप ऑफ कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव: ट्रांसरेल लाइटिंग और कृष्णा मारुति ने छात्रों को दिया अवसर



**कोडरमा** : रामगोविंद ग्रुप ऑफ कॉलेजे में हाल ही में मल्टीनेशनल कंपनी ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड और कृष्णा मारुति लिमिटेड द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया। इस प्रक्रिया के तहत ट्रांसरेल लाइटिंग ने सिविल इंजीनियरिंग छात्रों की भर्ती की, जबकि कृष्णा मारुति लिङ्क ने मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के छात्रों को अवसर प्रदान किया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड द्वारा चयनित छात्रों में लव कुमार और मंजीत कुमार शामिल हैं, जिन्हें ?3.00 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर नियुक्त किया गया है। वहीं, कृष्णा मारुति लिमिटेड में अखिलेश चौधरी और सचिन कुमार को 2.10 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर नौकरी मिली है। संस्थान के उपनिदेशक एवं उप-प्राचार्य ने चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सदर अस्पताल के कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करें : उपायुक्त



संवाददाता

**साहिबगंज** : जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में अनाबद्ध निधि, आकांक्षी मद, नीति आयोग आदि मद के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएमएफटी, अनाबद्ध निधि, आकांक्षी मद, नीति आयोग आदि मद के तहत संचालित योजनाओं एवं वित्तीय वर्ष 2022-2023 की प्रगति की जानकारी ली गई तथा पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, असैनिक शल्य चिकित्सा, भवन प्रमंडल, समेकित जनजातीय विकास अभिकरण एवं नगर परिषद के अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए एवं उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। सदर अस्पताल में पेइंग वार्ड निर्माण, प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय का कार्य, सदर अस्पताल में ममता कैफै एवं प्रतीक्षालय का निर्माण कार्य, मध्य विद्यालय बरमसीया में छः अतिरिक्त कक्षा का निर्माण, बाल गृह भवन की मरम्मती कार्य, समुदाय परिवारों को रोजगार के अवसर प्रदान के लिए मशरूम उत्पादन, साहेबगंज में जिला स्तरीय खेल उपकरण, मुख्यमंत्री रख रखाव योजना की प्रगति की जानकारी ली। बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, परियोजना निदेशक (आईटीडीए) संजय कुमार दास, सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज कुमार झा, जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### डीसी ने की भूमि संरक्षण योजनाओं की समीक्षा बैठक




**साहिबगंज** : डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में भूमि संरक्षण विभाग के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लक्ष्यों की जानकारी ली और विभागीय पदाधिकारी को कार्यों की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में पदाधिकारी ने अब तक की प्रगति, क्रियान्वित योजनाओं, एवं भविष्य की कार्ययोजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उपायुक्त ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए कहा कि भूमि संरक्षण एवं जल प्रबंधन से संबंधित योजनाओं को प्राथमिकता दी जाए, जिससे कृषि क्षेत्र को लाभ मिल सके। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे किए जाएं और गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। बैठक में भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

### उपायुक्त ने बाल गृह बॉडरी व वेस्ट टू वंडर पार्क का किया निरीक्षण



**साहिबगंज** : डीसी ने बाल गृह बॉडरी का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाल गृह में रहने वाले बच्चों की स्थिति, सुरक्षा और सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही, उपायुक्त ने बाल गृह के पीछे जिले में नव-निर्माण किए जाने वाले वेस्ट टू वंडर पार्क और डिजिटल लाइब्रेरी का भी स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित कार्यकारी एजेंसियों को कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। वेस्ट टू वंडर पार्क जिले में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकसित किया जा रहा है, जिसमें अपशिष्ट सामग्री से कलात्मक और आकर्षक संरचनाएं बनाई जाएंगी। वहीं, डिजिटल लाइब्रेरी के निर्माण से छात्रों और आम नागरिकों को आधुनिक शिक्षा और डिजिटल संसाधनों की सुविधा मिलेगी।

## कोडरमा रेलवे स्टेशन पर बढ़ती भीड़ की सुरक्षा के लिए उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक का औचक निरीक्षण



**कोडरमा** : महाकुंभ के दौरान कोडरमा रेलवे स्टेशन पर बढ़ती भीड़ को लेकर सोमवार शाम को कोडरमा जंक्शन का औचक निरीक्षण करने के लिए उपायुक्त मेघा भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह पहुंचे। उनके निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य स्टेशन परिसर में यात्रियों की सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को सुनिश्चित करना था।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने आरपीएफ प्रभारी दीपक कुमार को यात्रियों की सुरक्षा के लिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने स्टेशन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि सभी यात्रियों को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव मिल सके।इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह, तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार और अन्य पुलिस के जवान भी उपस्थित थे। सभी ने मिलकर यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि महाकुंभ के दौरान यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए, ताकि सभी यात्रियों को बिना किसी भय के यात्रा करने की सुविधा मिल सके। महाकुंभ के दौरान इस तरह का निरीक्षण यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए महत्वपूर्ण है, और अधिकारियों ने मिलकर इसे प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

## प्रमंडल स्तर पर नयी नेतृत्व टीम की नियुक्ति व संगठन की मजबूती पर चर्चा



**कोडरमा** : प्रमंडल स्तर पर एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है, जिसमें कॉमरेड शशि कुमार पाण्डेय को प्रमंडल संयोजक बनाया गया है। कॉमरेड शशि कुमार पाण्डेय अराजपत्रित महासंघ के जिला मंत्री के रूप में कार्यरत हैं, और उनके नेतृत्व में संगठन को नई दिशा देने की उम्मीद की जा रही है। उपसंयोजक के पद पर प्रमोद कुमार, जो सिविल सर्जन कार्यालय के सहायक हैं, के साथ-साथ अरबिंद कुमार सिंह, जो स्वास्थ्य विभाग मरकच्चो में कार्यरत हैं, और अमरदीप कुमार, जो झारखण्ड आजीविका मिशन संघ के कोडरमा जिलाध्यक्ष हैं, का चयन किया गया है। इसके अतिरिक्त, इंद्रदेव यादव, जो स्वास्थ्य विभाग कोडरमा के जिलाध्यक्ष हैं, भी इस नई टीम का हिस्सा हैं। संगठन की मजबूती पर चर्चा करते हुए, महासंघ के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी ने सम्मेलन में बताया कि कैसे संगठन को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने विस्तार से इस विषय पर अपने विचार साझा किए कि किस तरह से सभी सदस्य अपने-अपने जिलों में संगठन की सदस्यता को बढ़ाने के लिए प्रयास कर सकते हैं। कोडरमा जिला महासंघ की सभी इकाइयाँ नए पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई देती हैं और आशा करती हैं कि ये सभी अपने-अपने जिलों में संगठन को ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए सक्रियता से काम करेंगे। प्रमंडल के सातों जिलों के प्रत्येक प्रखंड में अपनी टीम के साथ काम करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने की अपेक्षा की जा रही है।इस नई टीम को क्रांतिकारी सैलूट देते हुए, हम आशा करते हैं कि उनके प्रयासों से संगठन को मजबूती मिलेगी और वे सभी मिलकर एक मजबूत और प्रभावशाली आधार तैयार करेंगे। यह परिवर्तन न केवल संगठन के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के विकास के लिए एक सकारात्मक कदम साबित होगा।

### यूसील में स्वच्छता सप्ताह, ग्रामीणों को दिलायी शपथ

**जमशेदपुर** : यूसील के तुमलापल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट में कंपनी प्रबंधन की ओर से स्वच्छता सप्ताह की शुरूआत की गई। कंपनी के अधिकारियों ने समीप के गांव में झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।


**AFFIDAVIT**

I, CHITRANJAN KUMAR, S/o Baleshwar Prajapati, resident of Village Barka Chumba, Khijuriya Tola, Barka Chumba, Dist-Ramgarh, Jharkhand-829101, do hereby solemnly affirm declare as follows:
1. That I am an Indian Citizen and residence of my above mentioned.
2. That my daughter's correct and actual name is GAYATRI KUMARI which is mentioned in her Birth Certificate bearing Reg. No. 6364 dated 01.04.2016.
3. That my daughter studying in St. Michael's School, Soparom Itki Road, Ranchi in Class VI-D.
4. That MAMTA KUMARI is my wife and mother of my said daughter.
5. That in my daughter's School Register her name is wrongly mentioned as KUMARI GAYATRI PRAJAPATI.
6. That this affidavit is made for correction my daughter's School Register as GAYATRI KUMARI in place of KUMARI GAYATRI PRAJAPATI.
7. That all statements made above are true and correct if found wrong, I shall the responsible for the same.
463 19/10/24
19.10.24

**AFFIDAVIT**

We, 1. PRAVIN KUMAR SHARMA 2. MANISH KUMAR SHARMA 3. NAITIK SHARMA all Sons of Bhawani Shankar Sharma, resident of Mahadeo Manda, Near Middle Chutia, P.O, & P.S, Chutia, Dist, Ranchi, Jharkhand do hereby Solemnly affirm & declare as follows:-
1. That We an Indian Citizen and resident of the foresaid address.
2. That in the land Correction Slip our name is recorded as Parvin Kumar Thakur, Manish Thakur & Naitik Thakur
3. That in the Adhar No. 7096 0254 3415 wherein my name is Recorded as (1)- Parvin Kumar Sharma, And in my PAN No DCEPS0140E wherein my name is PRAVIN KUMAR SHARMA (2) Adhar No.9361 1079 8973 wherein my brother's name is recorded as Manish Kumar Sharma (3)-Adhar No. 9041 7522 9644 wherein my other brother's name is recorded as Naitik Sharma
4. That, (1)- Pravin Kumar Sharma, Parvin Kumar Sharma & Parvin Kumar Thakur, (2) Manish Kumar Sharma & Manish Thakur, (3)- Naitik Sharma & Naitik Thakur all are same and one person i.e ourselves.
5. That all the statements made here in above are true & correct if found any wrong in future then we shall be liable for the same.
791
17/02/2025


## डीसी ने योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के दिये निर्देश



संवाददाता

**सरायकेला** : समाहरणालय सभागार मे उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता मे कृषि एवं सम्बद्ध विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान पूर्व की बैठक में दिए गए दिशा-निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही, उपायुक्त ने योजनावार निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारी को विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं का विभिन्न माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार कर प्रभावी तरीके से योजनाओं का लाभ आमजनों तक पहुंचाने का भी निर्देश दिया गया। कृषि विभाग की समीक्षा क्रम मे उपायुक्त ने निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध ङउउ का पंजीकरण सुनिश्चित करने तथा शत प्रतिशत योग किसानों को मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना का लाभ प्रदान करने का निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त नें अफीम की खेती से प्रभावित क्षेत्रों में किसानों को अन्य वैकल्पिक उपजाऊ खेती के लिए प्रेरित कर बीज उपलब्ध कराने तथा सरकार की उन कल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम मे उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत चयनित लाभ को के बीच पशु वितरण सुरक्षित करने तथा अन्य लंबित आवेदनों का नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित कर सभी योग्य किसान को लाभ प्रदान करने का निर्देश दिए। बैठक मे मुख्य रुप से अपर उपायुक्त जयवर्धन कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी संजय कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी रौशन कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षुओं ने नालन्दा व राजगीर का किया शैक्षणिक भ्रमण

**कोडरमा** : ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में बिहार प्रदेश के नालन्दा एवं राजगीर का सफल शैक्षणिक भ्रमण किया। राजगीर के घोड़ा कटोरा एवं नालन्दा के प्राचीन नालन्दा विश्वविद्यालय का भ्रमण कर उक्त स्थल के सामाजिक एवं शैक्षणिक स्थितियों के ऐतिहासिक पहलुओं से गाइड डॉ. रंजन कुमार द्वारा विस्तृत रूप से अवगत कराया गया साथ ही उक्त स्थलों के महता से अभिभूत होते हुए नालन्दा विश्वविद्यालय के विध्वंस के कारण को भी बताया, प्रशिक्षु भारतीय विरासत से अभिप्रेरित होकर अपने धरोहर हो आगे बढ़ाने एवं संजोए कर रखने हेतु संकल्पित हुए तत्पश्चात उक्त स्थल के मनोरम व्यंजनों का स्वाद का लुत्फ उठाया एवं भारतीय विरासत को विशेष जानकारी हेतु अनेकों किताबें भी खरीदें।

# टाटानगर स्टेशन के रि-मॉडलिंग में टूटेंगे हजारों आशियाने

**जमशेदपुर** : टाटानगर रेलवे स्टेशन का रि-मॉडलिंग जल्द ही करने की योजना है। इसके लिए पूरा ब्लू प्रिंट भी तैयार कर लिया गया है। बहुत जल्दी ही अतिक्रमणकारियों को नोटिस देने का काम भी रेलवे की ओर से पूरा किया जाएगा। रि-मॉडलिंग के दौरान हजारों आशियाने भी टूटेंगे। इसका विरोध भी होगा, लेकिन रेलवे की ओर से हर हाल में इस योजना को पूरा किया जाएगा। रेल क्षेत्र में जितनी भी अवैध बस्तियां बसी हुई है उसे जमींदोज कर दिया जाएगा। रेल जीएम कर चुके हैं निरीक्षण स्टेशन के आस-पास की जिन बस्तियों को जमींदोज करने का काम किया जाएगा उसका निरीक्षण रेल जीएम एके मिश्रा भी कर चुके हैं। उन्हें सभी जगहों पर घुमा दिया गया है। डीआरएम इसको लेकर बराबर ही पहुंच रहे हैं और जानकारी ले रहे हैं। रेलवे की इस महती योजना को कैसे सफलीभूत किया जाए इसको लेकर लगातार बैठकों का भी दौर चल रहा है। रेलवे ट्रॉफिक कॉलोनी और गाड़ीवान पट्टी से हटेगा कब्जा रेलवे की ओर से स्टेशन के ठीक सटे हुए ट्रॉफिक कॉलोनी और गाड़ीवान पट्टी से कब्जा हटाने का काम किया जाएगा। इसके पहले भी गाड़ीवान पट्टी और ट्रॉफिक कॉलोनी के लोगों को नोटिस भेजी गई थी। तब सांसद विद्युत वरण महतो ने अपने स्तर से रेल जीएम से बात कर कब्जा हटाओ अभियान को चलने के पहले ही रूकवा दिया था। एक बार फिर से अब अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने की योजना रेलवे की ओर से बनाई गई है। 1998 में हटा था ट्रॉफिक कॉलोनी व कीताडीह से अवैध कब्जा रेलवे की ओर से 1998 में रेलवे ट्रॉफिक कॉलोनी और कीताडीह से अवैध कब्जा हटाने का काम किया गया था। तब सभी अवैध मकानों को जमींदोज कर दिया गया था, लेकिन रेलवे की ओर से जमीन की घेराबंदी नहीं किए जाने के कारण फिर से वहां पर मकान और दुकानें बन गई हैं। अब फिर से रेलवे को यहां से कब्जा हटाने के लिए रुपये खर्च करने पड़ेंगे। मई-जून में ही अभियान को शुरू करने की योजना रेलवे की ओर से बनाई गई है। मकदमपुर और झारखंडनगर में विरोध रेलवे की ओर से टाटा-बादामपहाड़ रेलवे लाइन का दोहरीकरण करने को लेकर मकदमपुर और झारखंडनगर से अवैध कब्जा हटाने की योजना है। इसको लेकर लोगों को नोटिस भी भेजी गई है। इसके बाद से लोगों ने विरोध करना भी शुरू कर दिया है। लोग रेल जीएम से भी मिल चुके हैं।


**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**
(email-districtboardhazaribag@gmail.com, Phone No. 06546-261407)

-: पुनः अति अल्पकालीन निविदा सूचना :-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट मद अन्तर्गत हजारीबाग जिला के बड़कागांव प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत चंदौल में पेपर बैग मेकिंग सेन्टर अधिष्ठापन कार्य किया जाना है, जिसके लिए इच्छुक निविदादाता (Bidders) से सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। नियम एवं शर्तें तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा Web Site- www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| 1. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | :- दिनांक 28/02/2025 समय 2.00 अपराहन् तक। |
| 2. निविदा जमा करने का स्थान | :- जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग। |
| 3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :- दिनांक 28/02/2025 समय 3.00 अपराहन्। |
| 4. निविदा खोलने का स्थान | :- उप विकास आयुक्त-सह-मु0का0पदा0जि0प0, ह0बाग। |

उप विकास आयुक्त-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR.NO.346570 District(24-25):D

## एक झलक

### शक्ति नाथ महतो अनाथालय में बच्चों को कराया योग

**धनबाद** : सोमवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्था के तत्वाधान में व्यापक स्तर से चल रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत संस्था के सदस्य टुंडी पोखरिया शहीद शक्ति नाथ माहतो अनाथालय पहुंच कर नाट्य मंचन किया और ध्यान योग कराया। इस दौरान उमेश कुमार के द्वारा विभिन्न प्रकार के योगासन कराया गया और बच्चों के बीच कांपी पेंसिल कलर रबर कटर तथा विभिन्न प्रकार कि पाठय सामग्री और चाकलेट बिस्किट कपड़े का भी वितरण किया। संस्था के बीके माधव झा ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम हम लोगों द्वारा निरंतर जारी है। जिससे अनाथालय के बच्चों का भी विकास होगा और योग के माध्यम से तनाव से मुक्ति मिलती है। कार्यक्रम में रवि जी, उदय जी, उमेश जी, कोकिला दिदी, ऋषि, श्यामू जी, और संस्था के अन्य भाई बहनों के अलावा अनाथालय के शिक्षक शिक्षिकाओं सहित सभी विधार्थी उपस्थित थे। सभी लोगों नशा मुक्त भारत, नशा मुक्त धनबाद, नशा मुक्त टुंडी, नशा मुक्त स्कूल, नशा मुक्त मन का शपथ लिया।

### सीआईएसएफ ने अवैध कोयला मुहाने पर चलाया बुलडोजर

**कतरास (धनबाद)** : जोगता थाना क्षेत्र के तेतुलमुडी स्थित नामक फैक्ट्री में धड़ल्ले से अवैध कोयला कटाई की जा रही थी, लेकिन एरिया 5 अंतर्गत सीआईएसएफ ने सख्त कार्रवाई करते हुए मुहाने पर बुलडोजर चलाया। अवैध कारोबारी के ठिकाने पर छापेमारी कर मुहाने की भराई कर दी गई। जिससे अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया। इस छापेमारी से इलाके में अवैध कोयला कटाई के कारोबार पर रोक लगने की संभावना जताई जा रही है। सीआईएसएफ की इस कार्रवाई को स्थानीय निवासियों ने भी सराहा, क्योंकि यह क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी का संकेत है।

### श्याम मंदिर में शिव परिवार व मां शीतला का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान सम्पन्न

**झरिया (धनबाद)** : श्री श्याम मंदिर झरिया धाम में शिव परिवार एवं माता शीतला का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान 17 फरवरी सोमवार को संपन्न हुआ। विधि विधान पूर्वक मंदिर परिसर में शिव परिवार एवं माता शीतला का प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके उपरांत महाप्रसाद भंडारा की व्यवस्था की गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। पुजारी कैलाश पांडे, गोपाल पांडे, अशोक पांडे, जितेंद्र पांडे और संतोष पांडे जी के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चरण के साथ संपन्न कराया। यजमान रघुवीर गोयल, सरिता अग्रवाल, शिव कुमार अग्रवाल, संतोष अग्रवाल एवं मंदिर कमेटी के धर्म प्रकाश खेतन, रमेश लोयलका, अभिषेक अग्रवाल, विवेक सिंगल (आवरण), संदीप कथूरिया, विक्की शर्मा, यशवंत अग्रवाल, राजेश तुलस्यान, नवीन पोद्दार मौजूद थे।

### स्विफ्ट डिजायर व थार में हुई टक्कर, पुलिस ने दोनों कारों को किया जब्त

**पाथरडीह (धनबाद)** : पाथरडीह थाना अंतर्गत झरिया सिंदरी मुख्य सड़क पर चासनाला के के गेट के निकट रविवार की देर रात स्विफ्ट डिजायर कार एवं महिंद्रा थार में टक्कर हो गई। टक्कर में स्विफ्ट में बैठी नीला देवी को हल्की फुल्की चोट लगी। इस घटना के बाद एक युवक की पिटाई करने को लेकर घंटों ड्रामा चलता रहा।
सूचना पाकर पाथरडीह पुलिस घटना स्थल पहुंची। एक युवक की पिटाई कर रहे चार युवकों को रोकने का प्रयास किया। परंतु मारपीट कर रहे युवकों ने पुलिस बल के साथ हाथा भाई करने का प्रयास किया।

### एचयूआरएल सिन्दरी का औद्योगिक दौरा

**पथरडीह/ सिन्दरी (धनबाद)** : सोमवार 17 फरवरी को बीआईटी सिंदरी के विद्युत इंजीनियरिंग विभाग ने हिंदुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल), सिंदरी का एक दिवसीय औद्योगिक दौरा आयोजित किया। इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को औद्योगिक प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। इस औद्योगिक भ्रमण का आयोजन डॉ. एचसी वर्मा और संजय पाल, सहायक प्राध्यापक, विद्युत विभाग के मार्गदर्शन में किया गया। छात्रों ने संयंत्र में यूरिया और अमोनिया के उत्पादन प्रक्रिया, सुरक्षा उपायों, विद्युत उत्पादन प्रणाली और जनरेटर-ट्रांसफार्मर सिस्टम के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। एचयूआरएल के वी.पी (टेक्निकल) गौतम मांझी ने छात्रों को संबोधित किया और औद्योगिक ज्ञान के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने नवाचार और व्यावहारिक शिक्षा की भूमिका पर जोर दिया। इसके अलावा, एचआर विभाग के सहायक प्रबंधक मंशुल जैन ने संयंत्र के संचालन पर विस्तृत जानकारी दी और छात्रों को इंटर्नशिप तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया।

---

#### जिला गव्य विकास कार्यालय ने किया दुधारू पशु मेला व मुखिया ऑरियेंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

# लाभुकों के बीच किया गया दुधारू मवेशी का वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा के निदेशानुसार सोमवार 17. फरवरी को जिला गव्य विकास कार्यालय, धनबाद में सेमिनार / समारोह/कार्यशाला, दुधारू पशु मेला एवं मुखिया ऑरियेन्टेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लोकहित में सघन रूप से प्रचार-प्रसार एवं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से चयनित लाभुकों/दुग्ध उत्पादन से जुड़े पशुपालकों को जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना (दो गाय, पाँच गाय एवं दस गाय) के लाभुकों को माननीय जनप्रतिनिधियों एवं अन्य विभागीय पदाधिकारियों के द्वारा दुधारू मवेशी का वितरण किया गया। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ एवं स्वरोजगार तथा पलायन को रोकने के उद्देश्य से सेमिनार / समारोह / कार्यशाला के माध्यम से विभिन्न विभाग के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा पशुपालकों के बीच व्याख्यान एवं अपने विचार प्रस्तुत किया गया। साथ ही दुग्ध उत्पादन एवं दुग्ध उत्पादन के लागत मूल्यों को कम करने के विषयवस्तु पर एक्सपर्ट के द्वारा पशुपालकों को जानकारी प्रदान की गई है। दुधारू पशुओं में होने वाले प्रमुख बीमारी एवं बीमारी से बचाव तथा पशुओं के समुचित ईलाज के बारे में पशु चिकित्सक के द्वारा जानकारी दिया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रखण्डों आये हुए पशुपालक अपने विचार भी प्रकट किये। कार्यक्रम में उपस्थित माननीय विधायक प्रतिनिधि, प्रमुख, मुखिया, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, धनबाद, इन्चार्ज मिल्क फेडरेशन, सभी प्रखण्डों के पशुपालन पदाधिकारी अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## समिति ने सेवा संपुष्टि व पदोन्नति समेत कई प्रस्तावों को दी स्वीकृति



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला स्थापना समिति सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार 17 फरवरी 2025 को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला स्थापना समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान सेवा संपुष्टि हेतु प्राप्त प्रस्ताव पर समिति द्वारा समीक्षा कर कुल 12 कलर्क, 16 राजस्व उप निरीक्षक, 07 अमीन, 10 अनुसेवक एवं 01 चालक का सेवा संपुष्टि समिति द्वारा किया गया। वही एलडीसी से यूडीसी में 10, यूडीसी से हेड कलर्क में 06 एवं हेड कलर्क से ओएस में कुल 03 लोगों को पदोन्नति समिति द्वारा किया गया। बैठक में एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, एसडीएम राजेश कुमार, स्थापना उप समाहर्ता दिलीप महतो समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

## विद्यार्थियों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए अपर्णा पब्लिक स्कूल प्रतिबद्ध



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : कुसुम विहार फेस 2 स्थित अपर्णा पब्लिक स्कूल जूनियर विंग के परिसर में इनरव्हील क्लब ऑफ माइलस्टोन की प्रेसिडेंट रश्मि सहाय, वाइस प्रेसिडेंट लीना झा, कोषाध्यक्ष रेनू कौशल और एडिटर गीता चौबे ने बच्चों को खुश करने के लिए स्टेशनरीज और चॉकलेट्स बांटकर छात्रों के बीच हैप्पी डे, मनाकर खुशियां बिखेरी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए बच्चों के साथ क्लब की पदाधिकारियों, स्कूल की शिक्षिकाओं के साथ संयुक्त रूप से पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन की पदाधिकारियों और स्कूल की शिक्षिकाओं ने संयुक्त रूप से बच्चों के लिए रोचक कार्यक्रम आयोजित किए। स्कूल के नन्हे मुन्हें बच्चों ने बहुत कुछ उत्साह एवं खुशीपूर्वक हैप्पी डे मनाकर खूब मस्ती की। सभी जूनियर छात्रों के बीच अद्भुत उत्साह ऊर्जा दिखा और चेहरों में मासूम खुशियां झलकी। स्कूल की निदेशक रेणु कौशल ने कहा हम जूनियर छात्रों के बीच शिक्षण प्रशिक्षण के साथ साथ खुशियां और स्वच्छ आदतें डालने में विश्वास करते हैं। विद्यार्थीयों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए अपर्णा पब्लिक स्कूल प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अपर्णा स्कूल के प्रिंसिपल अनुपम नायक, शिक्षिका अनुप्रिया, कीया और दीप्ति का प्रशंसनीय योगदान था। इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन की सभी पदाधिकारियों ने कहा भविष्य में इसी तरह का नए और रोचक कार्यक्रम आयोजित कर नन्हे बच्चों को खुश किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए स्कूल के डायरेक्टर करुणेश कौशल ने इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

## 72 घंटे बाद उठा कोलियरी कर्मी देव शंकर भुईयां का शव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा/ कतरास (धनबाद)** : तेतुलमारी कोलियरी में कार्यरत देव शंकर भुईयां का शव अंततः 72 घंटा के बाद उठाया गया। देव शंकर भुईयां का शव 14 फरवरी को झाड़ियों में पड़ा हुआ था। कतरास पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और शव परिजन को सौंप दिया। जिसके बाद परिजन 14 फरवरी शाम को पीएसटी 2 खदान पर शव रख कर नियोजन की मांग कर रहे थे। विगत 15 फरवरी को कोलियरी प्रबंधक और अंचल अधिकारी बाघमारा के साथ स्थानीय पुलिस अधिकारी द्वारा परिजन को समझाने का प्रयास किया गया। लेकिन परिजन नहीं माने। 16 फरवरी को देव शंकर भुइयां के शव से दुर्गंध आना शुरू हो गया। जिससे माहौल बिगड़ने लगा। कोलियरी में कार्यरत ट्रेड यूनियन के नेताओं ने प्रबंधन पर दबाव बनाया और परिजनों को भी समझाने का प्रयास किया। परिजन शव लेकर सिजुआ एरिया पहुंच गए। जिसके बाद देव शंकर भुइयां के परिजनों से महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद ने ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता की और तीन माह में कागजी कार्रवाई पूरा कर नियोजन देने पर सहमति बनी। मृतक देव शंकर भुईयां के आश्रितों को कंपनी के नियम अनुसार सारी सुविधा देने पर सहमति बनी। जिसके बाद 72 घंटा के इंतजार के बाद देव शंकर भुईयां का शव को उठाया गया। इस दौरान महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद ने बताया कि देव शंकर भुईयां के मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने में देरी हुई और परिजन मुद्दा से भटक गए थे। जिसके कारण समझौता में देरी हुई। ट्रेड यूनियन और परिजनों से वार्ता के बाद समझौता हो गया। तीन माह में कागजी कार्रवाई पूरा कर नियोजन मृतक की पत्नी राखी देवी को दे दिया जायेगा। इस दौरान मृतक के आश्रितों को कंपनी नियम के अनुसार जो भी सुविधा मिलती है वह भी दिया जायेगा। राष्ट्रीय जनता कामगार संघ के सचिव लक्ष्मण कुमार ने बताया कि देव शंकर भुईयां का शव संदेहास्पद स्थिति में मिला था। जिसके बाद पुलिस द्वारा पंचनामा किया गया शव के पोस्टमार्टम के बाद परिजन पी एस टी 2 खदान में शव रख कर नियोजन की मांग कर रहे थे लेकिन समझौता नहीं हो सका था। सोमवार को देव शंकर भुइयां का शव सिजुआ एरिया ऑफिस लाया गया। जहां प्रबंधन परिजन और पुलिस की मौजूदगी में समझौता कराया गया। अब देव शंकर भुईयां का अंतिम संस्कार किया जाना संभव हुआ है।

## अधिक उत्पादन करनेवाले कर्मियों को महाप्रबंधक ने किया सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अलकडीहा (धनबाद)** : टीम वर्क के साथ काम करने से कोई भी काम मुश्किल नहीं है उक्त बातें सोमवार को बस्ताकोला क्षेत्र के महाप्रबंधक अनिल कुमार सिन्हा ने केओसीपी विभागीय परियोजना 14 नंबर हाजिरी घर के समीप बेहतर उत्पादन करने वाले अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि परियोजना में उत्पादन एवं उत्पादकता सप्ताह के तहत 10 फरवरी से 16 फरवरी तक जिस शिफ्ट में अधिक उत्पादन हुआ है उनको प्रोत्साहन देने का काम किया जा रहा है। इसका मकसद केवल एक ही है कि अधिक से अधिक कोयला उत्पादन हो। सप्ताह में अधिक उत्पादन करने वाले स्विफ्ट इंचार्ज शशि उरांव को सम्मानित किया गया। इन्होंने 122 टिप कोयला एवं 524 टिप ओबी का उत्पादन इनके देखरेख में किया गया। द्वितीय स्थान पर निरंजन पांडे जब की तृतीया स्थान पर संजय पासवान के नेतृत्व में उत्पादन हुआ। महाप्रबंधक ने कहा कि हम लोगों का मकसद केवल मार्च तक अपनी उत्पादन लक्ष्य अधिक उत्पादन करना है कंपनी का नाम रोशन करना है। मौके पर अपर महाप्रबंधक टी पासवान, क्षेत्रीय प्रबंधक कार्मिक अभिषेक राय, सतीश मिश्रा, परियोजना पदाधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह, प्रबंधक चंद्रशेखर सिंह, दीपक कुमार, अजय सिंह, एन दास, सर्वेक्षण पदाधिकारी नरेंद्र कुमार, संयुक्त मोर्चा के तुलसी रवानी, प्रभास सिंह उमेश कुमार, जगदीश साव, शिवेंद्र सिंह, भारत सिंह, हराधन मोदक आदि लोग थे।

## अत्यधिक संसाधनों से लैस होंगे अग्निशमन केन्द्र



**धनबाद** : दो दिवसीय दौरे पर धनबाद पहुंचे डीजी होमगार्ड अनिल पाल्टा ने धनबाद सर्किट हाउस में पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने बताया कि जल्द होमगार्ड जवानों की बहाली होगी, जिसकी तैयारियां जोरों पर है। बताया कि केंद्र से अग्निशमन विभाग को 147 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। यह 15 वें वित्त आयोग से मिली हुई राशि है। इसे 31 मार्च 2026 के पहले खर्च किए जाने हैं। इस राशि से 11 नए अग्निशामालय, एक राज्य स्तरीय ट्रेनिंग सेंटर और एक राज्य स्तरीय अग्निशमन नियंत्रण कक्ष बनेगा। इसके अलावा फायर ब्रिगेड छोटे फायर टेंडर और मोटरसाइकिल फायर टेंडर भी खरीदे जाएंगे। साथ ही नए हाईड्रोलिक प्लेटफार्म भी खरीदे जायेंगे। उन्होंने बताया होम मिनिस्ट्री ने इसे अप्रूप कर लिया है। जल्द ही प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने शहरपुरा मसाल जुलूस निकाल किया प्रदर्शन





**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पाथरडीह/सिन्दरी(धनबाद)** : केन्द्र सरकार एवं एफसीआई प्रबंधक द्वारा सिंदरी शहर को टुकड़े-टुकड़े मे बांटकर उजाड़ने के नीति के खिलाफ एवं आगामी 18 फरवरी 2025 को एफसीआई के मुख्य द्वार पर आयोजित महाधरना ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए संयुक्त संघर्ष मोर्चा की ओर से सोमवार की शाम शहरपुरा मे एक विशाल मसाल जुलूस निकाला गया। मसाल जुलूस नेहरू मैदान से शुरू होकर बाजार का भ्रमण कर भुज चौक पर समाप्त हुआ। जुलूस में एफसीआई प्रबंधन मुदार्बाद, केंद्र सरकार मुदार्बाद, पीपी कोर्ट नोटिस बांटना बंद करो, सिंदरी उजाड़ने की साजिश बंद करो, महाधरना सफल करो, जो क्वार्टर सरकारी है वह क्वार्टर हमारी है, सिंदरी क्यों उजाड़ रहा भाजपा सरकार जवाब दो सिन्दरी की जनता एक हो कर नारेबाजी कर रहे थे। मसाल जुलूस में सैकड़ो की संख्या में सिंदरी शहर एवं आसपास के गांव के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में सुरेश प्रसाद, अजय कुमार विकास कुमार ठाकुर राममंडल गौतम प्रसाद सूर्यकुमार सिंह अशोक महतो, परशुराम सिंह, सुरेश राउत, राजीव मुखर्जी, विमल रवानी, पूर्णेन्दु सिंह, मनोज घोष, कृष्ण प्रसाद महतो, दशरथ ठाकुर, दिलीप मिश्रा, शिबु राय, सत्येंद्र सिंह, संजीत यादव उपाध्यक्ष ओजिंदर यादव, लव कुश यादव, राम लायक राम, राजू पांडे, संजय राय, परशुराम, शशि सिंह, मोहम्मद कामरान, मकसूद, छोटे ठाकुर, दीपेंद्र झा,अशोक चंद्ररा, अशोक महतो, शैलेश पंडित, लखन राम, शामिल थे। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति (एडवा) की बैठक रांगामाटी बस्ती में हुई।

आगामी 18 फरवरी को संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा प्रस्तावित महाधारणा का समर्थन व्यक्त किया गया। बैठक की अध्यक्षता रानी मिश्रा ने तथा संचालन बबली पिंटू ने किया। इस अवसर पर सविता देवी, रंजू प्रसाद, रीमा देवी, कमला देवी, रजनी देवी, सबरातन बीबी, सरिता देवी, रीता देवी, सरस्वती देवी, मारिशयम शेख, सावित्री देवी, प्रमिला देवी, सीमा देवी आदि मौजूद थी।

## सेल के साथ एमओयू के समय तथ्यों को छिपाया गया : सांसद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद)** : सांसद ढुल्लू महतो ने डोमगढ क्षेत्र को लेकर एफसीआई के नीति को भेदभाव पूर्ण बताते हुए आरोप लगाया कि सेल के साथ डोमगढ क्षेत्र के अधिग्रहण को लेकर जो एमओयू हुआ है खाद कारखाना प्रबंधन ने डोमगढ की जमीनी स्थिति की जानकारी नहीं दिया। उन्होने खाद प्रबंधन से अनुरोध किया कि वे तत्काल डोमगढ क्षेत्र को खाली कराने में उत्पन्न विस्फोटक स्थिति से केंद्रीय कार्यालय को अवगत करायें। सांसद ने कहा कि खाद प्रबंधन को स्थिति के भयावह होने से पहले केंद्रीय कार्यालय को जानकारी दे देनी चाहिए। वित्त एवं संपदा सलाहकार देवदास अधिकारी ने बताया कि सेल प्रबंधन विस्थापितों के लिए आर आर पालिसी के अंतर्गत नीति तैयार कर रही है। इस पर सांसद विफर पड़े और कहा कि डोमगढ की स्थिति बताई गई होती तो सेल प्रबंधन डोमगढ के वाशिंदों के लिए भी पालिसी तैयार करती। सांसद ने पी पी कोर्ट के 28 फरवरी के प्रस्तावित सुनवाई को 10 मार्च तक स्थगित करने का अनुरोध किया। उन्होने बताया कि इस संबंध में वे 10 मार्च को केंद्रीय मंत्री से मिलेंगे। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक, ग्रामीण जिलाध्यक्ष धनश्याम ग्रोवर, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू, राकेश तिवारी, इंद्रमोहन सिंह, अल्पना मुखर्जी, अणिमा सिंह थी।

## मजदूर नेता की मनायी गयी पुण्यतिथि, दी श्रद्धांजलि

**पाथरडीह (धनबाद)** : सोमवार को विद्या विहार गर्ल्स हाई स्कूल, सुदामडीह में विद्यालय के संस्थापक माइनिंग इंजीनियर स्व॰ एसड्ड पीड्ड राय, पूर्व मंत्री बिहार सरकार, मजदूर नेता एवं समाज सेवी की 16 वीं पुण्यतिथि श्रद्धांजली दे कर मनायी गयी। स्वःराय के बड़े पुत्र संदीप कुमार राय सचिव एसपीराय एजुकेशनल एन्ड सोशल डेभलपमेंट सोसाइटी ने श्रद्धा सुमन आर्पित करते हुए इस अवसर पर स्वःराय के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा की स्वः राय का जन्म 24 नवम्बर 1942 को भागलपुर के एक गांव गौरीपुर में हुआ था वे धनबाद से दो बार विधायक एवं सरकार में स्वास्थ्य मंत्री थे तथा एनएफआईटीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी थे।

## महाकुम्भ यात्रियों को लेकर धनबाद में भी रेल प्रशासन चौकस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : महाकुंभ यात्रियों की बढ़ती हुई संख्या को देखकर धनबाद रेल मंडल ने भी व्यापक व्यवस्था की है। हालांकि कुंभ जाने के लिए जितने यात्री घर से निकल रहे हैं, उस अनुपात में ट्रेन नहीं चल रही है। एक अनुमान के अनुसार धनबाद में पिछले दो-तीन दिन से 10,000 से अधिक जनरल टिकट कट रहे है। इसके अलावे आरक्षण कराये यात्रियों की भी संख्या है। बिना टिकट लिए चढ़ने वालो की संख्या भी कम नहीं है। हाल ऐसे हो गए हैं कि पहले से टिकट बुक कराने वाले यात्री आरक्षित बोगियों में सवार नहीं हो पा रहे है। स्पेशल के साथ-साथ सभी नियमित ट्रेनों में एक जैसी हालत हो जा रही है। सीट पाने की बाद कौन कहे, यात्रियों को ट्रेन में खड़े होने की भी जगह नहीं मिल रही है। लगातार रेलवे के पास शिकायतें पहुंच रही है। जानकारी के अनुसार रविवार की शाम धनबाद स्टेशन पर भारी भीड़ पहुंच गई। नई दिल्ली स्टेशन पर हुई भगदड़ की घटना के बावजूद धनबाद से कुंभ जाने वालों के उत्साह पर कोई असर नहीं दिखा। प्लेटफार्म पर यात्रियों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए रेलवे ने जल्दबाजी में धनबाद से प्रयागराज होते हुए रात 9:50 बजे कानपुर तक के लिए एक स्पेशल ट्रेन खोली। रद्द गंगा सतलज एक्सप्रेस की बोगियों से चली स्पेशल ट्रेन में बिना रिजर्वेशन जनरल टिकट पर यात्रियों ने सफर किया। धनबाद स्टेशन के साथ-साथ स्पेशल ट्रेन गोमो, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया रुकते हुए प्रयागराज गई। गोमो स्टेशन पर भी भारी भीड़ दिखी। शाम में गोमो पहुंची स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस में चढ़ने के लिए यात्रियों का हुजूम उमड़ पड़ा। भीड़ इतनी ज्यादा थी और ट्रेन पहले से भरी हुई थी कि पूर्व से बुकिंग करने वाले यात्री भी ट्रेन पर सवार नहीं हो सके। इस दौरान गोमो स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार पर अफरातफरी का माहौल दिखा।

### रेलवे की विशेष ट्रेनें भी नहीं सम्भाल पा रहीं भीड़

**एसी** कोच भी जनरल बोगी की तरह खचाखच भरे हुए थे। रेलवे ने स्पेशल ट्रेनें दी है लेकिन यह कम पड़ जा रही है। वैसे आम दिनों में देश में हर दिन लगभग 22,593 ट्रेनें संचालित होती हैं, इनमें 13,452 यात्री ट्रेनें हैं, जो करीब 7,325 स्टेशनों को कवर करती हैं। इन यात्री ट्रेनों से रोजाना 2.40 करोड़ यात्री सफर करते हैं। ट्रेनों की इस संख्या में मेल, एक्सप्रेस और पैसेंजर सभी तरह की ट्रेनें शामिल हैं। इसके अलावा, भारतीय रेलवे माल ढुलाई के लिए हर दिन 9141 ट्रेनें चलाता है, जिसके जरिए देश के कोने-कोने तक जरूरी सामानों की आपूर्ति की जाती है।

## विधायक ने परिजनों संग किया महाकुम्भ स्नान



**धनबाद** झरिया कोयलांचल के भी हजारों लोग अब तक प्रयागराज में कुंभ स्नान कर चुके है। इनमें झरिया विधायक रागिनी सिंह ने रविवार को महाकुंभ में परिजनों के साथ स्नान किया। उन्होंने अपने परिजनों के साथ ही कोईलांचल वासियो सुख और समृद्धि के लिए भगवान वेणी माधव से प्रार्थना की। झरिया विधायक ने अपने परिजनों के साथ-साथ अपने पति संजीव सिंह के फोटो के साथ स्नान ध्यान किया।

# क्लास ऑफ 1985 का रूबी जुबली रीयूनियन : 40 वर्षों की विरासत का उत्सव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : नॉस्टेल्जिया से भरे माहौल में, IIT (ISM) धनबाद के क्लास ऑफ 1985 के एलुमनाई अपनी आल्मा मेटर लौटे, ताकि अपनी 40वीं ग्रेजुएशन एनिवर्सरी मना सकें। 14-16 फरवरी 2025 को आयोजित इस भव्य रीयूनियन ने उन्हें समय में पीछे ले जाकर पुराने मित्रों से फिर मिलने और छात्र जीवन की यादों को हंसी और खुशी के साथ फिर से जीने का अवसर दिया। विभिन्न क्षेत्रों और दुनिया के कोनों से आए एलुमनाई अपने IIT (ISM) के दिनों की साझा यादों से जुड़े हुए थे। इस समारोह की शुरूआत प्रोफेसर तन्मय माइती, एसोसिएट डीन (इंटरनेशनल रिलेशंस और एलुमनाई अफेयर्स) के गर्मजोशी भरे स्वागत से हुई, जिन्होंने संस्थान के भविष्य को आकार देने में एलुमनाई की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने सभी से ह्लड्रीम टुगेदर, बिल्ड टुगेदरह्व की भावना को आगे बढ़ाने, सेंटेनरी सेलिब्रेशन में सक्रिय भागीदारी निभाने और आगामी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को समर्थन देने का आग्रह किया। एक खास पल तब कैद हुआ जब डिप्टी डायरेक्टर प्रोफेसर धीरज कुमार के साथ हेरिटेज बिल्डिंग और एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक के सामने समूह फोटो खींची गई–वे संरचनाएं जो उनके सफर की साक्षी रही हैं, जब वे विद्यार्थी थे और आज प्रतिष्ठित प्रोफेशनल्स बन चुके हैं। इस यादगार सप्ताहांत को और खास बनाया कैंपस टूर ने, जिसमें जियोलॉजिकल म्यूजियम, प्रतिष्ठित डायमंड हॉस्टल, प्रसिद्ध रामधनी टी स्टॉल–जहां कभी चाय पर अनगिनत चर्चाएं हुआ करती थीं–और लाइब्रेरी का दौरा शामिल था, जिसने उनकी अकादमिक संघर्षों और उपलब्धियों में मूक साथी की भूमिका निभायी थी।

यादों को और भी संजोते हुए, बैच ने मैथन डैम की एक शानदार यात्रा की, जहां उन्होंने पुराने रोमांच को याद किया और नयी यादें बनायीं। इस कार्यक्रम के दौरान, मृत्युंजय शर्मा (असिस्टेंट रजिस्ट्रार, IRAA) ने संस्थान के सेंटेनरी सेलिब्रेशन की दृष्टि प्रस्तुत की और शताब्दी लाइफटाइम एलुमनाई कार्ड और शताब्दी सम्मान संकल्प पहल की जानकारी दी। इन प्रयासों का उद्देश्य एलुमनाई एंगेजमेंट को मजबूत करना और ऐसी एंडोमेंट्स स्थापित करना है, जो आनेवाले वर्षों तक छात्रों और फैकल्टी का समर्थन करेंगी। यह रीयूनियन विशेष रूप से इसलिए भी महत्त्वपूर्ण था, क्योंकि यह वार्षिक एलुमनाई मीट बसंत 2025 (1-2 फरवरी) के मात्र कुछ दिनों बाद आयोजित हुआ था, जिसमें क्लास ऑफ 1975 के गोल्डन जुबली और क्लास ऑफ 2000 के सिल्वर जुबली का उत्सव भी मनाया गया। पीढ़ियों का यह संगम IIT (ISM) की समृद्ध विरासत और इसके एलुमनाई के अटूट बंधन को दर्शाता है। जैसे ही यह कार्यक्रम समाप्त हुआ, क्लास ऑफ 1985 के सदस्य कृतज्ञता से भरे दिलों और अपने प्रिय आल्मा मेटर को वापस देने की नई प्रतिबद्धता के साथ विदा हुए। यह रीयूनियन सिर्फ अतीत को देखने का अवसर नहीं था, बल्कि भविष्य की ओर देखने का भी, जहां उनकी भागीदारी IIT (ISM) को आनेवाली पीढ़ियों के लिए आकार देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

# विजय अभियान जारी रखने उतरेंगे दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**वडोदरा (एजेंसी)।** अपने पहले मैच में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करने वाले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और दिल्ली कैपिटल्स महिला प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां जब आमने-सामने होंगे तो उनका लक्ष्य अपना विजय अभियान जारी रखना होगा। मौजूदा चैंपियन आरसीबी ने टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में गुजरात जायंट्स को छह विकेट से हराया जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ अंतिम गेंद पर जीत दर्ज की।

अच्छी शुरुआत से दोनों टीम का मनोबल बढ़ा होगा लेकिन आरसीबी की टीम विशेषकर बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अधिक संतुलित नजर आ रही है और इसलिए वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। आरसीबी की बल्लेबाजी इकाई की मजबूती का पता इससे चलता है कि उसने 200 से अधिक रन के लक्ष्य को बड़ी आसानी से हासिल किया।

स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली टीम अपना यह प्रदर्शन जारी रखने की कोशिश करेगी। आरसीबी को राघवी बिष्ट और कनिका आहूजा जैसी युवा खिलाड़ियों के कारण मजबूती मिली है जो मंधाना, एलिसे पेरी, ऋचा घोष और डैनी व्याट के साथ सहजता से घुल-मिल गई हैं। राघवी और कनिका ने पहले मैच में जीत में अहम भूमिका निभाई थी। आरसीबी के गेंदबाजों को हालांकि कसी हुई गेंदबाजी करनी होगी। गेंदबाजी ने उसे पेरी की कमी महसूस हो रही है। ऑस्ट्रेलिया की यह स्टार ऑलराउंडर चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में गेंदबाजी नहीं कर पाएंगी।

दिल्ली की बल्लेबाजी बेहद मजबूत है और आरसीबी के गेंदबाजों को उन पर लगाम लगाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली की बल्लेबाजी इकाई में कप्तान मेग लैनिंग, एनाबेल सदरलैंड, शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, एलिस कैप्सी और सारा ब्राइस जैसी धुरंधर बल्लेबाज हैं जो किसी भी तरह के




आक्रमण की धज्जियां उड़ा सकती हैं। तेज गेंदबाज शिखा पांडे की अगुवाई वाली दिल्ली की गेंदबाजी इकाई ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को 164 रन पर रोककर अच्छा प्रदर्शन किया था जिसे वह जारी रखने की कोशिश करेंगे।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**दिल्ली कैपिटल्स :** मेग लैनिंग (कप्तान), एलिस कैप्सी, सारा ब्राइस, एनाबेल सदरलैंड, मिन्नू मणि, शैफाली वर्मा, अरुंधति रेड्डी, एन चरानी, शिखा पांडे, जेमिमा रोड्रिग्स, नंदिनी कश्यप, स्नेहा दीप्ति, जेस जोनासेन, निकी प्रसाद, तानिया भाटिया, मारिज़ैन कैप, राधा यादव, टिटास साधु।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** स्मृति मंधाना (कप्तान), नुजहत परवीन, जोशिता वीजे, ऋचा घोष, डैनी व्याट, कनिका आहूजा, सब्बीनेनी मेघना, एकता बिष्ट, किम गर्थ, श्रेयंका पाटिल, एलिसे पेरी, प्रेमा रावत, जॉर्जिया वेयरहैम, राघवी बिस्ट, हीथर ग्राहम, जाग्रवी पवार, रेणुका सिंह, चार्ली डीन।

# रणजी टीम से भी बाहर हुए यशस्वी



**मुम्बई (एजेंसी)।** युवा सलामी बल्लेबाज जायसवाल को आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए शामिल नहीं किया गया है। ऐसे में यशस्वी रणजी ट्रॉफी में खेलने जा रहे थे पर अब वह भी संभवन नहीं है। यशस्वी चोटिल होने के कारण रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल से भी बाहर हो गए हैं। रणजी सेमीफाइनल नागपुर के जामठा में सोमवार से मुंबई और विदर्भ के बीच शुरु होगा। मीडिया रिपोर्ट्र्स के अनुसार यशस्वी के बाएं टखने में दर्द है और उनको जांच के लिए बेंगलुरु के बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ले जाया जाएगा। आज रविवार को नागपुर में मुंबई के अभ्यास सत्र में फील्डिंग पर नेट्स में बल्लेबाजी करते समय उन्हें दर्द उभरने लगा। कहा जा रहा है कि उनकी पुरानी चोट फिर से उभर आई है। अब उनकी रिकवरी प्रक्रिया बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में होगी।÷

यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है और दोनो को ही नॉन ट्रैवलिंग सब्स्टीट्यूट के तौर पर रखा गया है। इससे साफ है कि जब कोई खिलाड़ी चोटिल होता है तो विकल्प के तौर पर इन्हें शामिल किया जाएगा। यशस्वी ने इस सत्र कमात्र रणजी ट्रॉफी मैच जम्मू और कश्मीर के खिलाफ खेला था।

# चैम्पियंस ट्रॉफी में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन सकते हैं विराट




**मुम्बई (एजेंसी)।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के पास एक अहम रिकार्ड बनाने का अवसर है। विराट इस टूर्नामेंट में सबसे अधिक रन बनाने वाले शीर्ष खिलाड़ी बन सकते हैं। भारतीय टीम 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरुआत करेगी और दौरान सभी की नजरें विराट कोहली पर रहेंगी। विराट ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में अर्धशतक लगाकर फार्म हासिल कर लिया है। ऐसे में सभी को उनसे अधिक से अधिक रन बनाने की उम्मीदें रहेंगी। विराट अपनी चौथी चैंपियंस ट्रॉफी खेल रहे हैं। विराट ने अब तक 13 मैचों में 529 रन बनाए हैं और इस प्रकार वह भारतीय टीम के चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्हें चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत के सफल बल्लेबाज बनने के लिए केव 173 रन चाहिये।

अभी शिखर धवन के नाम चैम्पियंस ट्रॉफी में सबसे अधिक रन हैं, जिन्होंने 2013 और 2017 की चैंपियंस ट्रॉफी में कुल 701 रन बनाए थे। धवन दोनों चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। भारत ने 2013 में ट्रॉफी जीती थी जबकि 2017 में टीम फाइनल तक पहुंची थी। वहीं पूर्व कप्तान सौरव गांगुली 665 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 2000 और 2002 में चैंपियंस ट्रॉफी खेले थे। विराट ने चैंपियंस ट्रॉफी में 12 पारियों में 529 रन बनाए हैं, जिसमें पांच अर्धशतक भी शामिल हैं। उनका औसत 88.16 का है और उन्होंने 53 चौके लगाए हैं। भारत को इस टूर्नामेंट में कम से कम तीन मैच खेलने हैं, और कोहली के पास रन बनाकर इस सूची में शीर्ष स्थान हासिल करने का सुनहरा अवसर होगा।

# आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में केवल एक अनुभवी तेज गेंदबाज के साथ उतर रही भारतीय टीम

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय टीम को 19 फरवरी से होने वाली आईसीस चैम्पियंस ट्रॉफी में खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। कप्तान रोहित शर्मा भी पिछले कुछ समय से लगातार असफल रहे है। ऐसे में उनका लक्ष्य भी इस ट्रॉफी का जीतकर प्रशंसकों को खुश करना रहेगा। हालांकि ये इतना आसान भी नहीं है। इसका कारया मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का नहीं होना है। बुमराह ने पिछले कुछ समय में हर सीरीज में अबसे अधिक विकेट लिए हैं। ऐसे में भारतीय टीम के पास मोहम्मद शमी के अलाव कोई भी अनुभवी तेज गेंदबाज नहीं है। टीम के पास अन्य तेज गेंदबाजों में युवा हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह है। वहीं टीम पांच स्पिनरों के साथ जा रही है।

टीम के साथ रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती जैसे स्पिनर रहेंगे। भारत के मैच दुबई में होने हैं जहां तेज गेंदबाजों को अधिक सफलता मिलती रही है। आंकड़ों पर नजर डालें तो दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर 2009 के बाद से 58 एकदिवसीय खेले गये हैं जिसमें तेज गेंदबाजों को पांच से कम की इकॉनामी दर से 466 विकेट मिले हैं। वहीं स्पिनरों को 334 विकेट मिले हैं और उनकी किफायत दर 4.2 रही है। वहीं भारतीय टीम 5 स्पिनर लेकर जा रही है और उसे ये रणनीति भारी पड़ सकती है। उसके पास स्पिन ऑलराउंडर के रूप में रविंद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल हैं जबकि विशेषज्ञ स्पिनर के तौर पर वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव हैं।

पांच स्पिनरों को लेकर जाने पर भी सवाल उठ रहे है क्योंकि दुबई की पिचों पर स्पिनरों को अधिक सहायता




नहीं मिलती है। टीम में शामिल रहस्यमयी गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती से काफी उम्मीदें हैं और अब देखना है कि वह क्या करते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में लीग चरण में भारत को बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड से खेलना है और इनमें से किसी ने भी वरुण का पहले सामना नहीं किया है। जडेजा और अक्षर का खेलना लगभग तय है और वरुण के खेलने पर कुलदीप यादव को बाहर रहना पड़ सकता है। एक पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता ने कहा, दुबई में पिच से गेंदबाजों को शारजाह की तुलना में अधिक मदद मिलती है। तेज गेंदबाजों को यहां सफलता मिलती रही है जिसकी वजह से पाकिस्तान ने टीम में अधिक तेज गेंदबाज चुने हैं हालांकि उन्हें यहां ज्यादा मैच नहीं खेलने हैं। बुमराह के बाहर होने पर सिराज की जगह राणा को चुनने पर भी सवाल उठ रहे हैं क्योंकि ऐसे टूर्नामेंटों में अनुभव खिलाड़ी की जरुरत रहती है। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या है मोहम्मद शमी और अर्शदीप या राणा के साथ तीसरे तेज गेंदबाज होंगे पर उनके साथ कई बार फिटनेस की समस्या आज जाती है।वहीं कप्तान रोहित शर्मा का कहना है कि पुरानी गेंद से अधिक प्रभावी नहीं होने के कारण ही सिराज को बाहर रखा गया। राणा ने टी20 में पदार्पण करके छठे गेंदबाज के तौर पर 33 रन देकर तीन विकेट लिए थे। भारतीय टीम की जीत के लिए कप्तान रोहित शर्मा औ अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को बड़ी पारियां खेलनी होंगी।

# पाकिस्तान का तेज गेंदबाज चोट से उबरा, चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए होगा उपलब्ध




कराची - पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राउफ चोट से उबर चुके हैं और बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में टीम के पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान टीम के एक करीबी सूत्र ने रविवार को पुष्टि की कि हारिस चोट से उबर गए हैं और कराची में चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में खेलेंगे। इस तेज गेंदबाज को हाल ही में त्रिकोणीय श्रृंखला के दौरान छाती की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। सूत्र ने कहा, 'हारिस अब ठीक हैं और त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच के बाद दिए गए आराम से उन्हें उबरने में मदद मिली है।% सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान के किसी अन्य खिलाड़ी के साथ फिटनेस संबंधी कोई समस्या नहीं है। अपनी तेज गति और बीच के ओवरों में विकेट लेने की क्षमता के साथ पाकिस्तान के प्रमुख गेंदबाजों में से एक हारिस टीम के साथ बने हुए हैं जबकि चयनकर्ताओं ने उनके विकल्प के रूप में अकिफ जावेद को बुलाया है जिन्हें पदार्पण का इंतजार है। हारिस ने 46 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में 83 विकेट और 79 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 110 विकेट चटकाए हैं। पाकिस्तान त्रिकोणीय श्रृंखला में न्यूजीलैंड से दो बार हार गया था जिसमें शुक्रवार को हुआ फाइनल भी शामिल है। टीम को चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में हार का बदला चुकता करने का मौका मिलेगा जिसमें वे गत विजेता भी हैं।

# श्रेयंका डब्ल्यूपीएल से बाहर हुई



मुम्बई । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की श्रेयंका पाटिल फिट नहीं होने के कारण महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के तीसरे सत्र से बाहर हो गयी हैं। आरसीबी के अनुसार श्रेयंका अपनी चोट से नहीं उबर पायी हैं। इसी कारण उनकी जगह पर ऑलराउंडर स्नेह राणा को शामिल किया गया है। फ्रेंचाइजी ने उनके बाहर होने की घोषणा करते हुए कहा कि ये खिलाड़ी अपनी पिंडली की चोट से परेशान हैं जिसका वह अभी इलाज करायेंगी। श्रेयंका ने आरसीबी की ओर से पिछले सत्र में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 8 मैचों में 13 विकेट लिए थे। ऐसे में उनका बाहर होना टीम के लिए करारा झटका है। लीग में श्रेयंका के अलावा आशा शोभना और सोफी मोलिनक्स की चोटिल होकर बाहर हो गयी हैं। श्रेयंका की जगह पर शामिल राणा ने गुजरात जायंट्स के लिए डब्ल्यूपीएल के दो सत्रों के 12 मैचों में भाग लिया है। उसने दो मैचों में टीम की कप्तानी भी की थी।

# चैंपियंस ट्रॉफी में स्मिथ पारी शुरु करें : गिलक्रिस्ट

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई टीम के करिश्माई विकेटकीपर बल्लेबाज रहे क्रिकेटर एडम गिलक्रिस्ट ने कहा कि 19 फरवरी से होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में कप्तानी कर स्टीव स्मिथ पारी की शुरुआत करें। गिलक्रिस्ट के अनुसार इससे स्मिथ को अधिक से अधिक गेंदें खेलने के लिए मिलेंगी। इससे पहले हुए श्रीलंका दौरे में स्मिथ ने मध्यक्रम के बल्लेबाज के तौर पर काफी कम रन बनाये थे। गिलक्रिस्ट के अनुसार युवा बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क अभी रन नहीं बना पा रहे हैं। ऐसे में स्मिथ को पारी शुरु करनी चाहिए। गिलक्रिस्ट के अनुसार मैट शॉर्ट को भी शीर्ष क्रम में ट्रैविस हेड के साथ उतारा जा सकता है पर अभी स्मिथ को पारी शुरु करनी चाहिए क्योंकि शॉर्ट के पास अधिक अनभव नहीं है।

उन्होंने कहा, मुझे मैट को बल्लेबाजी में हैड



के साथ उतारना भी अच्छा प्रयोग लग रहा है। इससे बाएं हाथ और दाएं हाथ का अच्छा संयोजन बनेगा। वहीं स्मिथ भी पारी शुरु कर कर सकते हैं, टी20 में हमने उन्हें 20 ओवर के क्रिकेट में ऐसा करते हुए देखा है। वह मध्यक्रम में काफी अच्छे बल्लेबाजी है पर पारी की शुरुआत में भी वह सफल रहेंगे। इससे उन्हें ज्यादा गेंदों का सामना करने का अवसर मिलेगा। टीम चैंपियंस ट्रॉफी में मिशेल स्टार्क, जोश हेज़लवुड और पैट कमिंस जैसे शीर्ष तेज गेंदबाजों के बिना उतरेगी। इसके अलावा ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन और मिशेल मार्श भी उसके साथ नहीं हैं, ऐसे में युवा खिलाड़ियों पर अधिक जम्मेदारी है। ऑस्ट्रेलिया को चैंपियंस ट्रॉफी के लीग चरण के मैचों में इंग्लैंड, अफ़गानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका से मुकाबला करना है। गिलक्रिस्ट को लगता है कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उनकी सीमित तैयारी के कारण टीम को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि इस प्रारूप के संबंध में सीमित तैयारी हुई है।

# चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में पहुंचने लीग के सभी तीन मैच जीतने होंगे

मुम्बई । आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरु हो रही है। चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी पाकिस्तान कर रहा है हालांकि इसमें भारतीय टीम के मुकाबले दुबई में खेले जाएंगे। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही हैं हालांकि मेजबान पाकिस्तान के अलावा ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका भी प्रबल दावेदारों में शामिल हैं। इसमें भाग ले रही सभी आठ टीमों को चार-चार टीमों के दो समूहों में बांटा गया है और इन सभी टीमों को तीन-तीन लीग मुकाबले खेलने होंगे और सेमीफाइनल में पहुंचने ये तीनों ही मैच जीतने होंगे। एक भी हार टीम को खिताब की दौड़ से बाहर कर सकती है। इसमें शीर्ष पर रही दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएगी। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी को नॉकआउट टूर्नामेंट माना जाता है। यहां एक भी मैच हारना टीम की उम्मीदों को समाप्त कर सकता है। भारतीय टीम को ग्रुप ए में मेजबान पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। टीम इंडिया पहला मैच बांग्लादेश के खिलाफ 20 फरवरी को खेलेगी। इसके बाद 23 फरवरी को उसका मुकाबला पाकिस्तान से होगा। वहीं भारतीय टीम को अपना अंतिम लीग मैच 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगी। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में सीधे जगह बनाने के लिए सभी तीनों मैच जीतने होंगे। वहीं अगर तीन में से 1 मैच भी टीम हारती है तो उसे अन्य टीमों के परिणामों पर निर्भर रहना पड़ेगा। चार टीमों के ग्रुप में दो ऐसी टीमें जिन्होंने 2-2 मुकाबला जीते होने पर सेमीफाइनल में जाने वाली टीम का फैसला नेट रन रेट के आधार पर किया जाएगा।

# यानिक सिनर और वाडा के बीच समझौता, टेनिस खिलाड़ी बोले- अब साफ-सुथरे खेल में विश्वास नहीं

लंदन । विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर पर डोपिंग मामले में तीन महीने का प्रतिबंध लगाने के समझौते की टेनिस खिलाड़ियों ने कड़ी आलोचना की है। सिनर और विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के बीच निलंबन को लेकर समझौता हो गया है जिसका मतलब है कि इटली का यह खिलाड़ी पांच मई से फिर से खेल सकता है। इससे उनकी विश्व में नंबर एक रैंकिंग पर भी कोई असर नहीं पड़ेगा तथा वह सभी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट खेल पाएंगे। पिछले साल मार्च में प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड के सेवन का दोषी पाए जाने वाले सिनर को कोई खिताब या पुरस्कार राशि भी नहीं गंवानी पड़ेगी। तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्टैन वावरिंका ने एक्स पर लिखा, 'मैं अब साफ-सुथरे खेल में विश्वास नहीं करता।' विंबलडन उपविजेता निक किर्गियोस ने एक्स पर कहा, 'टेनिस में निष्पक्षता मौजूद नहीं है। सिनर की टीम ने केवल तीन महीने का प्रतिबंध लगाने के लिए अपनी तरफ से पूरी शक्ति लगा दी। कोई खिताब नहीं खोया, कोई पुरस्कार राशि नहीं खोई। दोषी है या नहीं ? टेनिस के लिए दुखद दिन।' विश्व के आठवें नंबर के खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव ने मार्सिले ओपन के सेमीफाइनल में हारने के बाद कहा, 'मुझे उम्मीद है कि हर कोई वाडा के साथ चर्चा कर सकता है और अब से यानिक सिनर की तरह खुद का बचाव कर सकता है।' विश्व के पूर्व नंबर एक ब्रिटिश खिलाड़ी टिम हेनमैन ने कहा, 'उसने अभी ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीता है और वह अगले तीन महीने तक एटीपी टूर में नहीं खेल पाएगा लेकिन फ्रेंच ओपन में खेलने का पात्र होगा। सिनर के लिए प्रतिबंध झेलने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता था लेकिन यह इस खेल के लिए कड़वे घूंट की तरह है।' नोवाक जोकोविच और वासेक पोस्पिसिल द्वारा स्थापित प्रोफेशनल टेनिस प्लेयर्स एसोसिएशन ने भी निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल पार्टियों की आलोचना करते हुए एक्स पर जारी बयान में कहा, 'प्रणाली कोई प्रणाली नहीं है। यह एक क्लब है। यह केवल अनुरूप सौदों, अनुचित व्यवहार और असंगत निर्णयों के लिए कवर है। इसमें पारदर्शिता की कमी और प्रक्रिया का अभाव है।'



# चैंपियंस ट्रॉफी के वह एतिहासिक क्षण जिन्हें भूला पाना है मुश्किल

**दुबई (यूएई) (एजेंसी)।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के 19 फरवरी से शुरू हो रही है जो पाकिस्तान और यूएई में खेली जाएगी। भारत अपने मैच यूएई में हाईब्रिड मॉडल के तहत खेलेगा जबकि बाकी का टूर्नामेंट पाकिस्तान में होगा। टूर्नामेंट से पहले आइए इसके पिछले संस्करणों के पांच सबसे प्रतिष्ठित क्षणों पर एक नजर डालते हैं जिन्हें भुला पाना मुश्किल है।



### वीरेंद्र सहवाग ने गेंद से जीत दिलाने में की मदद

स्टार बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने अपनी ऑफ-स्पिन से खेल को बदल दिया क्योंकि भारत ने कोलंबो में दक्षिण अफ्रीका पर रोमांचक जीत के साथ 2002 के संस्करण के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। सहवाग ने पहले ही शानदार अर्धशतक का योगदान दिया था, जिसमें भारत ने आर प्रेमदासा स्टेडियम में 261/9 का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया था, लेकिन रन चेज के दौरान प्रोटियाज नियंत्रण में दिखाई दिए और उन्होंने सात विकेट और नौ ओवर शेष रहते स्कोर 200 तक पहुंचा दिया। सहवाग ने मार्क बाउचर, जैक्स कैलिस और लांस क्लूजनर के महत्वपूर्ण विकेट लिए और भारत के लिए रोमांचक जीत सुनिश्चित की और श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

### वेस्टइंडीज की शानदार जीत

2004 में लंदन के ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ खिताबी मुकाबले में जब मुख्य बल्लेबाज शिवनारायण चंद्रपॉल आउट हो गए और कैरेबियाई टीम को जीत के लिए 81 रन की जरूरत थी, तब वेस्टइंडीज के लिए चीजें निराशाजनक लग रही थीं, लेकिन कोर्टनी ब्राउन और इयान ब्रैडशॉ के बीच 9वें विकेट की अविश्वसनीय साझेदारी ने एक शानदार रन चेज का मार्ग प्रशस्त किया। ब्राउन और ब्रैडशॉ ने नाबाद 71 रनों की पारी खेली जिससे वेस्टइंडीज ने सात गेंद शेष रहते इंग्लैंड के 217 रनों के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया और कैरेबियाई टीम ने अपना पहला खिताब जीता।

### इंग्लैंड ने घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका को हराया

2009 में सेंचुरियन में हुए हाई-स्कोरिंग मुकाबले में इंग्लैंड ने मेजबान देश दक्षिण अफ्रीका पर शानदार जीत के साथ नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की की। ओवैस शाह ने बल्ले से हीरो बनकर 98 रनों की पारी खेली जिसमें उन्होंने छह छक्के लगाए जबकि तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड ने तीन-तीन विकेट चटकाए जिससे प्रोटियाज टीम जवाब में बुरी तरह से पिछड़ गई। ग्रीम स्मिथ ने दक्षिण अफ्रीका के लिए शानदार 141 रन की पारी खेली लेकिन यह काफी नहीं था क्योंकि इंग्लैंड ने काफी तेजी के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

### लसिथ मलिंगा का कम स्कोर वाले रोमांचक मैच में शानदार प्रदर्शन

कम स्कोर वाले मुकाबलों में अक्सर रोमांचक अंत होता है और 2013 में कार्डिफ में ऐसा ही हुआ जब न्यूजीलैंड ने श्रीलंका पर एक विकेट से शानदार जीत दर्ज की। बहुत से लोगों ने उम्मीद नहीं की होगी कि श्रीलंका का 138 रन का स्कोर प्रतिस्पर्धी होगा, लेकिन तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा के इरादे कुछ और ही थे, उन्होंने ब्लैक कैप्स के मध्यक्रम को तहस-नहस कर दिया और न्यूजीलैंड को जवाब में 122/8 पर रोक दिया। टिम साउथी और मिशेल मैक्लेनाघन को न्यूजीलैंड को जीत दिलाने की जिम्मेदारी सौंपी गई, लेकिन इससे पहले श्रीलंका ने बड़ा उलटफेर कर दिया था।

### फखर जमान ने पाकिस्तान को भारत पर जीत दिलाई

लंदन के ओवल में एक यादगार दिन था, जब पाकिस्तान ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी भारत पर जोरदार जीत के साथ अपना पहला चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीता। सलामी बल्लेबाज फखर जमान ने शानदार शतक के साथ पाकिस्तान को 338/4 का स्कोर बनाने में मदद की और मोहम्मद आमिर के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन ने सुनिश्चित किया कि यह स्कोर पर्याप्त से अधिक हो। आमिर ने रोहित शर्मा और विराट कोहली को जल्दी-जल्दी आउट करके भारत के शीर्ष क्रम को तहस-नहस कर दिया और भारत कभी भी उबर नहीं सका और जवाब में सिर्फ 158 रन पर ढेर हो गया।

# चैम्पियंस ट्रॉफी में फखर और बाबर से रहना होगा भारतीय टीम को सावधान

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम 19 फरवरी से शुरु हो रही आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दुबई पहुंच गयी है। यहां भारतीय टीम को 23 फरवरी को पाकिस्तान से अहम मुकाबला खेलना है। ऐसे में भारतीय टीम पिछली बार हुए चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल की यादों को भूलना चाहेगी। तब पाक टीम के फखर जमां और बाबर आजम के कारण भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा था। इस बार भी ये



दोनो ही खिलाड़ी पाक टीम में हैं जिनसे भारतीय टीम को निपटना होगा। भारतीय टीम के लिए राहत की बात ये है कि ये इस बार अपने पहले वाले फार्म में नजर नहीं आ रहे। ऐसे में विराट कोहली की कप्तानी में मिली हार का हिसाब रोहित शर्मा की टीम लेना चाहेगी। पिछली बार बाबर आजम, फखर जमां और फहीम अशरफ ने पाक टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इस बार भी ये तीनो ही पाक टीम में शामिल हैं। बाबर आजम ने 2017 के फाइनल में 52 बॉल पर 46 रन की अहम पारी खेली थी। तब पाक टीम ने 338 रन बनाये थे। वहीं फखर जमां ने शतकीय पारी खेली थी। जिससे पाक टीम 338 रन बनाने में सफल रही थी।

## एक झलक

### सैमसंग ने नयी बीस्पोक एआई रेफ्रिजरेटर सीरीज किया लॉन्च

रांची : सैमसंग ने नई बीस्पोक एआई रेफ्रिजरेटर सीरीज लॉन्च की है, जो 330 लीटर और 350 लीटर की क्षमता में उपलब्ध होगी। यह नई सीरीज एडवांस्ड एआई तकनीक से लैस है, जिसमें एआई एनर्जी मोड, एआई होम केयर और स्मार्ट फॉरवर्ड जैसे फीचर्स शामिल हैं। यह खूबसूरत डिजाइन और सुविधाजनक स्टोरेज विकल्पों के साथ आता है। भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, इस सीरीज में स्टाइल, इनोवेशन और बेहतरीन परफॉर्मेंस का शानदार मेल किया गया है। सैमसंग इंडिया के सीनियर डायरेक्टर, डिजिटल अप्लायंसेज, गुफरान आलम ने कहा, हमारी बीस्पोक एआई रेफ्रिजरेटर सीरीज उपभोक्ताओं को तकनीक, डिजाइन और सुविधा का बेहतरीन संतुलन प्रदान करती है। यह न केवल एआई से संचालित एनर्जी सेविंग, बल्कि बेहतर कूलिंग और हाईजीन सॉल्यूशंस भी देती है, जो बदलती भारतीय जीवनशैली के अनुरूप है। खूबसूरत फिनिश और स्मार्ट फॉरवर्ड, एआई होम केयर, ट्विन कूलिंग प्लस और कन्वर्टिबल 5-इन-1 मोड्स जैसे एडवांस्ड फीचर्स के साथ, हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों को ऐसे उपकरण देना है जो उनकी रोजमर्रा की जिंदगी को आसान और अधिक सुविधाजनक बनाएं। नई बीस्पोक एआई रेफ्रिजरेटर सीरीज न केवल स्मार्ट एनर्जी मैनेजमेंट में मदद करती है, बल्कि खाद्य पदार्थों की ताजगी बनाए रखने और एक्टिव फ्रेश फिल्टर जैसी उन्नत सुविधाएँ भी प्रदान करती है। यह फिल्टर 99.9 प्रतिषत तक हानिकारक बैक्टीरिया को खत्म करता है, जिससे आपका खाना अधिक सुरक्षित और स्वच्छ बना रहता है। यह सब कुछ स्लीक और कस्टमाइजेबल डिजाइन में पेश किया गया है।

### ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशियाई बाजारों में आमतौर पर तेजी का रुख

**नयी दिल्ली** : ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे थे। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी सांकेतिक बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। वहीं, यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान उतार चढ़ाव के बीच खरीदारी का रुख बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.04 प्रतिशत की तेजी के साथ 6,117.50 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.46 प्रतिशत उछल कर 20,037.25 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 44,570.49 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान उतार-चढ़ाव होता रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.37 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,732.46 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह डीएएक्स इंडेक्स 0.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,513.42 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# मामूली बढ़त के साथ बंद हुए सेंसेक्स व निफ्टी



**नयी दिल्ली** : घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीदारी के कारण सोमवार को दिन के दूसरे कारोबारी सत्र में घरेलू शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.08 प्रतिशत और निफ्टी 0.13 प्रतिशत की मामूली मजबूती के साथ बंद हुए। इसके पहले लगातार आठ कारोबारी दिनों तक शेयर बाजार लगातार गिरावट के साथ ही बंद हुआ था। अगर आज भी शेयर बाजार गिरावट के साथ ही बंद होता, तो ये पिछले 6 साल की सबसे लंबी गिरावट हो सकती थी। इससे पहले 30 अप्रैल से 13 मई 2019 के बीच शेयर बाजार लगातार 9 कारोबारी दिन तक गिरावट के साथ बंद हुआ था, लेकिन इस बार 5 से 14 फरवरी तक लगातार गिरावट का सामना करने के बाद आज नौवें कारोबारी दिन शेयर बाजार मामूली तेजी के साथ बंद होने में सफल रहा। दिन भर के कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी और आईटी सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली होती रही। इसके साथ ही कैपिटल गुड्स और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर फार्मास्यूटिकल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और मेटल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसके अलावा ऑयल एंड गैस, कंज्यूमर ड्यूरेबल और बैंकिंग इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.51 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में हुई रिकवरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 20 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 400.39 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 400.19 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को कारोबार से करीब 20 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,219 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,336 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,738 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 145 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,637 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 901 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,736 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए।

## अजाक्स इंजीनियरिंग की स्टॉक मार्केट में कमजोर एंट्री, पहले ही दिन निवेशकों को हुआ नुकसान

**नयी दिल्ली** : कंक्रीट से जुड़े इक्विपमेंट बनाने वाली कंपनी अजाक्स इंजीनियरिंग के शेयरों ने सोमवार को अपने आईपीओ निवेशकों को करारा झटका दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 629 रुपये के भाव पर जारी हुए थे। आज बीएसई पर इसकी 593 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 576 रुपये के स्तर पर लिस्टिंग हुई। कमजोर लिस्टिंग के बाद दिनभर इसमें उतार-चढ़ाव होता रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद कंपनी के शेयर 5.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 595.40 रुपये के स्तर पर बंद हुए। अजाक्स इंजीनियरिंग का 1,269.35 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 से 12 फरवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 6.06 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 13.04 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 6.46 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.94 गुना और एम्पलाइज कैलिबरियम पोर्शन 2.62 गुना सब्सक्राइब हुए थे। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 2,01,80,446 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिए बेचे गए हैं। इसमें कोई नया शेयर जारी नहीं किया गया है। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी को 66.21 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर 135.90 करोड़ और 2023-24 में 225.15 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

# एपीडा ने ऑस्ट्रेलिया को भारतीय अनार की पहली समुद्री खेप भेजने में मदद की



**नयी दिल्ली** : भारत के कृषि निर्यात के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने एग्रोस्टार और केबी एक्सपोर्ट्स के साथ मिलकर समुद्र के रास्ते ऑस्ट्रेलिया को क्रमशः प्रीमियम सांगोला और भगवा अनार की भारत की पहली वाणिज्यिक परीक्षण खेप सफलतापूर्वक पूरी की। यह भारतीय ताजा उपज के लिए बाजार पहुंच का विस्तार करने में एक बड़ी सफलता है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार भारतीय अनार के निर्यात के लिए बाजार तक पहुंच प्राप्त करने के बाद फरवरी 2024 में ऑस्ट्रेलिया को अनार के निर्यात के लिए एक कार्य योजना और मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) पर हस्ताक्षर किए गए। एपीडा और राष्ट्रीय पौध संरक्षण संगठन (एनपीपीओ) द्वारा सफल बाजार पहुंच सुविधा के बाद जुलाई 2024 में पहली हवाई शिपमेंट हुई। हवाई शिपमेंट ने बाजार की मांग का आकलन करने में मदद की, जिसके कारण लागत दक्षता को अनुकूलित करने के लिए समुद्री शिपमेंट का अनुसरण किया गया। पहली समुद्री माल ढुलाई शिपमेंट 6 दिसंबर, 2024 को भारत से रवाना हुई और 13 जनवरी, 2025 को सिडनी पहुंची, जिसमें महाराष्ट्र के सोलापुर क्षेत्र से प्राप्त 5.7 मीट्रिक टन (एमटी) अनार थे। इन्हें 1,900 बक्सों में पैक किया गया था, जिनमें से प्रत्येक में 3 किलोग्राम प्रीमियम फल थे। भगवा किस्म के 1,872 बक्से (6.56 टन) ले जाने वाला एक और वाणिज्यिक समुद्री शिपमेंट 6 जनवरी, 2025 को ऑस्ट्रेलिया के ब्रिसबेन पहुंचा। बल्क समुद्री शिपमेंट के उपयोग ने प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण सुनिश्चित किया, किसानों को लाभ पहुंचाया और स्थायी व्यापार के अवसर पैदा किए। दोनों शिपमेंट को भारत की ट्रेसेबिलिटी प्रणाली अनारनेट (ANARNET) में एकीकृत किया गया, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हुई और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उपभोक्ता का विश्वास बना। यह सफल निर्यात न केवल वैश्विक गुणवत्ता मानकों को पूरा करने में भारत की क्षमताओं को रेखांकित करता है, बल्कि नए राजस्व स्रोतों को खोलकर भारतीय किसानों को महत्वपूर्ण बढ़ावा भी देता है। अनार को सिडनी, ब्रिसबेन और मेलबर्न में अत्यधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।

## बेंगलुरु के चिन्तन शिविर में इस्पात क्षेत्र को मजबूत करने की जतायी सामूहिक प्रतिबद्धता

**नयी दिल्ली** : इस्पात मंत्रालय ने बेंगलुरु के होटल ताज वेस्ट एंड में भारत के इस्पात क्षेत्र के भविष्य पर केंद्रित एक दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले सीपीएसई के नेता प्रमुख उद्योग विषयों पर विचार-विमर्श करने और आगे की राह तैयार करने के लिए एकत्रित हुए। इस कार्यक्रम में इस्पात और भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी वर्चुअली और इस्पात और भारी उद्योग राज्यमंत्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पौंड्रिक और सीपीएसई प्रमुखों ने भी भाग लिया, जिससे उद्योग के विकास के प्रति एकीकृत दृष्टिकोण को बल मिला। उद्घाटन समारोह के बाद लौह अयस्क उपयोग, राष्ट्रीय इस्पात नीति 2025, विशेष इस्पात, तथा परिचालन दक्षता और लागत में कमी के लिए रणनीतियों पर महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किये गये।

# सर्राफा बाजार में कमजोरी का रुख, सोना-चांदी के भाव में मामूली गिरावट



**नयी दिल्ली** : घरेलू सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट का रुख नजर आ रहा है। आज की कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 86,060 रुपये से लेकर 86,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 78,890 रुपये से लेकर 79,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इस कमजोरी के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सरार्फा बाजार में 1,00,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 86,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 79,040 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 86,060 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 78,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 86,110 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 78,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 86,060 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 78,890 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 86,060 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 78,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 86,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 79,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 86,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 78,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 86,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 86,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 78,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# देश में सतत विकास लक्ष्यों के लिए नागरिक-जनित डेटा के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर जोर



**नयी दिल्ली** : सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने नागरिक-जनित डेटा का उपयोग करने के लिए अपनी चल रही पहलों के हिस्से के रूप में सोमवार को यहां ₹भारत में सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के लिए नागरिक-जनित डेटा (सीजीडी) का लाभ उठाने₹ पर एक कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला का उद्देश्य डेटा अंतराल को संबोधित करने और राष्ट्रीय सांख्यिकीय परिदृश्य में समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए एक मूल्यवान उपकरण के रूप में सीजीडी के बारे में जागरुकता और समझ को बढ़ाना है। इसने भारतीय संदर्भ में सीजीडी पर कोपेनहेगन फ्रेमवर्क की प्रासंगिकता पर चर्चा करने और देश की सांख्यिकीय प्रणाली के भीतर इसके संभावित अनुकूलन का पता लगाने के लिए एक मंच प्रदान किया। चर्चा में डेटा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण का समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव डॉ. सौरभ गर्ग ने किया। इसमें लगभग 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें केंद्रीय मंत्रालयों, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, साथ ही संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और नागरिक समाज संगठनों के प्रतिनिधि शामिल थे। डॉ. गर्ग ने अपने उद्घाटन भाषण में आधिकारिक सांख्यिकी के एक मूल्यवान पूरक के रूप में नागरिक-जनित डेटा के महत्व पर जोर दिया, जो डेटा अंतराल को पाटने और समावेशिता को बढ़ावा देने में मदद करता है। उन्होंने भारत की सांख्यिकीय प्रणाली में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की महत्वपूर्ण भूमिका और एसडीजी निगरानी और रिपोर्टिंग में सीजीडी को एकीकृत करने की संभावना तलाशने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

## फिल्ममेकर ने महेश मांजरेकर को 'द वॉकिंग स्कूल ऑफ सिनेमा' बताया



**मुंबई** : मराठी फिल्म इंडस्ट्री के सफल और क्रिटिकली अक्लेम्ड फिल्ममेकर, तेजस प्रभा विजय देओस्कर ने हिंदी सिनेमा में अपनी पहली फिल्म 'छत्रीवाली' (2023) से एक शानदार शुरूआत की। यह फिल्म ऑडियंस और क्रीटिक्स दोनों को खूब पसंद आई। अब तेजस अपनी 2025 की पहली रिलीज 'देवमाणूस' के लिए तैयार हैं, जिसमें महेश मांजरेकर, रेणुका शहाणे और कुछ और शानदार कलाकार शामिल हैं। ऐसे में तेजस कहते हैं, महेश सर सिर्फ एक एक्टर ही नहीं, बल्की लेखक, निर्देशक और निमार्ता भी हैं। वे सिनेमा के बिजनेस और फिल्ममेकिंग के हर पहलू को समझते हैं। उनके साथ काम करना सीखने के लिए एक शानदार मौका रहा। इस दौरान फ्री टाइम में हमने सिनेमा और क्रिएटिव प्रोसेस पर गहरी चर्चा की। मैं उन्हें 'द वॉकिंग स्कूल ऑफ सिनेमा' कहता हूं।

# कैम्पा बना आईपीएल का 'को-पावर्ड स्पॉन्सर', जियोस्टार से मिलाया हाथ

- रिलायंस का नया एनर्जी ड्रिंक स्पिनर भी आईपीएल में दिखायी देगा




**बेंगलुरु** : रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) के ब्रांड कैम्पा ने जियोस्टार के साथ साझेदारी की है। आईपीएल 2025 में कैम्पा, टीवी और डिजिटल दोनों प्लेटफॉर्म के लिए 'को-पावर्ड स्पॉन्सर' होगा। बताते चलें कि देश में सबसे ज्यादा देखे जाना वाले स्पोर्ट्स इवेंट आईपीएल का प्रसारण जियोस्टार पर होगा। साझेदारी में स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क की क्षेत्रीय भाषाओं के प्रसारण को भी जोड़ा गया है। यह कैम्पा ब्रांड की पहुंच को बढ़ाने की गारंटी साबित होगा। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के सीओओ केतन मोदी ने कहा, 'आईपीएल के लिए जियोस्टार के साथ हमारी साझेदारी क्रिकेट के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है। टीवी और डिजिटल पर ह्यको-पावर्ड स्पॉन्सरशिप' हासिल करके, हम भारत के सबसे बड़े प्लेटफॉर्म पर अपनी उपस्थिति बढ़ा रहे हैं। इस सहयोग से कैम्पा की पहुंच बढ़ेगी। साथ ही यह लाखों क्रिकेट प्रशंसकों के साथ सीधे जुड़ने का एक अवसर भी देगा। जियोस्टार के बिजनेस हेड, स्पोर्ट्स रेवेन्यू, ईशान चटर्जी ने कहा, हम आईपीएल के लिए एक प्रमुख प्रायोजक के रूप में कैम्पा का स्वागत करते हुए उत्साहित हैं। यह साझेदारी देश के सबसे बड़े क्रिकेट आयोजन के दौरान हमारी साझा प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगी। जियोस्टार की बेजोड़ पहुंच और पेय पदार्थ के क्षेत्र में कैम्पा की मजबूत पकड़ के साथ, हम भारत में लाखों प्रशंसकों को एकसाथ जोड़ेंगे। पिछले दो वर्षों में बीसीसीआई और आईपीएल की कई टीमों के साथ भागीदार करके कैम्पा ने क्रिकेट इको सिस्टम में पहले ही अपनी पैठ बना ली है। इस नयी साझेदारी से यह और मजबूत होगी। टाटा आईपीएल 2025 सीजन में रास्किक ग्लूको एनर्जी और स्पोर्ट्स ड्रिंक स्पिनर की भी शुरूआत होगी, जिससे ब्रांड की प्रासंगिकता बढ़ेगी और उपभोक्ताओं के साथ सम्बन्ध और गहरे होंगे।

## पेज एक के शेष

**मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार आज होंगे सेवानिवृत्त, आयोग ने दी विदाई...**

के युवाओं के लिए उन्नत आवेदन सुविधा के साथ मतदाता पंजीकरण के लिए चार अर्हता तिथियों को क्रियान्वित करना शामिल रहा। मतदाता पंजीकरण के लिए सरलीकृत फॉर्म; असम में परिसीमन के साथ चुनावी सीमाओं को फिर से परिभाषित करना; मतदाता सुविधा केन्द्र पर मतदान कर्मियों द्वारा मतदान सुनिश्चित करना, ताकि किसी भी तरह की धमकी, देरी और गलत कामों से बचा जा सके। इन पहलों का उद्देश्य चुनाव प्रशासन को आधुनिक बनाते हुए प्रत्येक पात्र नागरिक को सशक्त बनाना था।

कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान 31 राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों में चुनाव कराये। इसके साथ ही 2022 के राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति चुनाव, 2024 के लोकसभा चुनाव और राज्यसभा में विभिन्न रिक्तियों को पूरा कराने से जुड़े चुनाव कराये। यह चुनावी प्रबंधन में एक दुर्लभ और यादगार उपलब्धि है। इस दौरान चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुए और लगभग शून्य पुनर्मतदान और हिंसा की घटनाएं हुईं।

**आजीवन सजा काट रहे 37 कैदियों की होगी रिहाई...**

जेल अधीक्षक एवं प्रोबेशन अधिकारियों द्वारा दिये गये मंतव्य की पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं अधिकारियों के बीच रिहाई हेतु प्रस्तावित सभी मामलों पर विचारोपरान्त कुल 37 कैदियों को रिहा किये जाने के निर्णय पर मुख्यमंत्री ने अपनी सहमति दी।

**रिहा हुए कैदियों को सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ें : मुख्यमंत्री...**

द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिहा हुए कैदियों का जीवन यापन सुचारु रूप से चले, इस निमित्त उनके लिए आय सृजन की व्यवस्था करें। रिहा हुए कैदियों को मुख्यधारा से जोड़ कर उन्हें सकारात्मक दिशा देना हम सभी की जिम्मेदारी है।

**अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सिल्कटेक-2025 के दौरान छह समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर...**

वस्त्र सचिव नीलम शमी राव ने रेशम उद्योग के विकास के लिए एकीकृत योजना रेशम समग्र के कार्यान्वयन से रेशम उत्पादन में आये उल्लेखनीय बदलाव को रेखांकित किया। उन्होंने उन्नत प्रौद्योगिकियों द्वारा रेशम के सह-उत्पादों के उपयोग को भी बढ़ावा देने की बात कही।

सम्मेलन में वस्त्र उद्योग के अलावा सौंदर्य प्रसाधन, फार्मा आदि क्षेत्रों में रेशम के इस्तेमाल और प्रचार-प्रसार पर ध्यान केंद्रित किया गया तथा कार्यक्रम में संयुक्त सचिव (फाइबर) प्राजक्ता एल. वर्मा, वस्त्र मंत्रालय में संयुक्त सचिव अजय गुप्ता और केन्द्रीय रेशम बोर्ड के सदस्य सचिव पी. शिवकुमार उपस्थित थे।

**पश्चिम बंगाल विधानसभा में हंगामा...**

भाजपा विधायकों ने राज्य के कई शिक्षण संस्थानों में सरस्वती पूजा पर रोक लगायी जाने का मुद्दा उठाया। भाजपा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से इस पर बयान देने की मांग की। विधानसभा में भाजपा की महिला विधायकों ने अग्निमित्रा पॉल के नेतृत्व में इस मुद्दे पर कार्यस्थगन प्रस्ताव रखा। विधानसभा अध्यक्ष विमान बनर्जी ने प्रस्ताव पढ़ने की अनुमति दी, लेकिन इस पर चर्चा से इनकार कर दिया।

इस फैसले से नाराज होकर विपक्ष के नेता शुभेन्दु अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने वेल में आकर विरोध शुरू कर दिया। इस दौरान भाजपा विधायक कागज फाड़ कर हवा में उड़ाने लगे और कथित रूप से विधानसभा अध्यक्ष की ओर कागज फेंक दिये। इसे सदन की गरिमा का उल्लंघन माना गया।

इस घटना के बाद सरकार के मुख्य सचेतक निर्मल घोष ने भाजपा विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। विधानसभा में विपक्षी विधायकों की अनुपस्थिति में प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित हो गया। इसके बाद अध्यक्ष ने विपक्ष के नेता शुभेन्दु अधिकारी, अग्निमित्रा पॉल, विश्वनाथ कारक और बंकिम घोष को 30 दिनों के लिए निलम्बित करने की घोषणा की। इसका मतलब है कि ये विधायक वर्तमान सत्र की अवधि तक विधानसभा की कार्यवाही में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। भाजपा विधायकों ने इस फैसले का विरोध किया और विधानसभा की लॉबी में बैठ कर प्रदर्शन किया। पार्टी का आरोप है कि तृणमूल सरकार विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है।

**मैरी कॉम, अवनि लेखरा और सुहास यथिराज ने 'परीक्षा पे चर्चा' के 7वें एपिसोड में भाग लिया...**

सामाजिक धारणाओं को चुनौती दी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सलाह का हवाला देते हुए कहा कि खुद को आगे बढ़ाने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने एक बेटी, पत्नी और मां के रूप में अपने 20 साल के सफर को साझा किया। उन्होंने कड़ी मेहनत के महत्त्व पर भी जोर दिया और कहा कि समर्पण और दृढ़ता ही सफलता के सच्चे चालक हैं।

सुहास यतिराज ने छात्रों को डर जैसी नकारात्मक भावनाओं पर काबू पाने के लिए मन की शक्ति का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने डर को सफलता के लिए एक बड़ी बाधा बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि डर पर काबू पाना स्वाभाविक रूप से प्रदर्शन करने और उत्कृष्टता प्राप्त करने का एकमात्र तरीका है। 'सूर्य की तरह चमकने के लिए, सूर्य की तरह जलने के लिए तैयार रहना चाहिए' कथन का हवाला देते हुए उन्होंने छात्रों से चुनौतियों को दृढ़ता और दृढ़ संकल्प के साथ स्वीकार करने का आग्रह किया। उन्होंने छात्रों को सकारात्मक ऊर्जा को प्रवाहित करने के लिए संगीत चिकित्सा से भी परिचित कराया।

अवनी लेखरा ने कौशल विकास के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि कैसे सही कौशल हासिल करने से आत्मविश्वास बढ़ता है और डर कम होता है। खेलों से समानताएं बताते हुए उन्होंने पढ़ाई में आराम और रिकवरी के महत्त्व पर जोर दिया और परीक्षाओं से पहले पर्याप्त नींद लेने की वकालत की ताकि बेहतरीन प्रदर्शन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए एक गतिविधि के माध्यम से छात्रों का मार्गदर्शन भी किया।

सत्र के दौरान छात्रों ने माता-पिता को करियर विकल्पों के बारे में समझाने, चुनौतियों का सामना करने का साहस विकसित करने और ध्यान केन्द्रित रखने जैसे विषयों पर सवाल पूछे। दुबई और कतर के छात्रों ने भी इसमें भाग लिया और मेहमानों से सवाल पूछे।

**'इंडियाज गॉट लैटेंट' से जुड़े कॉमेडियन्स को साइबर पुलिस ने अलग-अलग तारीखों पर किया तलब ...**

06 मार्च को साइबर पुलिस के ऑफिस में बुलाया गया है।

जसप्रीत सिंह और बलराज घई को 11 मार्च को पेश होने के आदेश दिये गये हैं।

कॉमेडियन रणवीर इलाहाबादी कॉमेडी शो इंडियाज गॉट लैटेंट में अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। वहां उन्होंने एक प्रतियोगी से उसके माता-पिता के बारे में अश्लील सवाल पूछा था। इसके बाद यह वीडियो वायरल हो गया। इस बात को लेकर लोग रणवीर से काफी नाराज थे। लोगों की नाराजगी को देखते हुए महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने 'इंडिया गॉट लैटेंट' शो के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि, भारी आलोचना के बाद रणवीर ने एक वीडियो पोस्ट कर माफी मांगी थी। उन्होंने कहा, 'मेरी टिप्पणी न केवल गलत थी, बल्कि यह बिलकुल हास्यास्पद भी थी। मैं यहां माफी मांगने आया हूं। मेरा निर्णय गलत था, ऐसा करना अच्छा नहीं था।'

उन्होंने कहा, 'पॉडकास्ट सभी उम्र के लोग देखते हैं। मैं ऐसा व्यक्ति नहीं बनना चाहता, जो इस जिम्मेदारी को बहुत हल्के में ले। इस पूरे अनुभव से मुझे यही सीख मिलेगी कि मैं इस मंच को और बेहतर तरीके से चलाऊंगा। मैं वादा करता हूं कि मैं एक बेहतर इंसान बनूंगा। मैंने वीडियो बनानेवालों से असंवेदनशील हिस्सों को हटाने को कहा है। अंत में मैं यही कहना चाहूंगा कि मैं दुखी हूं। मुझे उम्मीद है कि एक इंसान के तौर पर आप मुझे माफ कर देंगे, लेकिन इसके बाद भी इस मामले की गहन छानबीन साइबर पुलिस कर रही है।'

**राष्ट्रीय महिला आयोग ने दी नयी तारीख...**

के लिए कहा था, लेकिन सभी ने दूसरी तारीख देने का आग्रह किया था।

राष्ट्रीय महिला आयोग ने बताया कि कुछ व्यक्तियों ने उनकी अनुपस्थिति के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा, पूर्व विदेश यात्रा प्रतिबद्धताओं और अन्य तार्किक चुनौतियों के बारे में चिन्ता जाहिर की। आयोग ने इन कारणों पर गहनता से विचार किया और उनको समन का अनुपालन करने की अनुमति देने के लिए सुनवाई को पुनर्निर्धारित किया है।

इलाहाबादिया ने आयोग को सूचित किया है कि उन्हें जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं और इसलिए उन्होंने तीन सप्ताह बाद सुनवाई की नयी तारीख का अनुरोध किया है। आयोग ने उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और सुनवाई 06 मार्च के लिए पुनर्निर्धारित की है। अपूर्वा मुखीजा ने बताया कि उन्हें अपनी सुरक्षा का डर है और वे केवल वस्तुतः सुनवाई में शामिल हो सकती हैं। उनके वकील ने एक ईमेल में उल्लेख किया कि स्थिति सामान्य होने पर मुखीजा व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होंगी। आयोग ने उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और सुनवाई 06 मार्च के लिए पुनर्निर्धारित की है। समय रैना वर्तमान में एक पूर्व नियोजित दौरे के लिए अमेरिकी यात्रा पर हैं और उन्होंने आयोग को आश्वासन दिया है कि वह भारत लौटने पर सुनवाई के लिए पेश होंगे। आयोग ने उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और सुनवाई 11 मार्च के लिए पुनर्निर्धारित की है।

**सैम पित्रोदा के चीन के समर्थन में दिये गये बयान पर भाजपा का पलटवार...**

बंद करना होगा कि चीन पहले दिन से ही दुश्मन है। यह न केवल चीन के लिए, बल्कि सभी के लिए अनुचित है।'

**कांग्रेस ने चीन पर सैम पित्रोदा के बयान से किया किनारा...**

जनवरी 2025 को जारी किया गया था, लेकिन यह अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण है कि संसद को इस स्थिति पर चर्चा करने और इन चुनौतियों का प्रभावी समाधान निकालने के लिए सामूहिक संकल्प व्यक्त करने का अवसर नहीं दिया जा रहा है।'

